

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, मरते पक्षियों का शोकगीत व अन्य विषय पर सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

माघ कृष्ण पक्ष तृतीया 06:11 उपरांत चतुर्थी विक्रम संवत 2080

# अमृत विचार

वर्ष 3, अंक 345, पृष्ठ 16+4, मूल्य : 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार



आज का मौसम | 16.0° अधिकतम तापमान | 9.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में बादल छाए रहेंगे बारिश होने की संभावना है। | सूर्योदय 06 : 55 सूर्यास्त 05 : 48

हल्द्वानी, रविवार, 28 जनवरी 2024


इमरजेंसी में इंदिरा गांधी की भूमिका में कंगना...15






## वर्मा आयोग ने सौंपी रिपोर्ट

**देहरादून।** उत्तराखंड के नगर निकायों में ओबीसी आरक्षण तय करने के लिए गठित जस्टिस बीएस वर्मा की अध्यक्षता में गठित आयोग ने अपनी रिपोर्ट मुख्यमंत्री धामी को सौंप दी है, जिसमें ओबीसी आरक्षण संबंधी अपने सुझाव सरकार को दिए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों के क्रम में अखिल भारत स्तर पर ओबीसी को नगर निकायों में आरक्षण तय करने के लिए कहा गया था।

# ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीत बोपन्ना ने रचा इतिहास

- बोपन्ना-इबडेन ने जीता पहला पुरुष युगल ग्रैंडस्लैम खिताब
- ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने वाले तीसरे भारतीय खिलाड़ी बने रोहन

**43** वर्ष की उम्र में ग्रैंडस्लैम चैंपियन बनने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी का रिकॉर्ड भी रोहन के नाम



**मेलबर्न।** रोहन बोपन्ना ने शनिवार को मैथ्यू इबडेन के साथ मिलकर सिमोन बोलेली और आंद्रिया वावासोरी की जोड़ी पर शानदार जीत से आस्ट्रेलियाई ओपन पुरुष युगल खिताब अपने नाम किया। इससे वह ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने की उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरे भारतीय खिलाड़ी बन गए। दूसरी वरीय बोपन्ना-इबडेन की जोड़ी ने 1 घंटा 39 मिनट तक चले फाइनल में इटली की जोड़ी पर 7-6(0) 7-5 से जीत दर्ज की। लिएंडर पेस और महेश भूपति ही पुरुष टेनिस में मेजर खिताब जीत पाए हैं जबकि सानिया मिर्जा ने महिला टेनिस में यह उपलब्धि हासिल की है। बोपन्ना का यह दूसरा ग्रैंडस्लैम खिताब है।

# आत्मनिर्भर भारत के लिए लें संकल्पः राज्यपाल

संवाददाता, देहरादून

- गणतंत्र दिवस पर सूचना विभाग की झांकी रही प्रथम
- 9 विभागों ने प्रदर्शित कीं झांकियां सीआरपीएफ परेड में पहले स्थान पर

**अमृत विचारः** गणतंत्र दिवस पर राज्यपाल गुरमीत सिंह ने परेड ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली। इस अवसर पर उन्होंने संबोधन दिया कि हमने गणतंत्र के 75वें वर्ष में प्रवेश कर लिया है।

यह अमृत महोत्सव के साथ-साथ अमृतकाल का भी दिन है जो हमें प्रेरित करता है कि हम किस प्रकार विकसित और सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र के साथ आत्मनिर्भर भारत के लिए संकल्प लें। समारोह में सीआरपीएफ की टुकड़ी परेड में पहले स्थान पर रही जबकि विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों, योजनाओं तथा नीतियों पर आधारित 9 विभागों द्वारा प्रदर्शित झांकियों में सूचना विभाग की झांकी को प्रथम स्थान मिला। राज्यपाल, मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव से महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी व संयुक्त निदेशक/नोडल अधिकारी के.एस.चौहान ने यह सम्मान प्राप्त किया।

वहीं, विधानसभा अध्यक्ष ऋतु भूषण खण्डूड़ी ने विधानसभा में, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सीएम आवास और भाजपा प्रदेश मुख्यालय में जबकि मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने सचिवालय में राष्ट्रीय ध्वज फहराया।



डीजी सूचना बंशीधर तिवारी व संयुक्त निदेशक केएस चौहान को सम्मानित करते राज्यपाल गुरमीत सिंह एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

# नीतीश कुमार का गठबंधन से मोहभंग देंगे इस्तीफा, नई सरकार बनाने का दावा

## शाम 4 बजे ले सकते हैं नई शपथ, जदयू नेता केसी त्यागी ने भी दिए संकेत

पटना, एजेंसी

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रविवार सुबह तक पद से इस्तीफा दे सकते हैं। मुख्यमंत्री के एक करीबी सूत्र ने शनिवार को यह जानकारी दी। नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर सूत्र ने जोर देकर कहा, 'वैसे यह (इस्तीफा) निश्चित रूप से रविवार सुबह तक होगा।

यह भी कहा कि इस्तीफा देने से पहले जनता दल (यूनाइटेड) के अध्यक्ष नीतीश कुमार विधायक दल की एक पारंपरिक बैठक करेंगे। सूत्रों के मुताबिक, नीतीश रविवार सुबह 10 बजे राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंपेंगे। साथ ही नई सरकार बनाने का दावा भी पेश करेंगे। जेडीयू कोर कमेटी की बैठक में यह फैसला लिया गया। राज्यपाल से रविवार को ही नए मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ दिलाने को भी कहेंगे। पार्टी सूत्रों का दावा है कि नीतीश 2 उपमुख्यमंत्री के साथ शपथ लेंगे।

इस बीच जेडीयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता और महासचिव केसी त्यागी ने कहा कि गाड़ी राइट (भाजपा) की तरफ मुड़ रही है। एक सवाल के जवाब में त्यागी शायराना अंदाज में कहते हैं कि मेरी फितरत तो देखिए, मेरा सलीका तो देखिए। जब उलझ जाती है गुत्थी तो सुलझाने में लग जाता हूं मैं। सूत्र ने कहा कि भाजपा के समर्थन से एक नई सरकार बनने की संभावना के बीच सचिवालय जैसे सरकारी कार्यालयों को रविवार को खुला रखने के लिए कहा गया है।

इस बीच भाजपा की प्रदेश इकाई के नेताओं ने पार्टी की एक बैठक के दौरान जेडीयू के 'महागठबंधन' से बाहर निकलने की स्थिति में नीतीश का समर्थन करने की औपचारिक घोषणा नहीं की। भाजपा के सूत्रों ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व से निर्देश प्राप्त हुए हैं कि नीतीश के इस्तीफा देने तक कोई भी औपचारिक घोषणा नहीं की जाए।



### बिहार विधानसभा की स्थिति

- जदयू-45
- राजद-79
- बीजेपी-78
- कांग्रेस-19
- हम-04
- अन्य-18
- विधानसभा में कुल सीटें-243

### कांग्रेस बोली- खरगे ने नीतीश को फोन किया मगर बात नहीं हो पाई

**नई दिल्ली।** बिहार में राजनीतिक उठापटक के कारण ''इंडिया'' गठबंधन में हो सकने वाली टूट को रोकने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने नीतीश कुमार से कई बार बातचीत की कोशिश की है। कांग्रेस के संचार मामलों के महासचिव जयराम रमेश ने शनिवार को एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। रमेश ने कहा कि मैं औपचारिक तौर पर आपसे यह भी कह सकता हूं कि खरगे जी ने बिहार के मुख्यमंत्री से बात करने के लिए प्रयास किया है। दो-तीन बार प्रयास किया है। जयराम ने तंज के लहजे में नीतीश के बारे में कहा, 'बिहार के मुख्यमंत्री व्यस्त हैं।

### भाजपा रख रही कड़ी नजर

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बिहार में मचे सियासी घमासान के बीच कहा कि न तो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और न ही लालू प्रसाद यादव ने अभी तक कहा कि वे महागठबंधन से बाहर जा रहे हैं। इसलिए उनकी पार्टी प्रदेश के बदलते राजनीतिक परिदृश्य पर कड़ी नजर रख रही है।

## बदायूं में दातागंज क्षेत्र के सैजनी में मुख्यमंत्री ने किया बायोगैस प्लांट का लोकार्पण

# दंगा नहीं, अब उत्सव प्रदेश बना यूपी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि साल 2014 से पहले बदायूं जनपद में आने से लोग डरते थे। असुरक्षित वातावरण था, लेकिन आज बदलाव सभी को दिख रहा है। भाजपा सरकार में प्रदेश में कहीं भी दंगा नहीं हुआ है। आज उत्तर प्रदेश दंगा नहीं, बल्कि उत्सव प्रदेश बन गया है।

मुख्यमंत्री शनिवार को बदायूं की विधानसभा दातागंज क्षेत्र के गांव सैजनी में हिंदुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के कम्प्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) संयंत्र का लोकार्पण करने के मौके पर जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्लांट विकास की नई शुरूआत है। जो अन्नदाता की आमदनी बढ़ाएगा। युवाओं को रोजगार देगा।



लोकार्पण के मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी, आंवला सांसद धर्मेंद्र कश्यप, मंत्री गुलाबो देवी, भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता, दातागंज विधायक राजीव सिंह, बदायूं सांसद डॉ. संघमित्रा मौर्य, एमएलसी वागीश पाठक, सिनोद शाक्य।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह नए भारत का यूपी है। छह साल पहले बदायूं और आसपास के जिलों में सुरक्षा में खिलवाड़ जैसा था। बेटी, बहन के सामने सुरक्षा का संकट था। वह स्कूल नहीं जा पाती थीं। हर दूसरे-तीसरे दिन दंगे होते थे। आज न तो प्रदेश में गुंडागर्दी है और न ही कहीं दंगे होते हैं। जो प्रदेश पहले दंगा प्रदेश था, वह उत्सव प्रदेश बन गया है। अब कहीं रामोत्सव हो रहा है तो कहीं कृष्णोत्सव हो रहा है। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की प्रगति देश में सबसे तेजी से हो रही है। वहीं, मुख्यमंत्री ने विधानसभा दातागंज क्षेत्र के गांव सैजनी में 36374.08 लाख की 20 परियोजनाओं का शिलान्यास और 6055.23 लाख की 24 परियोजनाओं का लोकार्पण किया। सांसद धर्मेंद्र कश्यप आदि मौजूद रहे।

# विस सत्र 5 से, यूसीसी कानून हो सकता है लागू

संवाददाता, देहरादून

- विधानसभा सचिवालय ने जारी की अधिसूचना, 5 सदस्यों की समिति ने पूरा कर लिया है ड्राफ्ट

**अमृत विचारः** उत्तराखंड विधानसभा का सत्र आगामी 5 फरवरी को सुबह 11 बजे से आरंभ होगा, जिसकी विधानसभा सचिवालय ने अधिसूचना जारी की दी है।

विधानसभा के सचिव हेम चंद्र पंत ने बताया कि राज्यपाल ने उत्तराखंड की पंचम विधानसभा को वर्ष 2023 के द्वितीय सत्र के लिए 5 सितंबर 2023 को आहूत किया था, जो 8 सितंबर 2023 को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हुआ था। इसी क्रम में उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु भूषण खंडूड़ी ने 5 फरवरी 2024 को सुबह 11 बजे से सत्र पुनः आहूत किया है। वहीं, सूत्रों के अनुसार, सरकार का सत्र का एजेंडा क्या है, इस बारे में अभी पुख्ता जानकारी नहीं मिल पाई है लेकिन माना जा रहा है कि सरकार इस विधानसभा सत्र में कैबिनेट में पास किए गए प्रस्तावों के साथ ही यूसीसी का कानून लाने के लिए समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की ड्राफ्ट रिपोर्ट भी पेश कर सकती है। वैसे भी, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पिछले दिनों कह ही चुके हैं कि यूसीसी के लिए बनाई गई 5 सदस्यों की समिति ने ड्राफ्ट पूरा कर लिया है। ड्राफ्ट मिलते ही जल्दी विधानसभा का सत्र बुलाकर नागरिक संहिता का कानून उत्तराखंड में लागू कर दिया जाएगा।

### खरगे आज दून से करेंगे लोकसभा चुनाव का शंखनाद

**देहरादून, अमृत विचार :** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे आज देहरादून से लोकसभा चुनाव का शंखनाद करेंगे। शनिवार को कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन महारा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने प्रेस वार्ता कर बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे बन्नू स्कूल ग्राउंड रेस कोर्स में विराट कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष महारा ने कहा कि लोकसभा चुनाव के शंखनाद के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने चार धामों की भूमि उत्तराखंड को चुना है। खरगे की आवाज हर वंचित, शोषित, गरीब और मजलूम की आवाज है। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने भाजपा पर कई मुद्दों को लेकर निशाना साधा। वहीं, शनिवार रात कांग्रेस ने आरोप लगाया कि जिला पुलिस-प्रशासन ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के देहरादून आगमन पर पुलिस लाइन मैदान पर उनका हेलीकॉप्टर उतरने की अनुमति नहीं दी है।



### नौकरी के बदले जमीन का मामला

# राबड़ी देवी, बेटी मीसा दिल्ली की कोर्ट में तलब

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली की एक अदालत ने 'नौकरी के बदले जमीन' घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में शनिवार को बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और उनकी बेटी मीसा भारती तथा हेमा यादव सहित अन्य को तलब किया। अदालत ने रेलवे में 'नौकरी के बदले जमीन' से जुड़े धनशोधन मामले में उनके खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के आरोप पत्र पर संज्ञान लेने के बाद इन्हें तलब किया है। विशेष न्यायाधीश विशाल ने आरोपियों को नौ फरवरी को अदालत में पेश होने का निर्देश देते हुए कहा कि मामले में आगे बढ़ने के लिए पर्याप्त आधार हैं। न्यायाधीश ने व्यवसायी अमित कात्याल के खिलाफ भी पेशी वारंट जारी किया, जो फिलहाल मामले में न्यायिक हिरासत में हैं। राजद प्रमुख लालू प्रसाद के परिवार के एक कथित करीबी सहयोगी कात्याल (49), रेलवे कर्मचारी एवं कथित लाभार्थी हृदयानंद चौधरी, दो फर्म 'ए के इंफोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड' और 'ए बी एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड' को उनके साझा निदेशक शारिकुल बारी के माध्यम से भी आरोप पत्र में नामजद किया गया है।



इस मामले में कात्याल को पिछले साल नवंबर में ईडी ने गिरफ्तार किया था और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद को एजेंसी ने तलब किया था, लेकिन वह अब तक पेश नहीं हुए हैं। राजद प्रमुख के बेटे एवं बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव एक बार एजेंसी के सामने पेश हो चुके हैं। उन्हें दोबारा पेश होने को कहा गया है। ऐसी संभावना है कि एजेंसी मामले में पूरक आरोपपत्र दाखिल करेगी। यह कथित घोटाला उस समय का है जब लालू संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के पहले कार्यकाल में रेल मंत्री थे।

# आयुध कारखाने में विस्फोट कर्मचारी की मौत, जांच शुरू

भंडारा (महाराष्ट्र), एजेंसी

महाराष्ट्र के भंडारा जिले में स्थित आयुध निर्माणी परिसर में शनिवार सुबह हुए एक विस्फोट में एक कर्मचारी की मौत हो गई। अधिकारियों ने दुर्घटना के कारण का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है। यह घटना भंडारा शहर के बाहरी इलाके जवाहरनगर में कारखाना स्थल पर हुई। पीड़ित की पहचान 52 वर्षीय अविनाश मेश्राम के रूप में हुई। जब विस्फोट हुआ तब वह ड्यूटी पर था। पीड़ित को तुरंत कारखाने से अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

अधिकारियों ने बताया कि कारखाने के अधिकारियों ने विस्फोट के कारणों की जांच के लिए तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन करके तत्परता दिखाई है क्योंकि घटना की परिस्थितियां स्पष्ट नहीं हैं। कारखाने के प्रवक्ता के अनुसार, विस्फोट की आवाज सुनकर आसपास के कर्मचारियों ने घटनास्थल पर पहुंचने पर देखा कि मेश्राम बेसुध पड़ा हुआ है। मृत कर्मचारी के परिवार को मुआवजा और पेंशन देने के लिए आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। भंडारा जिले के पुलिस अधीक्षक लोहित मतानी ने कहा कि जब मेश्राम विस्फोट करने के लिए इस्तेमाल होने वाले कुछ तार बना रहा था, तभी फैक्टरी परिसर में स्थित भवन में यह दुर्घटना हुई।

# केरल के राज्यपाल को मिली जेड प्लस सुरक्षा

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान की सुरक्षा बढ़ाकर 'जेड प्लस' श्रेणी की कर दी है। राजभवन ने शनिवार को यहां यह जानकारी दी। उनके कार्यालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि सीआरपीएफ कर्मियों वाली 'जेड प्लस' सुरक्षा खान और राजभवन को दी गई है।

पोस्ट में कहा गया है कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केरल राजभवन को सूचित किया है कि राज्यपाल और राजभवन की सुरक्षा बढ़ाकर 'जेड प्लस' श्रेणी की कर दी गई है। केरल के कोल्लम जिले में उस घटनाक्रम के बाद यह कदम उठाया गया है जिसमें राज्यपाल खान केरल में कोल्लम जिले के निलमेल में शनिवार को उनके खिलाफ 'स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया' के कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन करने पर अपने वाहन से बाहर निकले और प्रदर्शनकारियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सड़क किनारे एक दुकान के सामने बैठ गए। खान ने मुख्यमंत्री पर राज्य में अराजकता को बढ़ावा देने का आरोप लगाया।

# गणतंत्र दिवस पर हर्ष फायरिंग, निदेशक घायल

संवाददाता, देहरादून

- डोइवाला चीनी मिल में झंडारोहण के दौरान हुई घटना

**अमृत विचारः** गणतंत्र दिवस पर डोईवाला शुगर मिल में झंडारोहण के दौरान गार्ड ने हर्ष फायरिंग कर दी। समारोह में गार्ड के ठीक सामने खड़े शुगर मिल के अधिशासी निदेशक पेट में छर्रे लगने से घायल हो गए। निदेशक को अस्पताल में भर्ती कराया गया जबकि आरोपी गार्ड के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया गया है।

पुलिस के अनुसार, 26 जनवरी को सोशल मीडिया पर डोईवाला शुगर मिल में झंडारोहण के दौरान एक सुरक्षाकर्मी द्वारा लापरवाही से बंदूक द्वारा फायर होने का वीडियो वायरल हो गया। वीडियो के अनुसार, झंडारोहण के समय मिल के सुरक्षा गार्ड (पीआरडी जवान) सुभाष वर्मा ने अचानक हर्ष फायरिंग की। गार्ड की बन्दूक से चली गोली जमीन पर लगकर उसके छर्रे मिल के अधिशासी निदेशक के पेट में जा लगे जिससे वह घायल हो गए।

इस दौरान वहां स्कूली बच्चे, मिल स्टाफ तथा काफी संख्या में लोग मौजूद थे, जिससे घटना और भी ज्यादा गंभीर हो सकती थी। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि बंदूक को लोड करते समय पीआरडी जवान की लापरवाही से यह घटना हुई। इस मामले में कार्यवाही की जा रही है।



झंडारोहण के दौरान शामिल गार्ड। ● अमृत विचार

### आतंक वित्तपोषण मामला

# हिजबुल आतंकियों के खिलाफ ईडी ने दाखिल की चार्जशीट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कश्मीर में आतंक के वित्तपोषण से जुड़े धन शोधन मामले में आरोप पत्र दाखिल किया है और इसमें हिजबुल मुजाहिदीन के कुछ आतंकवादियों का नाम शामिल है। संघीय एजेंसी ने शनिवार को यह जानकारी दी। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि आरोपपत्र 25 जनवरी को श्रीनगर में एक विशेष धन शोधन निवारण अधिनियम अदालत के समक्ष दायर किया गया था। इसमें नामित आरोपियों में मुदस्सिर अहमद शेख, मुश्ताक अहमद काम्बे और मोहम्मद इकबाल खान शामिल हैं।

# धीमा जहर देने के शक में मां की हत्या

संवाददाता, देहरादून

### सनसनीखेज

- हत्यारोपी बेटे को है अल्सर इंटरनेट से मिला अधूरा ज्ञान बना कारण

**अमृत विचारः** बेटे को अल्सर की बीमारी है। उसने इस बीमारी का कारण इंटरनेट पर सर्च किया तो जानकारी मिली कि यह बीमारी स्लो प्वाइजन देने से होती है। इंटरनेट से मिले आधे अधूरे ज्ञान का यह सनसनीखेज अंजाम हुआ कि शुक्रवार देर रात बेटे ने इस बात पर हुई बहस के बाद मां की गला दबाकर हत्या कर दी।

थानाध्यक्ष प्रेम नगर के अनुसार, शनिवार सुबह करीब 6:25 बजे सूचना मिली कि स्पेशल विंग प्रेम नगर निवासी माधो सिंह पुत्र दिलीप सिंह मूल निवासी ग्राम कलाल, चम्पावत के छोटे पुत्र अजय ने अपनी माता चंद्रा देवी (52) की गला घोटकर हत्या कर दी है। पुलिस के मौका मुआयना के दौरान चंद्रा देवी का शव घर के अन्दर पड़ा मिला। मौके से गिरफ्तार किए गए हत्यारोपी अजय (24) ने पूछताछ में बताया कि उसे अल्सरेटिव कोलाइटिस (अल्सर) की बीमारी है, जिसके बारे में उसके द्वारा इंटरनेट पर सर्च किया तो उसे जानकारी मिली कि यह बीमारी स्लो प्वाइजन देने से होती है। जिस पर उसे शक हुआ कि उसकी मां उसे खाने में स्लो प्वाइजन दे रही है, इसी बात को लेकर बीती शुक्रवार रात 10-11 बजे के बीच उसकी अपनी मां से बहस हुई तथा बहस के दौरान ही उसने गुस्से में आकर अपनी मां का गला दबाकर उनकी हत्या कर दी।

### एमएससी पास है अजय

थानाध्यक्ष ने बताया कि चंद्रा के पति माधो सिंह आईएमए में तैनात हैं जो घटना वाली रात ड्यूटी पर थे। माधो सिंह का बड़ा पुत्र मोहित बिष्ट भी आर्मी में है जो बड़ोदरा, गुजरात में तैनात है। हत्यारोपी अजय ने एमएससी की है तथा वर्तमान में वह बैंकिंग की तैयारी कर रहा था। वह मानसिक रूप से कुंठित भी हो गया था। पिता की तहरीर पर आरोपी बेटे के खिलाफ हत्या की धारा में अभियोग दर्ज कराया गया है।

## सार-संक्षेप



द्रोण पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम पेश करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

### द्रोण पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस मनाया गया

**हल्द्वानी :** द्रोण पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस उत्साह से मनाया गया। स्कूल प्रबंधक तरुण मठपाल ने तिरंगा फहराया और संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला। बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में वर्तिका, महक तथा सादिया ने ग्रुप सांग की प्रस्तुति दी। वहीं कक्षा आठ के कशिश, नैन्सी, अनन्या, जैनुल्ला ने गणतंत्र दिवस पर अपने विचार रखे। अंत में मिष्ठान वितरित कर कार्यक्रम का समापन हुआ। संचालन काजल मेहरा ने किया।



विजडम स्कूल में गणतंत्र दिवस पर मौजूद छात्राएं एवं शिक्षक। ● अमृत विचार

### विजडम स्कूल में कार्यक्रम पेश किए

**हल्द्वानी :** विजडम स्कूल रामपुर रोड में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। प्रात: बच्चों ने प्रभातफेरी निकाली। इसके बाद स्कूल में देश प्रेम पर आधारित नाटक, नृत्य और गीतों की प्रस्तुति दी। प्रबंध निदेशक राजेंद्र सिंह पोखरिया, विशिष्ट अतिथि ईयम राजेश व ऋतु राजेश ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर मनीषा कुंजवाल, बबीता फर्सवाण, अरुण सिंह, अमित राणा, कमलेश तिवारी मौजूद रहे।



एवरग्रीन स्कूल में कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र-छात्राएं।

### एवरग्रीन स्कूल में कैडेट्स ने की परेड

**हल्दूचौड़ :** एवरग्रीन सीनियर सेकेंडरी स्कूल तुलारामपुर में 75वें गणतंत्र दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ एनसीसी कैडेट्स की परेड द्वारा किया गया। विद्यालय के चेयरमैन एलडी पाठक व प्रधानाचार्य मोहन सिंह परवाल ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान प्रबंधक गौरव पाठक, निर्देशक सौरभ पाठक, उप प्रधानाचार्य राजेंद्र कुमार पाठक आदि उपस्थित रहे।


दमुवाढुंगा में गणतंत्र दिवस मनाते बुजुर्ग।

### बुजुर्गों ने मनाया गणतंत्र दिवस

**हल्द्वानी :** दमुवाढुंगा स्थित आश्रय सेवा समिति वृद्धाश्रम परिवार में 75वें गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया गया। समिति के संस्थापक प्रकाश चंद्र डिमरी ने वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों के साथ मिलकर ध्वजारोहण, राष्ट्रगान व भारत माता की जय के नारे लगाए। इस दौरान बुजुर्गों का उत्साह देश प्रेम के प्रति देखने को मिला। इस अवसर पर राम चन्द्र डिमरी, यतेन्द्र बिष्ट, गिरिश कुमार, अंकित, मालती, रेखा, प्रेमा, जानकी, चमन, प्रतीक आदि मौजूद रहे।


लालकुआं में संविधान पाठ करते इंडिया गठबंधन के लोग।



दीक्षांत इंटरनेशनल स्कूल में कार्यक्रम पेश करते बच्चे।



सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कार्यक्रम पेश करती छात्राएं।


आर्डन प्रोग्रेसिव स्कूल में रंगारंग कार्यक्रम पेश करते बच्चे।

# देशभक्ति के गीतों से गूंजे स्कूल, कार्यक्रमों से बांधा समां

## 75वें गणतंत्र दिवस पर हल्द्वानी में हुए कई कार्यक्रम, प्रभात फेरियां निकाली गईं, देश की उपलब्धियों पर भी डाला गया प्रकाश

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** 75वें गणतंत्र दिवस के मौके पर जनपद नैनीताल के सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों के अलावा विभिन्न जगहों पर आन-बान-शान के साथ तिरंगा फहराया गया। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक हर ओर देशभक्ति गीत गुंजायमान रहे। अलग-अलग क्षेत्रों में तड़के जयकारों के साथ प्रभातफेरियां निकाली गई। वहीं स्कूलों में अनेक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।


प्रभातफेरी निकालते शिवालिक इंटरनेशनल स्कूल के बच्चे। ● अमृत विचार

गणतंत्र दिवस पर एसडीएम कोर्ट परिसर एसडीएम पारितोष वर्मा, तहसील परिसर में तहसीलदार सचिन कुमार, पुलिस बहुउद्देशीय भवन में एसपी सिटी हरबंस सिंह व कोतवाली परिसर में कोतवाल उमेश मलिक, मिनी स्टेडियम में जिला क्रीड़ा अधिकारी जानकी कार्की ने ध्वजारोहण किया। इसके अलावा ऊर्जा निगम कार्यालय में अधिशासी अभियंता प्रदीप कुमार, लोक निर्माण विभाग कार्यालय में अधिशासी अभियंता अशोक कुमार ने ध्वजारोहण किया।

राजकीय मेडिकल कॉलेज में प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने ध्वजारोहण किया और एसटीएच की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर कैंसर अनुसंधान के निदेशक डॉ. केसी पांडे, एमएस डॉ. जीएस तितियाल, वित्त नियंत्रक सूर्य प्रताप सिंह समेत मेडिकल कॉलेज, एसटीएच, नर्सिंग कॉलेज, पैरामेडिकल कॉलेज के संकाय सदस्य, डॉक्टर, नर्सिंग स्टॉफ, अधिकारी-कर्मचारी व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

आर्डन प्रोग्रेसिव स्कूल लामाचौड़ में गणतंत्र दिवसध धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर सुनील उपाध्याय ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। इसके बाद देश के बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

स्वस्त्ययन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अनेक रंगारंग कार्यक्रम हुए। इस दौरान निदेशिका रजनी कांता बिष्ट, मुख्य अतिथि चंद्रावती जोशी, उप प्रधानाचार्य दीपशिखा पंत, वसुधा सनवल, सुदर्शन उपाध्याय मौजूद रहे।

महादेव कॉलेज ऑफ फार्मेसी गौलापार में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि भगवती बर्शीलिया व विशिष्ट अतिथि गंगा बृजवासी ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर विभागाध्यक्ष डॉ. योगेश बड़शीलिया, डॉ. सियाराम साहू, सुरुचि चौहान, अमित सिंह, शिवाकांत, रितिका, सरिता, वितेंद्र मेहरा, रिया, गणेश, लक्ष्मण, हिमानी, महेश चंद्र भट्ट, हिमानी आदि मौजूद रहे।

सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गणतंत्र दिवस पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए।

प्रधानाचार्य प्रवीन्द्र कुमार रौतेला ने तिरंगा फहराया। एनसीसी कैडेट्स व एनएसएस स्वयंसेवक छात्र व शिक्षओं ने राष्ट्रीय गान व देशभक्ति का गीत गाया।

दीक्षांत इंटरनेशनल स्कूल में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। निदेशक समित टिक्कू, एकेडमिक डायरेक्टर स्मृति टिक्कू, प्रधानाचार्या प्रभलीन सलुजा वर्मा ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं हुई, जिसमें विजेता बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

क्वींस पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस मनाया गया। प्रबंधक आरपी सिंह, प्रबंधिका लिल्ली सिंह, प्रशासनिक अधिकारी विक्रम सिंह कार्की, स्नेहा कार्की, प्रधानाचार्य डॉ. बीबी पांडे ने ध्वजारोहण किया। अंत में मिष्ठान वितरण किया गया। संचालन छात्रा मानसी शर्मा व भूमिका आर्या ने किया।

शिवालिक इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने गणतंत्र दिवस पर सुबह प्रभातफेरी निकाली। इसके बाद स्कूल चेयरमैन रमेश शर्मा, प्रबंध निदेशक अनिल जोशी, निदेशक सुनील जोशी, प्रधानाचार्य पीएस अधिकारी ने झंडा रोहण किया। छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इस मौके पर स्कूल के समस्त शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

आनंदा एकेडमी में बच्चों ने देशभक्ति पर आधारित रंगारंग कार्यक्रम पेश किए। प्रबंधक भूपेंद्र सिंह बिष्ट, प्रधानाचार्या माया बिष्ट ने ध्वजारोहण किया। मुख्य अतिथि फ्लाइंग ऑफिसर पंकज जोशी के पिता जगदीश चंद्र जोशी व माता पुष्प जोशी ने शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम तीन छात्रों को छात्रवृत्ति देने और भविष्य में गरीब बच्चों के लिए अन्य छात्रवृत्ति योजनाएं लागू करने की घोषणा की।

महिला डिग्री कॉलेज में प्राचार्य प्रो. शशि पुरोहित ने ध्वजारोहण किया। इससे पूर्व एनसीसी, एनएसएस एवं नमामि गंगे सहित अन्य छात्राओं ने तिरंगा रैली निकाली, प्राध्यापक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी वर्ग भी शामिल रहा। डॉ. ललिता जोशी ने निदेशक उच्च शिक्षा उत्तराखंड के संदेश का वाचन किया।

सामाजिक कार्यकर्ता आनंद सिंह ठठोला ने गणतंत्र दिवस पर हरगोविंद सुयाल सरस्वती मंदिर इंटर कॉलेज में 22 मेधावी छात्राओं को गर्म स्वेटर वितरित किए। स्कूल प्रबंधक समिति ने ठठोला का आभार जताया।

एसकेएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रबंधक यूसी जोशी ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस मौके पर प्रधानाचार्या मोनिका शर्मा, पुष्पा जोशी, ऋषभ जोशी, भामिनी जोशी मौजूद रहे।

नैब संस्थान गौलापार में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। सीआरपीएफ के डीआईजी शंकर दत्त पांडे ने सपत्नीक झंडारोहण कर बच्चों में मिष्ठान वितरण किया। इस मौके पर नैब अध्यक्षा सविता लाहोटी, कोषाध्यक्ष पीएस पपोला, हरीश पांडे, शोभा जोशी, ज्योति मेहता, दीपा जोशी, प्रेमा कार्की, राधा चौहान आदि मौजूद रहे।

- फिटनेस ग्रुप ने गोकुलधाम पार्क आवास विकास में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर रमा पाठक, कविता सोलंकी, सुनीता यादव, उपासना सक्सेना, गीता, शीतल, रेनू, निशा मौजूदरहीं।

- पूर्व सैनिक लीग के गौरव सेनानियों ने सैनिक मिलन केंद्र में गणतंत्र दिवस मनाया। मुख्य अतिथि मेजर जनरल इंद्रजीत सिंह बोरा ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद सभी ने दो मिनट का मौन रखकर वीर शहीदों को याद किया। इस मौके पर लीग अध्यक्ष मेजर बीएस रौतेला, कर्नल आरएस राना, सुरेंद्र रावत, दिगंबर सिंह, जीएस बिष्ट, ज्ञान चंद, केएस मेहरा, सोबन सिंह भड समेत कई पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

वंदे मातरम् ग्रुप ने गणतंत्र दिवस पर एसटीएच में रक्तदान शिविर लगाया। जिसमें 60 लोगों ने रक्तदान किया। इस दौरान डॉ. बीना थुवाल, ग्रुप अध्यक्ष शैलेंद्र दानू, अभिनव, महेंद्र बिष्ट, सुनील, गौरव, नरेंद्र मौजूद रहे।

नैनीताल डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक लिमिटेड में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। पूर्व बैंक अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र सिंह नेगी ध्वजारोहण किया। इस मौके पर महाप्रबंधक संदीप कुमार, पीसी दुम्का आदि मौजूद रहे।


स्वस्त्ययन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।


क्वींस पब्लिक स्कूल में ध्वजारोहण करते प्रबंधक व अन्य। ● अमृत विचार


आनंदा एकेडमी में कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं। ● अमृत विचार


आवास विकास स्थित गोकुलधाम पार्क में गणतंत्र दिवस मनाती महिलाएं।



महादेव कॉलेज ऑफ फार्मेसी में झंडारोहण के दौरान मौजूद अतिथि व विभागाध्यक्ष।

### लालकुआं में संविधान का पाठ करके शपथ ली गई

**लालकुआं।** तहसील परिसर लालकुआं में गणतंत्र दिवस पर तहसीलदार मनीषा बिष्ट ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर तिरंगे को सलामी दी। इसके साथ ही राजकीय इंटर कॉलेज लालकुआं में प्रधानाचार्य, नगर कांग्रेस कमेटी कार्यालय में पूर्व कैबिनेट मंत्री हरीश चंद्र दुर्गापाल, नगर पंचायत कार्यालय सहित नैनीताल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लालकुआं में सामान्य प्रबंधक निर्भय प्रताप सिंह ने तिरंगा ध्वज फहराया। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बाद मिष्ठान वितरण किया गया। इधर बिंदुखत्ता में आदर्श इंटर कॉलेज संजयनगर, दानू इंटर कॉलेज इंदिरा नगर, जनता हाईस्कूल काररोड, प्रतिभा बाल विद्यालय काररोड में अध्यक्षों द्वारा ध्वजारोहण किया। प्रतिभा बाल विद्यालय काररोड में संविधान पाठ पढ़कर शपथ ली गई। कार्यक्रम में हेमवती नंदन दुर्गापाल, पुष्कर दानू, भुवन जोशी, विमल रौथाण, रमेश कुमार, लक्ष्मण धपोला, इंद्र सिंह पनेरी मौजूद रहे।

### पेस स्कूल मोटाहल्दू में भी हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**हल्दूचौड़ :** पेस पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस पर प्रबंधक सीपी दुर्गापाल व प्रधानाचार्य सतीश चंद्र दुर्गापाल ने झंडा रोहण किया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मंच संचालन आदित्य जोशी, अंकित भट्ट व अध्यापिका हेमलता भंडारी ने किया।


आवश्यकता है
अमृत विचार डिजिटल को
लखनऊ व बरेली ऑफिस के लिए
वीडियो एडिटर /न्यूज एंकर की
अनुभव :-किसी प्रमुख वेबसाइट में न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
advt.amritvicharbly@gmail.com 9518031113, 8476006584
अमृत विचार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

उत्साह | नगर एवं ग्रामीण अंचलों में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस, छात्र-छात्राओं ने उत्साह से लिया भाग

# रामनगर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मची रही धूम

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** नगर एवं ग्रामीण अंचलों में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मना। इनरव्हील क्लब ने अपने गोद लिए गांव बेलगढ़ के प्राइमरी स्कूल के बच्चों के साथ गणतंत्र दिवस मनाया। इस अवसर पर कलब अध्यक्ष पियूषी अग्रवाल, सचिव वंदना सिंघल, सहसचिव मीता अग्रवाल,व आई एस ओ बबीता गोयल उपस्थित मौजूद रहे। उधर डिग्री कालेज में ध्वजारोहण प्राचार्य प्रोफेसर एमसी पांडे ने किया। ध्वजारोहण के पश्चात समारोहक लेफ्टिनेंट डॉ. डीएन जोशी ने निदेशक उच्च शिक्षा के संदेश का वाचन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मनोज कुमार व महिमा छिम्वाल ने देशभक्ति


रामनगर के ढेला स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। ● अमृत विचार

गीत प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि डॉ.प्रमोद अग्रवाल 'गोल्डी' ने गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ.विनीता पाण्डे, चीफ प्रॉक्टर प्रो. आरडी सिंह, प्रो.एसएस मौर्य उपस्थित रहे। मालधन डिग्री कालेज में राजकीय महाविद्यालय मालधनचौड़ में डॉ. सुशीला सूद प्राचार्या ने ध्वजारोहण कर छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। इस दौरान पर प्रोफेसर जीसी पंत, डॉ. आनंद प्रकाश, मनोज कुमार, प्रदीप चंद्र ने विचार रखे।

राजकीय इंटर कालेज ढेला में प्रधानाचार्य श्रीराम यादव ने झंडारोहण किया। इस मौके पर मनोज जोशी, नवेंदु मठपाल, हरीश कुमार, सीपी खाती, सुभाष गोला, बालकृष्ण चंद मौजूद रहे। गणतंत्र दिवस समारोह में सरस्वती शिशु मंदिर तथा एसएस वस्ती अंजुमन मदरसा में भाजपा नेता गणेश रावत ने बतौर मुख्य अतिथि ध्वजारोहण किया। इस दौरान राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अमिता लोहनी भी मौजूद रही। इसके अलावा राइंका रामनगर, जीपीपी, एमपी इंटर कालेज, पर्वतीय सभा लखनपुर, मदर्स ग्लोरी स्कूल, कार्बेट टाइगर रिजर्व , वन विभाग में भी कार्यक्रम हुए।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
(Establishment Under Govt. of U.P. Act 26 of 2016)
VACANCIES OPEN | ASSISTANT PROFESSORS
Bareilly International University invites applications from committed and passionate individuals for Assistant Professors for its constituent Colleges – BIU College of Management and BIU College of Humanities & Journalism in the following domains:

| | |
|---|---|
| BIU College of Management | Commerce |
| BIU College of Humanities & Journalism | Mass Communication |
| Qualification & Experience: As per UGC Norms | |
| Remuneration: Faculty Members will be placed in a suitable pay structure commensurate with their qualifications and experiences. | |

Interested candidates may send their detailed resume clearly indicating the domain in the subject line within 07 days from the publication date of the advertisement through email to principal.bcm@biu.edu.in / principal.hj@biu.edu.in
Bareilly International University, RMCH Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India

## एक नजर

### मिल की दीवार से टकराकर बाइक सवार घायल

**लालकुआं।** गौला रोड स्थित शहीद स्मारक के पास अनियंत्रित बाइक सवार सेंचुरी पेपर मिल की दीवार से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक को प्राथमिक उपचार के लिए लालकुआं स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने युवक को हल्द्वानी रेफर कर दिया। लालकुआं कोतवाली निकटवर्ती क्षेत्र हाथीखाना निवासी 25 वर्षीय युवक नूर मोहम्मद शनिवार दोपहर दो बजे अपने निजी काम से बाइक से बिन्दुखत्ता काररोड जा रहा था। तभी लालकुआं गोला रोड स्थित शहीद स्मारक के पास पहुंचते ही उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सेंचुरी पेपर मिल की दीवार से टकरा गई। बाइक के दीवार से टकराने पर बाइक सावर नूर मोहम्मद गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लालकुआं में डॉक्टरों ने युवक की गंभीर हालत को देखते हुए उसे हल्द्वानी रेफर कर दिया।

### ग्रामीणों में दहशत का माहौल, बाघ मौके से करीब 200 मीटर दूर जंगल में ग्रामीण को घसीटकर ले गया

# शौच के लिए गए वृद्ध को बाघ ने बनाया निवाला

संवाददाता, रामनगर



**अमृत विचार:** ग्राम चुकुम में रहने वाले 60 वर्षीय गोपाल राम शनिवार की सुबह लगभग पौने सात बजे जंगल में शौच करने के लिए गए थे। इसी बीच जंगल में बाघ ने उन पर अचानक हमला बोल दिया और बाघ मौके से करीब 200 मीटर दूर जंगल में गोपाल राम को घसीटकर ले गया।

घटना की जानकारी मिलने के बाद गोपाल राम के परिजन व ग्रामीणों के साथ ही वन कर्मी भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने कड़ी मशक्कत के बाद जंगल के अंदर करीब 200 मीटर की दूरी पर लहूलुहान हालत में गोपाल राम के शव को बरामद किया। घटना के बाद बाघ की दहशत से गांव में दहशत का माहौल है। यह घटना रामनगर वन प्रभाग के कोसी रेंज के अंतर्गत कुनखेत ब्लॉक में हुई है।

वन दरोगा वीरेंद्र प्रसाद पांडे ने बताया कि मौके पर वन कर्मियों की गश्त शुरू कर दी गई है। उच्चाधिकारियों की अनुमति के बाद हमलावर बाघ को पकड़ने के लिए घटनास्थल के आसपास पिंजरे लगाने के साथ ही कैमरा ट्रैप लगाने की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की कार्रवाई की जाएगी। उधर, वन क्षेत्राधिकारी शेखर तिवारी ने बताया कि सभी वनकर्मी मौके पर पहुंच चुके हैं। बाघ को ट्रेंकुलाइज किए जाने पर भी विचार किया जा रहा है।



वृद्ध की मौत के बाद हंगामा करते ग्रामीण।

### सोलर फेंसिंग की मांग को लेकर डीएफओ को घेरा

**रामनगर :** मौके पर पहुंचे प्रभागीय वनाधिकारी दिगंत नाथ को ग्रामीणों के गुस्से का सामना करना पड़ा। ग्राम प्रधान सीमा आर्य के नेतृत्व में महिलाओं ने मांग की कि चुकुम गांव के चारों ओर सोलर लाइट व सोलर फेंसिंग तार लगाई जाए। इसके अलावा 2021 में जिन लोगों के मकान कोसी की बाढ़ में बह गए हैं उन्हें मकान बनाने के लिए स्थान दिया जाए ताकि वह गांव के अंतिम छोर में जंगल किनारे न रहकर सुरक्षित स्थान पर घर बनाकर रह सकें। ग्रामीणों का कहना था कि मांगें न मानी जाने पर आंदोलन किया जाएगा। लगभग तीन घंटे तक डीएफओ का वाहन लोगों ने नहीं निकलने दिया।

### ग्रामीणों ने विधायक प्रतिनिधि को बनाया बंधक


**रामनगर।** चुकुम के गुस्साए ग्रामीणों ने विधायक प्रतिनिधि के रूप में मृतक के परिजनों को सांत्वना देने पहुंचे उनके पुत्र जगमोहन बिष्ट को ग्रामीणों ने घंटों बंधक बनाए रखा। उन्होंने चुकुम के निवासियों की दिक्कतों के निदान की मांग की। विधायक पुत्र जगमोहन बिष्ट ने बताया कि लोगों से बातचीत हुई है सारी बात मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाए जाने के विषय में भी बता चुके हैं। उन्होंने कहा कि वनाधिकारियों को भी सारे मामले से अवगत कराया जा चुका है। ग्रामीणों का आक्रोश वाजिब है। उन्हें यहां पांच घंटे हो चुके हैं। समस्या का हल निकाल लिया जाएगा।

# मौत के मुहाने पर जीने को मजबूर चुकुम के ग्रामीण

विनोद पपनै, रामनगर

**अमृत विचार :** चुकुम गांव हमेशा से ही मौत के मुहाने पर रहा है। गां के पश्चिमी छोर पर बहती कोसी नदी बाढ़ के दौरान जहां ग्रामीणों के जी का जंजाल बन जाती है वहीं पूरब दिशा की ओर घनघोर जंगल में हिसंक जानवरों का खतरा उन्हें सालता रहता है। साल 2021 में आई बाढ़ से कुछ लोगों की जमीन और मकान बह गए थे। इसमें मृतक गोपाल राम की भी जमीन व मकान शामिल था। यह सभी लोग गांव के किनारे जंगल से सटे क्षेत्र में झोपड़ी डालकर अपना जीवन यापन कर रहे थे। घर के पास ही शौच करने गोपाल राम को बाघ ने अपना निवाला बना लिया।

ग्रामीण बताते हैं कि साल 2011-12 में भी बाघ ने एक महिला को गांव में ही मार डाला था। पालतू मवेशियों की तो कोई गिनती नही हैं। मौत के मुहाने में बसे चुकुम के विस्थापन की मांग 1993 से चली आ रही है। साल 2011 के बाद चुकुम को आमपोखरा के प्लाट नं. 50 में विस्थापित किए जाने की संस्तुति हो भी गयी थी जिसकी फाइल सचिव वन एवं पर्यावरण में लंबित है।



चुकुम गांव का दृश्य। ● अमृत विचार

# रामबाग कॉलोनी में नकली पेंट व सीमेंट फैक्ट्री का भंडाफोड़

### मंडलायुक्त दीपक रावत के निर्देशानुसार सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह ने की छापेमारी तो हुआ खुलासा, फिलहाल फैक्ट्री को सील किया

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**40** सालों से चल रही थी फैक्ट्री | **29** हजार लीटर ज्वलनशील पदार्थ मौके पर मिला | **06** सरकारी विभागों के नियमों की उड़ाई जा रही थीं धज्जियां

**अमृत विचार :** प्रशासन ने छापेमारी कर रामबाग कॉलोनी में नकली पेंट व सीमेंट बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। फैक्ट्री में समोसम, पुट्टी, बाथरूम एसिड भी बनाया जा रहा था। इसे पहाड़ व भाबर के सुदूर गांवों में आपूर्ति किया जाता था। फिलहाल फैक्ट्री को सील कर दिया गया है।

रामबाग कॉलोनी के दर्जनों लोग शनिवार को मंडलायुक्त दीपक रावत की जन सुनवाई में पहुंचे। उन्होंने आरोप लगाया कि आवासीय कॉलोनी में ओमप्रकाश तुली की घर में ही पेंट फैक्ट्री है। इस फैक्ट्री से निकलने वाला रसायन भूजल को दूषित कर रहा है। मंडलायुक्त ने सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह को जांच के आदेश दिए। सिटी मजिस्ट्रेट तुरंत मौके पर पहुंची तो दंग रह गईं। फैक्ट्री में नकली पेंट, सीमेंट, समोसम वगैरह बनाया जा रहा था। उन्होंने तुरंत मंडलायुक्त को इसकी सूचना दी। इसी के साथ ही अग्निशमन, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, नगर निगम, जिला विकास प्राधिकरण, राज्य कर विभाग, खाद्य आपूर्ति विभाग को भी मौके पर बुलाया लिया। वहीं मंडलायुक्त रावत भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने स्थलीय निरीक्षण में पाया कि रामबाग कॉलोनी में सी-8 आवास में अवैध ढंग से फैक्ट्री चल रही थी। इसमें लगभग 200 लीटर क्षमता वाले 145 ड्रम अत्यधिक ज्वलनशील रसायन से भरे हुए रखे थे। परिसर में बेसमेंट और गोदाम भी बनाया हुआ था। इसमें व्हाइट सीमेंट, पेंट, पुट्टी वगैरह माल रखा हुआ था। जांच में पता चला कि फैक्ट्री स्वामी एक्सपायर हो चुका पेंट लाता है फिर उसमं रसायन मिलाकर नए डिब्बों में यह पुराना पेंट भरकर बेच देता है। इसी तरह घालमेल कर व्हाइट सीमेंट और पुट्टी भी बनाई जाती है।



रामपुर रोड पर अवैध रुप से चल रही पेंट फैक्ट्री में छापेमारी करते मंडलायुक्त दीपक रावत व अन्य अधिकारी।

### नामी गिरामी कंपनियों के पैकेट्स में माल पैककर होती थी धोखाधड़ी

ग्राहकों की आंखों में धूल झोंकने के लिए धोखाधड़ी भी की जा रही थी। पेंट, व्हाइट, सीमेंट, पुट्टी वगैरह इसी फैक्ट्री में बनती थी लेकिन इसको नामी गिरामी कंपनियों के अलावा राजस्थान, बिहार, हरियाणा के भी लोकल ब्रांड्स के पैकेट्स में माल भरा जाता था। प्रशासन की टीम को मौके से कई नामी गिरामी व लोकल ब्रांड्स के भी रैपर मिले हैं।





फैक्ट्री में बड़ी मात्रा में मिला ज्वलनशील पदार्थ। ● अमृत विचार

### इतना केमिकल तबाह कर देता रामबाग

**हल्द्वानी :** गनीमत सिर्फ इतनी है कि जो फैक्ट्री पिछले 40 साल से चल रही थी, उसमें आज तक नहीं लगी। अगर आग लगती तो रामबाग कालोनी ताबाह हो जाती। तबाही कितनी बड़ी होती इसकी अंदाजा पेंट फैक्ट्री के अंदर मिले 29 हजार लीटर रिड्यूसर 80 नाम के केमिकल को देखकर लगा पाना मुश्किल है। फैक्ट्री में ही जब इसकी एक बूंद का टेस्ट हुआ तो इस बूंद का आग 10 मिनट तक जलती रही। मुख्य अग्निशमन अधिकारी गौरव किरार की मानें तो बरामद केमिकल प्रतिबंधित है और इसे सिर्फ वो ही रख सकता है जिसके बाद इसका लाइसेंस हो। लाइसेंस धारक भी इस केमिकल को 45 सौ लीटर से ज्यादा नहीं रख सकता। बेहद ज्वलनशील और धमाके को अंजाम देने की क्षमता रखने वाले इस घातक द्रव्य को 29 हजार लीटर जमा करके रखा गया था। क्लास बी का ये सॉलवेंट सिर्फ बड़ी कंपनियां ही रख सकती हैं।



### टैक्स में भी लाखों की हेराफेरी

नकली पेंट फैक्ट्री में लाखों रुपये की जीएसटी की हेराफेरी भी सामने आ रही है। फैक्ट्री स्वामी ने रसायन का 12 लाख रुपये अधिक का बिल दिखाया है। हैरानी की बात यह है कि व्यापारी जितना टैक्स माल खरीद में दे रहा है, उसी से अपने टैक्स का भुगतान कर दे रहा है जबकि मुनाफा लगाने के बाद टैक्स में वृद्धि होनी चाहिए थी। इतना ही कच्चे बिलों पर भी खरीद फरोख्त का मामला सामने आया है।

# संस्कृत महाविद्यालय के छात्र की हादसे में मौत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** गणतंत्र दिवस की रात संस्कृत महाविद्यालय का छात्र हादसे का शिकार हो गया। तेज रफ्तार बाइक सवार छात्र एक दीवार से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। नाजुक हालत में उसे एसटीएच पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

खमरी ओखलढूंगा निवासी देवेंद्र परगाई (20 वर्ष) पुत्र शंकर दत्त हल्द्वानी संस्कृत महाविद्यालय का छात्र था। वह पूजा-पाठ का काम भी करता था। शुक्रवार (गणतंत्र दिवस) की रात करीब साढ़े 12 बजे वह एक कार्यक्रम से लौट रहा था। सिंधी चौराहा और अग्रसेन चौक के पास उसकी बाइक एक दीवार में जा टकरा गई। देवेंद्र बुरी तरह घायल हो गया। आधे घंटे बाद पुलिस देवेंद्र को लेकर एसटीएच पहुंचे, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

### बीमार बहन को देखने जा रहे भाई को कैंटर ने कुचला

**हल्द्वानी :** बीमार बहन को देखने एसटीएच जा रहे बाइक सवार को कैंटर ने कुचल डाला। हादसे में उसकी मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने कोतवाली मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी तहरीर में अंबेडकरनगर निवासी मनोज कुमार ने बताया, बीती 23 जनवरी को उनका साला संजय कुमार उर्फ संजू अपने मित्र सूरज कुमार राठौर के साथ बाइक पर सवार अपनी बड़ी बहन हेमा सागर को देखने सुशीला तिवारी हॉस्पिटल जा रहा था। रामपुर रोड पर सरगम सिनेमा हॉल के पास रात करीब साढ़े 10 बजे कैंटर संख्या यूके05सीए1372 ने बाइक में टक्कर मार दी और संजय को कुचल दिया। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### सड़क दुर्घटना में स्कूटर सवार की मौत

**रामनगर :** शुक्रवार की रात मोहल्ला टेड़ा रोड निवासी 50 वर्षीय दामोदर बवाड़ी अपने स्कूटर से ग्राम रिंगोडा से वापस अपने घर वापस आ रहे थे। इसी बीच आमडंडा के समीप उनके स्कूटर की भिड़ंत एक अज्ञात वाहन से हो गई। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। रामनगर के सरकारी अस्पताल में चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दूसरी घटना में शनिवार की सुबह ग्राम गैबुआ पुल के समीप एक बाइक पर पीछे से एक कर चालक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहनों के टकराने के बाद अचानक बाइक में भीषण आग लग गई। बाइक आग की भेंट चढ़ गई। दुर्घटना में कार सवार कुबेर निवासी गुड़गांव तथा बाइक सवार रिनू निवासी बन्नाखेड़ा बाजपुर घायल हो गए।

# नैनीताल में टैक्सी एसोसिएशन की हड़ताल से परेशान हुए लोग

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** टैक्सी वाहनों की फिटनेस का काम निजी संस्था के हाथों में दिए जाने का टैक्सी कारोबारी अब विरोध करने लगे हैं। आरटीओ कार्यालय के फैसले के बाद नैनीताल में शनिवार को टैक्सी एसोसिएशन ने सरकार पर टैक्सी कारोबारी के उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए हड़ताल शुरू कर दी है। टैक्सी कारोबारी का कहना है पूर्व में टैक्सी फिटनेस के लिए 2 हजार दिए जाते थे लेकिन अब निजी संस्था के द्वारा मनमाने ढंग से पैसे वसूलते हुए 20 से 25 हजार रुपए तक मांगे जा रहे हैं। टैक्सी संगठन ने सरकार को चेतावनी दी है अगर जल्द सरकार ने फिटनेस का कार्य निजी संस्था से वापस नहीं लिया तो टैक्सी संचालक अनिश्चितकालीन हड़ताल करने को मजबूर होंगे।

उधर, अचानक टैक्सी संचालकों की हड़ताल से नैनीताल घूमने पहुंचे पर्यटकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। जो पर्यटक सुबह रेल से दिल्ली समेत अन्य क्षेत्रों से नैनीताल आ रहे थे उन्हें घंटो तक बस स्टैंड खड़े रहना पड़ा।



नैनीताल में टैक्सी को रोकते हड़ताली चालक। ● अमृत विचार

> आरटीओ कार्यालय द्वारा मनमाने ढंग से टैक्सियों की फिटनेस का काम निजी संस्था को दे दिया है। इससे गाड़ियों की फिटनेस के नाम पर गाड़ी मालिकों और चालकों से फिटनेस सेंटर पर मनमाने पैसे मांगे जा रहे हैं। विरोध करने पर अभद्रता की जा रही है। इसके विरोध में टैक्सी संचालकों ने हड़ताल का रास्ता अपनाया है।
> **-पाम तिवारी,** अध्यक्ष टैक्सी एसोसिएशन नैनीताल

### हड़ताल के बाद गाड़ी चला रहे लोगों की चाबियां छीनीं

टैक्सियों के हड़ताल के आह्वान के बाद शनिवार को जो टैक्सी चालक गाड़ियां चला रहे थे उन वाहन चालकों से टैक्सी एसोसिएशन के सदस्यों ने चाबियां छीन लीं। इतना ही नहीं नैनीताल समेत आसपास के क्षेत्र में दो पहिया टैक्सी मोटरसाइकिल और स्कूटी का संचालन भी पूर्ण रूप से बंद रहा।

# पूरे कुमाऊं में टैक्सियों का संचालन रहा ठप

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** फिटनेस सेंटर को प्राइवेट हाथों मे देने और निजी फिटनेस सेंटर मे हो रही अवैध वसूली के विरोध मे काठगोदाम टैक्सी यूनियन और कुमाऊं महासंघ के आह्वान पर कुमाऊं की सभी टैक्सियों का संचालन बंद रहा। संचालकों ने टैक्सी का संचालन बंद कर अपना विरोध जताया। उन्होंने सरकार से अपील की कि फिटनेस को पहले की तरह आरटीओ कार्यालय को सौंपा जाए। आरटीओ कार्यालय खुद फिटनेस करे और फीस निर्धारित की जाए। कहा कि उनकी मांगों पर सरकार ने विचार नहीं किया तो आंदोलन को उग्र किया जाएगा। टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष किशन पांडे ने कहा कि निजी फिटनेस सेंटर में वाहनों को फेल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फिटनेस को पहले की तर्ज पर परिवहन विभाग को सौंपा जाए। इस मौके पर कुमाऊं महासंघ अध्यक्ष शंकर ठाकुर ,काठगोदाम टैक्सी यूनियन अध्यक्ष किशन पांडे, सचिव संतोष कोहली ,नैनीताल महासंघ अध्यक्ष भारत भूषण, सचिव शंकर सैनी मौजूद रहे।



टैक्सी यूनियन की हड़ताल के दौरान काठगोदाम रेलवे स्टेशन में खड़ीं टैक्सियां। ● अमृत विचार

### संचालन ठप रहने से भेजनी पड़ी अतिरिक्त बसें

**हल्द्वानी :** टैक्सी संचालकों की हड़ताल के कारण शनिवार को कई यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। नैनीताल जाने वाले यात्री परेशान रहे जिस पर उन्होंने परिवहन निगम की बसों का रूख किया। नैनीताल के लिये अधिक यात्री होने के कारण हल्द्वानी डिपो से अतिरिक्त बसें चलाई गईं। एआरएम सुरेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि बरेली, पिथौरागढ़, गंगोलीहाट, जौरासी, टनकपुर से लौटी गाड़ियों को नैनीताल भेजा गया। इसके साथ ही नैनीताल जाने वाली रूटीन की बसों ने तीन फेरे लगाए। वहीं, दूसरी तरफ आनंद विहार बस स्टेशन में बसें लगाने को लेकर विवाद के चलते कौशांबी में एक बैठक आयोजित की गई।

## सख्ती

### पता चलने पर मंडलायुक्त ने जेई की फटकार लगाई और स्वामी के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए

# प्राधिकरण की सील तोड़ कर दिया बहुमंजिला निर्माण

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** रामबाग में अवैध निर्माण का भी अजब गजब मामला सामने आया है। एक बहुमंजिला इमारत में जिला विकास प्राधिकरण ने अवैध निर्माण पर फ्लैट सील किया था। मगर इमारत स्वामी ने सील तो तोड़ी ही और धड़ल्ले से फ्लैट्स बनाकर बेच दिए। इसका पता चलने पर मंडलायुक्त ने जेई की फटकार लगाई और स्वामी के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए।

मंडलायुक्त दीपक रावत पेंट फैक्ट्री से बाहर निकले तो रामबाग कॉलोनी वासियों ने उन्हें घेर लिया और अवैध निर्माण की शिकायत की। क्षेत्रवासियों ने बताया कि जिला विकास प्राधिकरण में शिकायत की थी लेकिन फिर भी धड़ल्ले से निर्माण होता गया।

इस पर मंडलायुक्त ने प्राधिकरण अधिकारियों से पूछताछ की तो पता चला कि कागजों में उक्त इमारत अभी भी सील है। धरातल में इमारत स्वामियों ने प्राधिकरण की सील तोड़कर न केवल निर्माण कर दिया बल्कि फ्लैट्स बनाकर बेच दिए। साथ ही बिजली का खंभा भी फ्लैट की दीवार में चिन दिया। इस पर मंडलायुक्त ने जेई आरएल भारती की फटकार लगाई और एडवर्स एंट्री करने की चेतावनी दी। इधर, प्राधिकरण की लगाई सील तोड़ने व अवैध निर्माण पर स्वामी वरुण माहेश्वरी एवं कन्हैया लाल जायसवाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की तैयारी की है।



कैंप कार्यालय में लगे जनता दरबार में लोगों की समस्याएं सुनते मंडलायुक्त दीपक रावत।

### साहब ट्राला पलटने से मकान क्षतिग्रस्त हो गया

**हल्द्वानी :** मंडलायुक्त दीपक रावत ने कैंप कार्यालय में जन समस्याओं पर सुनवाई की। उन्होंने अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया। जनसुनवाई में जयश्री कॉलेज, खत्याड़ी अल्मोड़ा में अध्ययनरत 30 विद्यार्थियों ने कहा कि डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी में दो वर्ष का डिप्लोमा पूर्ण कर 1.20 लाख फीस का भुगतान कर दिया है लेकिन कॉलेज का पंजीकरण स्टेट मेडिकल फैकल्टी में नहीं होने से डिप्लोमा मान्य नहीं है। उन्होंने कॉलेज संचालक के खिलाफ कार्रवाई व फीस वापस दिलवाने की मांग की। इस पर मंडलायुक्त कॉलेज प्रबंधक को 3 फरवरी को जनसुनवाई में तलब किया है। सरस्वती देवी निवासी बनकोट, पिथौरागढ़ ने बताया कि बीती 16 दिसंबर 2023 को ट्राले में जेसीबी ले जाई जा रही थी। जेसीबी का ट्रॉला उनके मकान पर पलट गया है। इससे मकान ध्वस्त हो गया है। इस पर मंडलायुक्त ने आरटीओ को जांच कर ट्रॉला/जेसीबी स्वामी को महिला को क्षतिग्रस्त भवन का मुआवजा दिलवाने के निर्देश दिए।

## रेकी से इंकार पर फोड़ा युवक का सिर

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** मालिक की रेकी करने से इंकार कर पर कार सवार ने साथियों के साथ मिलकर बाइक सवार को पीट दिया। उस पर तमंचा ताना और लोहे की रॉड मारकर उसका सिर फोड़ दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

आजादनगर लाइन नंबर एक निवासी सैफ अली ने पुलिस को बताया कि वह भोटियापड़ाव स्थित बियरशिवा स्कूल के मालिक तिलकराज तलवार का वाहन चालक है। बीती 19 जनवरी की रात करीब सवा एक बजे वह अपनी बाइक से तिकोनिया चौराहे पर पहुंचा तभी कार के चालक ने कार आगे लगाकर उसे रोक लिया।

# पांच लाख का कर्ज न चुकाने पर एक साल का कारावास

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

## फैसला

- वर्ष 2019 में लिया था दोस्त से कर्ज, चेक हो गया था बाउंस
- आरोपी को सुनाई छह लाख रुपये अर्थदंड की सजा


**अमृत विचार :** कर्ज लेकर न चुकाना एक व्यापारी को भारी पड़ गया। कोर्ट ने व्यापारी को दोषी मानते हुए एक साल की सजा और 6 लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न चुकाने के एवज में दोषी को 6 माह का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा।

डीडी विहार शीशमहल निवासी हरीश चंद्र तिवारी पुत्र गिरीश चंद्र तिवारी ने शीशमहल निवासी अबरार अहमद पुत्र मुंशी रजा को वर्ष 2019 तक कई किश्तों में 5 लाख रुपये दिए थे। कर्ज लेने के एवज में अबरार ने उसे चेक दिया था, जो बैंक में बाउंस हो गया। जिसके बाद मामला न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय अपर सिविल जज अलका की कोर्ट में पहुंचा। हरीश की ओर से मामले की पैरवी कर रहे कुंदन सिंह बिष्ट ने बताया, आरोपी पक्ष अपने किसी भी कथन को साबित नहीं कर पाया।


HAPPY Republic Day
आप सभी को गणतंत्र दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं


आप सभी को गणतंत्र दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
HAPPY Republic Day
हरवीर सिंह
प्रधान प्रबन्धक
सहकारी चीनी मिल बाजपुर


आप सभी को गणतंत्र दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
HAPPY Republic Day
गुरजीत सिंह गित्ते
अध्यक्ष, नगरपालिका परिषद
बाजपुर (ऊधमसिंह नगर)


आप सभी को गणतंत्र दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
HAPPY Republic Day
प्रवीण सिंह कोश्यारी
प्रभारी निरीक्षक, थाना आईटीआई


आप सभी को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
राजदीप तिवारी
सभासद
वार्ड नंबर-12, भोना इस्लामनगर


आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
25 साल बेमिसाल
तियाकल अली
पूर्व ग्राम प्रधान, मुंडिया कलां
आमिर खान
ग्राम प्रधान पति, मुंडिया कलां
नेहा परवीन
ग्राम प्रधान, मुंडिया कलां


आप सभी को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
आदित्य चानना
नगर अध्यक्ष
यूथ कांग्रेस कमेटी, बाजपुर


आप सभी को
गणतंत्र दिवस
की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
मंजीत सिंह राजू
वरिष्ठ भाजपा नेता
बाजपुर नगर पालिका चेयरमैन के प्रबल दावेदार
हरजक्षपाल सिंह हैरी
जिला पंचायत सदस्य बाजपुर


आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
सोनू मेहरा
युवा भाजपा नेता
व समाजसेवी
वार्ड नं.-3
श्रीराम भवन,
बाजपुर।


आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
सेवा चैरिटेबल ब्लड बैंक
डॉ. पांडे अस्पताल, चकरपुर रोड, बाजपुर (ऊधमसिंह नगर)
सुविधायें
पीआरबी (पैक्ड रेड ब्लड सेल्स)
एएफपी (फ्रेश फ्रोजन प्लाज्मा)
प्लेटलेट्स कंसनट्रेट
24 घंटे
सुविधा उपलब्ध है।
डॉ. एस. दीक्षित
निदेशक
फोन - 05949-281511, मो. 9105444488


राष्ट्रीय अध्यक्ष
मा0 मल्लिकार्जुन खरगे जी
के देवभूमि उत्तराखण्ड के देहरादून
आगमन पर
हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन
हरमिंदर सिंह लाडी
प्रदेश अध्यक्ष
किसान कांग्रेस कमेटी
उत्तराखण्ड

# एकीकरण को लेकर जल संस्थान और जल निगम ने निकाली रैली

## संयुक्त मोर्चे ने बुद्ध पार्क से एसडीएम कार्यालय तक की सरकार के खिलाफ नारेबाजी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** जल निगम व जल संस्थान के संयुक्त मोर्चे ने विभागों का एकीकरण करते हुए राजकीयकरण करने की मांग को लेकर शनिवार को रैली निकाली। कर्मचारियों ने बुद्ध पार्क से एसडीएम कार्यालय तक रैली निकालते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद वापस रैली बुद्ध पार्क पहुंची। उन्होंने कहा कि कर्मचारी सड़कों पर उतरने को मजबूर हो चुका है और मांगों को पूरा नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

कर्मचारियों ने बुद्ध पार्क में सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर अपना विरोध जताया। सभा की अध्यक्षता करते हुए भूपाल सिंह बिष्ट ने कहा कि जल निगम और जल संस्थान सालों से पानी पिलाने का काम कर रहा है। इसे निजी हाथों में सौंपना गलत है। संयुक्त मोर्चा के कुमाऊं मंडल संयोजक संजय जोशी ने कहा कि उनकी मांगों को अनदेखा किया जा रहा है और कहा कि जल्द ही कर्मचारियों के हित में निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन उग्र किया जाएगा। इं. पंकज उपाध्याय ने कहा कि अभियंता वर्ग मांगों को लेकर मोर्चे के साथ है और किसी भी परिस्थिति से निपटने को तैयार है। अरविंद दुबे ने जल निगम-जल संस्थान की ओर से संचालित पेयजल और सीवरेज संबंधी कार्यों को शहरी विकास विभाग के अंतर्गत यूयूएसडीए को सौंपने का तीखा विरोध किया। एससी पंत ने कहा कि जल निगम और जल संस्थान सालों से सीवरेज और पेयजल व्यवस्थाओं को सुचारू रुप से संचालित करते रहा है जिसे एक करते हुए पहले की तरह राजकीय विभाग बनाया जाए।


निजीकरण के विरोध में बुद्ध पार्क से रैली निकालते जल निगम व जल संस्थान के कर्मचारी। ● अमृत विचार

रैली को सफल बनाने के लिये कुमाऊं संयोजक शीतल साह ने डिप्लोमा इंजीनियर्स संगठन, जल निगम-जल संस्थान मिनिस्ट्रीयल संवर्ग, जल निगम- जल संस्थान मजदूर यूनियन, लाल झंडा यूनियन, पेंशनर्स, उपनल व संविदा कर्मियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि सोमवार से 31 जनवरी तक 2 घंटे का सांकेतिक धरना दिया जाएगा जिसमें सोमवार को मुख्य अभियंता, कुमाऊं कार्यालय में धरना होगा। इस दौरान पेयजल निगम के ईई अशोक कुमार कटारिया, जल संस्थान के ईई रविशंकर लौशाली, एई नीरज तिवारी, एई प्रमोद पांडे, एई रवींद्र कुमार, जेई सतीश बिष्ट, एचसी पंत, पल्लवी चौधरी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप


लक्ष इंटरनेशनल स्कूल में विंटर कार्निवल में उपस्थित बच्चे व शिक्षक। ● अमृत विचार


### लक्ष इंटरनेशनल स्कूल में मनाया विंटर कार्निवल

**हल्द्वानी :** कमलुवागांजा रोड स्थित लक्ष इंटरनेशनल स्कूल में विंटर कार्निवल का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि संजय शर्मा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। विंटर कार्निवल में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाए गए, जिसमें बली भेलपुरी, अशोक वाटिका केक हाउस, संजीवनी कॉफी हाउस, रामायण कैरेक्टर मेमोरी गेम, नल नील की वंडर, विश्वामित्राज क्राफ्ट वर्ल्ड, पंचवटी गेमिंग स्टॉल, मारुति वॉल गेमिंग जोन, जामवंत प्ले मेनिया, राजा राम समोसा चाट, वनवासी मोमोज, अवध पानी पुरी एक्सप्रेस, समय का पहिया, लव कुश नूडल्स शॉप, राम सेतु प्लेस्टेशन आदि स्टॉल शामिल थे। इस मौके पर स्कूल के निदेशक मोहित शर्मा, प्रधानाचार्या विभा शर्मा, मंजू भाकुनी, विकास चौहान, योगेश रौतेला, डॉ. रश्मि गोयल, इंदू, दीक्षा, पूजा बिष्ट, नीलम मेहरा, मंजुला कार्की, सीमा पांडे, अलका मटेला, शोभा दानू मौजूद रहे।


खिचड़ी भोज में शामिल विधायक सुमित हृदयेश। ● अमृत विचार

### लोनिवि गेस्ट हॉउस में हुआ खिचड़ी भोज का आयोजन

**हल्द्वानी :** माघ माह के मौके पर लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हॉउस में खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। इसमें लोनिवि के ठेकेदार व अधिशासी अभियंता के साथ ही शहर के विधायक सुमित हृदयेश ने प्रतिभाग किया। माघ के पावन पर्व पर शनिवार को लोनिवि गेस्ट हॉउस में खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। इस मौके पर लोनिवि के अधिशासी अभियंता अशोक कुमार समेत अन्य ठेकेदार मौजूद रहे।


कार्यक्रम के दौरान मौजूद अधिकारी एवं छात्राएं। ● अमृत विचार

### ई-ऑफिस से बढ़ी पारदर्शिता : भटगांई

**हल्द्वानी :** समाज कल्याण विभाग के निदेशक आशीष भटगांई ने कहा कि ई-ऑफिस से पारदर्शिता बढ़ी है। गणतंत्र दिवस पर निदेशालय में झंडा रोहण व विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं हुईं। निदेशक आशीष भटगांई ने कहा कि विभाग की योजनाओं का लाभ सभी पात्र लोगों तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि ई-ऑफिस लागू करके विभाग में और पारदर्शिता लाई गई है। इस अवसर पर निदेशालय में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। देवभूमि एकेडमी के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम व विकास यादव, पूजा सामंत, उमा पुनेठा, पंकज नेल्वाल, मुकेश उनियाल ने देशभक्ति के गीत गाए। विभाग के कर्मचारियों के बीच रस्साकशी, बोरा दौड़, नींबू चम्मच दौड़, टेबल टेनिस आदि प्रतियोगिताएं भी हुईं।

### वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक संपन्न

**हल्द्वानी :** कृषि विज्ञान केंद्र ज्योलीकोट की 19वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक प्रसार शिक्षा जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर के निदेशक डॉ. जितेंद्र क्वात्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। डॉ. क्वात्रा ने वैज्ञानिकों को संदेश देते हुए कहा कि ईमानदारी व लगन से कार्य करते हुए संस्थान को बुलंदियों तक पहुंचाएं। डॉ. क्वात्रा पूर्व में कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी अधिकारी भी रह चुके हैं।


आपातकाल भवन के शुभारंभ पर मौजूद डॉ. सुधीर कन्याल और मयंक गुप्ता।

### कालाढूंगी सीएचसी में ईसीजी व आपातकाल बेड की सुविधा

**कालाढूंगी :** आपातकाल, दुर्घटना व अन्य महत्वपूर्ण समय में मरीजों के लिए अब सीएचसी कालाढूंगी में ऑक्सीजन, ईसीजी सहित अन्य उपकरण उपलब्ध हो गये हैं। जनप्रतिनिधियों व युवाओं ने कई बार अस्पताल के उच्चीकरण व उपकरणों की मांग रंग लायी है। गणतंत्र दिवस पर आपातकालीन भवन का शुभारंभ चिकित्साधीक्षक डॉ. सुधीर कन्याल ने किया। संघर्ष वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष मयंक गुप्ता ने युवाओं के साथ अस्पताल की सुध न लेने के पर शासन के खिलाफ तहसील में धरना दिया था। डॉ. सुधीर कन्याल ने बताया कि आपातकाल में चार बेड, ऑक्सीजन व ईसीजी की सुविधा अब उपलब्ध है। निवर्तमान नगर अध्यक्ष पुष्कर कत्यूरा, ब्लॉक प्रमुख रवि कन्याल व मयंक गुप्ता ने स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत व विधायक बंशीधर भगत का आभार जताया है।

# विभिन्न संगठनों ने संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** विभिन्न संगठनों ने तिकोनिया स्थित बुद्ध पार्क में 75वें गणतंत्र दिवस पर संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक रूप से पाठ किया और संविधान और गणतंत्र पर हो रहे हमलों के खिलाफ संविधान को मजबूत रखने की शपथ ली गई।

संयुक्त रूप से संविधान और गणतंत्र के ऊपर धर्म को तरजीह देने और भारतीय संविधान के लोकतांत्रिक मूल्यों पर लगातार किए जा रहे हमले के विरुद्ध एकजुट होने की अपील की। इसके साथ ही धर्म और राजनीति को आपस में मिलाने की निंदा की। सभी लोगों से संविधान की रक्षा करने के लिए भारत के संविधान की प्रस्तावना के अनुरूप धर्मनिरपेक्षता, न्याय, समानता और बंधुत्व पर आधारित हम भारत के लोग की अवधारणा को बुलंद किए जाने का आह्वान किया। बताया कि 30 जनवरी को महात्मा गांधी के शहीद दिवस पर मंगल पड़ाव स्थित अंबेडकर पार्क में सुबह 11 बजे एकत्र होकर तिकोनिया स्थित बुद्ध पार्क तक सद्भावना मार्च निकाला जाएगा जिसके लिये सभी ने जुटने का फैसला लिया। संविधान की प्रस्तावना की शपथ लेने वालों में उत्तराखंड सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष इस्लाम हुसैन, अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष बहादुर सिंह जंगी, अंबेडकर मिशन के अध्यक्ष जीआर टम्टा, ऐक्टू प्रदेश महामंत्री केके बोरा, भाकपा माले जिला सचिव डॉ. कैलाश पांडे, शराफत खान, भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष नफीस अहमद खान, संजय बघरवाल, जगमोहन रौतेला, सुंदर लाल आदि शामिल रहे।


बुद्ध पार्क में संविधान की प्रस्तावना का पाठ करते लोग। ● अमृत विचार

## आज स्वाभिमान महारैली निकलेगी

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** मूल निवास भू-कानून समन्वय संघर्ष समिति के बैनर तले आज शहर में मूल निवास स्वाभिमान महारैली निकाली जाएगी। रैली बुद्धपार्क से शुरू होकर हीरानगर गोल्ज्यू मंदिर तक जाएगी। जिसमें करीब 200 से अधिक संगठन शामिल रहेंगे।

गोल्ज्यू मंदिर पहुंचने के बाद महारैली जनसभा में तब्दील होगी। जिसके बाद सभी दलों के लोग गोलू देवता से अपने अधिकारों के लिए न्याय की गुहार लगाएंगे। इधर, मूल निवास स्वाभिमान महौरली को उत्तराखंड क्रांति दल ने भी पूर्ण समर्थन दिया है। शनिवार को मुखानी स्थित कार्यालय में बैठक के दौरान केंद्रीय महामंत्री सुशील उनियाल ने कहा कि उक्रांद कार्यकर्ता डीडी पंत पार्क डिग्री कॉलेज के सामने एकजुट होंगे। वहां से जुलूस के रूप में तिकोनिया स्थित बुद्धपार्क जाएंगे। बैठक में जिलाध्यक्ष दिनेश चंद्र भट्ट, विजया ध्यानी, प्रकाश जोशी मौजूद रहे।

## बाबूलाल गुप्ता के निधन पर शोक

**हल्द्वानी:** प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के संस्थापक संरक्षक बाबूलाल गुप्ता के निधन से व्यापारियों में शोक की लहर है। शनिवार को राजपुरा मुक्तिधाम में गमगीन माहौल में अंत्येष्टी की गई। पुत्र गिरीश गुप्ता और राकेश गुप्ता ने चिता को मुखाग्नि दी। इस दौरान विधायक सुमित हृदयेश, विधायक मोहन सिंह बिष्ट, विधायक बंशीधर भगत ने श्रद्धाजंलि दी। प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा ने संगठन का फ्लैग ओढ़ाकर श्रद्धांजलि दी। संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद गोयल, चंद्रशेखर पंत, राजेश अग्रवाल, विपिन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# चिल्ड्रन एकेडमी में विद्यार्थियों का अभिनंदन

संवाददाता, हल्दूचौड़

**अमृत विचार:** चिल्ड्रन्स एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल गोपीपुरम के कृष्ण स्वरूप मेमोरियल सभागार में तीसरे अभिनंदन सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डीआर वर्मा (कोतवाल लालकुआं), चौकी इंचार्ज सोमेन्द्र सिंह, विद्यालय के निदेशक श्रीष पाठक, प्रधानाचार्या मोनिका जोशी, एडमिनिस्ट्रेटर रेनू मिश्रा, ला इन्फैंसिया की निदेशिका कविता पाठक ने सामूहिक रुप से मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। विद्यालय में 10 वर्ष की सेवा पूर्ण करने एवं शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर शिक्षिका सुनीता लोहनी, पुष्पा भैसोड़ा, पुष्पा जोशी एवं पंकज बिष्ट (कोच टेबल टेनिस) को मोमेंटो एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया तथा शैक्षिक स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में स्नेहा बिष्ट, आईशा रावत, इशांत चौदसी, दिया जोशी, अभिनव पन्त एवं नेहा भट्ट को प्रोत्साहन धनराशि, प्रमाण पत्र एवं मेमेंटो देकर सम्मानित किया गया।



उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार

# खड़गे की रैली के लिए बड़ी संख्या में कांग्रेसी दून रवाना

संवाददाता, लालकुआं

**अमृत विचार:** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की रैली को सफल बनाने के लिए लालकुआं व बिंदुखत्ता से बड़ी संख्या में कांग्रेसियों ने देहरादून को कूच किया।

शनिवार सुबह करीब 2 बजे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पुष्कर सिंह दानू के नेतृत्व में पांच दर्जन से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ता जनता इंटर कॉलेज बिंदुखत्ता के समीप पूर्व मुख्यमंत्री पंडित नारायण दत्त तिवारी के स्मारक पर एकत्र हुए। जहां से वे अपने निजी साधनों से देहरादून को रवाना हुए। इधर लालकुआं से नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सरदार गुरदीप सिंह के नेतृत्व में कांग्रेसी नगर कांग्रेस कार्यालय लालकुआं में एकत्र हुए और देहरादून को कूच किया। देहरादून कूच करने वालों में महामंत्री प्रदीप बथयाल, प्रभात पाल, कुंदन सिंह मेहता , महिला कांग्रेस अध्यक्ष राधा दानू ,मीना कपिल, विजय सामंत सहित लालकुआं से नगर अध्यक्ष सरदार गुरदीप सिंह, महामंत्री गुरदयाल सिंह मेहरा आदि शामिल रहे।


पूर्व मुख्यमंत्री पंडित नारायण दत्त तिवारी के स्मारक पर एकत्र कांग्रेस कार्यकर्ता।

## रिक्त पदों पर होंगी 11 हजार भर्तियां

**नैनीताल:** राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य एवं अनुश्रवण परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश भट्ट शनिवार को नैनीताल पहुंचे जहां उन्होंने नैनीताल क्लब सभागार में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत जिले के स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक की। इस दौरान सुरेश भट्ट ने बैठक में एनएचएम की भौतिक एवं वित्तीय समीक्षा के अलावा एनएचएम में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की। पत्रकार वार्ता करते हुए सुरेश भट्ट ने कहा स्वास्थ्य विभाग में रिक्त चल रहे 11 हजार पदों को भरने के लिए राज्य सरकार ने तैयारी कर ली है। जल्द ही प्रदेश भर में डॉक्टरों से लेकर फार्मासिस्ट, टैक्नीशियन, वार्ड बॉय समेत अन्य पदों पर नियुक्ति होने जा रही है।









## सार-संक्षेप

### कुत्ता काटने दौड़ा, बार मालिक का सिर फोड़ा

**हल्द्वानी :** कुत्ते के भौंकने और काटने दौड़ने का विरोध करने पर कुत्ते के मालिक ने बार मालिक और उसकी महिला कर्मी पर साथियों के साथ हमलाकर दिया। हमले में दोनों के सिर फट गए। पुलिस ने तहरीर रे आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी तहरीर में महालक्ष्मी विहार डहरिया निवासी चम्पा चिलवाल ने कहा, उसके बेटे रक्षित सिंह चिलवाल का अपने निवास पर आनंद लोक नाम से होटल और बार है। बीती 5 जनवरी की रात करीब सवा 11 बजे वह स्टाफ के दो व्यक्तियों के साथ बार बंद कर रहे थे। वहीं विवेक भूषण और जय सैनी अपना पालतू कुत्ता घुमा रहे थे। कुत्ता स्टाफ पर भोंक रहा था और काटने को आ रहा था। रक्षित ने विरोध किया तो वह गाली-गलौज करते हुए कुत्ते को लेकर चले गए। कुछ देर बाद वह साथियों के साथ लौटा और तमंचे की बट से रक्षित चिलवाल व स्टाफ रोशनी नेगी पर हमला कर दिया। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

### गणतंत्र दिवस पर शराब बेचते पकड़ा गया तस्कर

**हल्द्वानी :** गणतंत्र दिवस के दिन ड्राई डे पर शराब बेचते पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसआई विजय पाल सिंह ने बताया कि बताया कि वह हेड कांस्टेबल संजीत राणा, पुष्कर रौतेला व ललित कुमार के साथ 26 जनवरी को गश्त पर थे। मुखबिर की सूचना पर वह बुद्धपार्क के पास पहुंचे तो एक व्यक्ति आड़ में शराब बेच रहा था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम रोहित सिंह चौहान निवासी नवाबी रोड गली नंबर 8 बताया। आरोपी के पास से देसी और अंग्रेजी शराब के 270 पव्वे व अंग्रेजी शराब के 11 अद्धे बरामद किए।

### किराने की दुकान में चोरी

**लालकुआं :** बीती रात यहां लालकुआं बरेली रोड स्थित गुरुद्वारे के समीप मुख्य मार्ग स्थित राजेश तिवारी की किराने की दुकान में चोरों ने दुकान की छत काटकर दुकान में रखी करीब दो हजार की नगदी व कीमती सामान के साथ दुकान में लगा सीसीटीवी कैमरा आदि पर हाथ साफ कर दिया। व्यवसायी ने घटना की सूचना कोतवाली लालकुआं में दे दी है।

### बिहारी से लाता था स्मैक, पकड़ा गया तस्कर

**हल्द्वानी :** मुखानी थाने की आरटीओ चौकी पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी संजीत राठौड़ के मुताबिक वह कांस्टेबल बलवन्त सिंह बिष्ट के साथ गश्त पर थे। चौफुला चौराहे के पास बगीचे में कुछ लड़के दिखे, जो पुलिस को देखते ही भाग खड़े हुए। इनमें से एक को पकड़ लिया गया। जिसके पास से स्मैक की 10 पुड़िया (4 .5ग्राम स्मैक) बरामद की गई।आरोपी ने अपना नाम सुनील सुनार पुत्र पप्पू सुनार निवासी चन्द्रावती कालोनी पीलीकोठी बड़ी मुखानी बताया। साथ ही बताया कि वह बिहारी नाम के व्यक्ति से लेकर आया था।

### 25 किलो सांभर के मांस के साथ एक को पकड़ा

**कालाढूंगी :** तराई केन्द्रीय वन प्रभाग रुद्रपुर के गदगदिया रेंज में वनकर्मियों ने एक व्यक्ति को 25 किलो सांभर के मांस के साथ गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम में कार्रवाई की गई है। वनक्षेत्राधिकारी आनंद कुमार ने बताया कि सूचना पर शुक्रवार की शाम को वन विभाग की टीम ने छापेमारी की तो लाल बहादुर निवासी लछ्मपुर विदरामपुर के घर से सांभर का मांस बरामद हुआ। टीम ने आरोपी से पूछताछ की। इससे अन्य लोगों के शामिल होने की संभावना है। आरोपी ने बताया कि सांभर उसे मरा हुआ मिला पैसों के लालच में वह उसे बेच रहा था।

### गीता आर्य को बूथ अध्यक्ष व ज्योति आर्य को सचिव चुना

**लालकुआं :** महिला कांग्रेस कमेटी बिंदुखत्ता ने शनिवार को संजय नगर द्वितीय में महिला कांग्रेस की बैठक में सर्वसम्मति से गीता आर्य को बूथ अध्यक्ष व ज्योति आर्य को सचिव चुना गया। संजय नगर द्वितीय बिंदुखत्ता में विनीता मेहरा के आवास पर हुई बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस कमेटी बिंदुखत्ता की उपाध्यक्ष दीपा बिष्ट व संचालन ब्लाक महिला कांग्रेस अध्यक्ष राधा दानू ने किया। बैठक में मुख्य रूप से उर्मिला धामी, विनीता मेहरा, आनंदी आर्या, माधवी देवी, मीना देवी, हीरा मेहरा उपस्थित रहीं।

### कोहरे के कारण ट्रेनें देरी से पहुंची

**हल्द्वानी :** कोहरे के कारण एक बार फिर ट्रेनें देरी से पहुंची। काठगोदाम और हावड़ा के बीच चलने वाली बाघ एक्सप्रेस और काठगोदाम से देहरादून के बीच चलने वाली दून एक्सप्रेस देर से पहुंची। बाघ एक्सप्रेस निर्धारित सुबह 9 :15 बजे से लगभग सवा घंटे देरी से पहुंची। वहीं, दून एक्सप्रेस सुबह 7 :10 बजे पहुंचती है लेकिन यह भी लगभग दो घंटा देरी से पहुंची। स्टेशन प्रबंधक डीएस बोरा ने बताया कि काठगोदाम से सभी ट्रेनों को समय पर रवाना किया गया।

# नैनीताल में शान से लहराया तिरंगा

## धूमधाम से मनाया 75 वां गणतंत्र दिवस, मंडलायुक्त, डीआईजी ने ली परेड की सलामी

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** सरोवर नगरी में डीएसए खेल मैदान में पुलिस विभाग के तत्वावधान में परेड का आयोजन किया गया। इसमें यातायात पुलिस, पीएसी, अग्निशमन, सीपीयू, डॉग स्क्वायड समेत सात अन्य टुकड़ियों ने परेड में शिरकत की।

फायर ब्रिगेड द्वारा पानी की बौछार से तिरंगा बनाया गया और स्वान द्वारा हैरतअंगेज करतब दिखाए। मंडलायुक्त दीपक रावत बतौर मुख्य अतिथि, डीआईजी डॉ. योगेंद्र रावत, एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा, डीएम नैनीताल वंदना सिंह मौजूद रहे। परेड में राज्य और केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की झांकियां निकाली गई। समारोह के दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं समेत अन्य दलों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।



डीएसए मैदान में परेड करते पुलिस के जवान। ● अमृत विचार

### विधायक राम सिंह कैड़ा ने फहराया तिरंगा

**भवाली/भीमताल :** ओखकांडा ब्लॉक के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गौनियारों में भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने तिरंगे को फहरा कर सलामी दी। इसी के साथ ही विधायक ने सभी को संविधान की शपथ दिलाई। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी व सीएम पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में भारत व उत्तराखंड राज्य श्रेष्ठ भारत व श्रेष्ठ राज्य के संकल्प को पूरा करने के लिए हम सभी को अपनी भागीदारी देनी होगी। भीमताल में विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पांडे और नगर पंचायत में निवर्तमान सभासद रामपाल सिंह गंगोला ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान अधिशासी अधिकारी विजय बिष्ट समेत अन्य कर्मचारी मौजूद थे। वहीं पतलोट राजकीय इंटर कालेज में प्रधानाचार्य ने ध्वजारोहण किया और विद्यार्थियों ने कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

### कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश ने हाईकोर्ट में फहराया तिरंगा

**नैनीताल :** हाईकोर्ट में कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनोज तिवारी ने तिरंगा फहराया। इससे पूर्व पुलिस ने राजकीय सम्मान के साथ गॉर्ड ऑफ़ ऑनर दिया। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी ने उच्च न्यायालय परिसर में मौजूद अधिकारियों, कर्मचारियों और अधिवक्ताओं को संविधान का पालन करने और उसे बनाए रखने की शपथ दिलाई।

### प्रभात फेरी निकाली

**कालाढूंगी :** गणतंत्र दिवस पर सरस्वती शिशु मंदिर व विद्या मंदिर के छात्रों ने नगर में प्रभात फेरी निकाली। नगर में विधायक बंशीधर भगत ने कार्यकर्ताओं के साथ हरीश मेहरा के आवास से मुख्य बाजार तक तिरंगा रैली निकाली। अंबेडकर महासंघ कार्यालय में संख्या अध्यक्ष जगदीश चंद्र व अरविंद कुमार ने ध्वज फहराया।



राजकीय इंटर कालेज पतलोट में कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी। ● अमृत विचार



अंबेडकर महासंघ कार्यालय में मौजूद संख्या अध्यक्ष जगदीश चंद्र व अन्य।



बाल को बास्केट में डालने की जद्दोजहद करतीं खिलाड़ी। ● अमृत विचार

# जयपुर, रोहतक, सोनीपत पिथौरागढ़ अंतिम चार में

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** डिग्री कालेज में बास्केटबॉल परिवार द्वारा आयोजित महिला लीग प्रतियोगिता में जयपुर, सोनीपत, रोहतक और पिथौरागढ़ की टीमों ने सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई। आयोजक सचिव संजय रावत ने बताया कि पहले दिन पांच मुकाबले खेले गए। पहले दिन प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एमसी पांडे ने किया। पहला मुकाबला सोनीपत व रामनगर के बीच खेला गया जिसमें सोनीपत ने 48-40 से जीत दर्ज की। दूसरा मुकाबला रोहतक और जयपुर के मध्य खेला गया। इस मैच का शुभारंभ वरिष्ठ पत्रकार विनोद पपनै ने किया। इस मुकाबले में रोहतक ने जयपुर को 55-35 से पराजित किया। तीसरे मैच में पिथौरागढ़ ने रामनगर को 33-27 से शिकस्त दी। चौथे मुकाबले में सोनीपत ने रोहतक को 66-61 से पराजित किया। पांचवे मुकाबले में जयपुर ने रामनगर को 36-30 से मात दी। प्रतियोगिता के दूसरे दिन सोनीपत ने पिथौरागढ़ 35-27 से व रोहतक ने रामनगर को 42-34 से पराजित किया। दूसरे दिन प्रतियोगिता का शुभारंभ केमू के अध्यक्ष मनोज कठायत व निवर्तमान सभासद खष्टी नंदन नोशी ने किया। प्रतियोगिता में शरद यादव,अतुल चन्द्रा, ऋषभ टम्टा, अभिषेक मठपाल व गौरव खुल्बे ने निर्णायक रहे। इस दौरान हर्ष वर्धन पांडे, कुनाल आर्या,मयंक मोहन, पंकज चौबे ,राहुल करगेती, अभिनव अग्रवाल, रितेश रावत, योगेश त्रिपाठी, सागर, मयंक मोहन, विजय पप्पी पपनै मौजूद रहे।

## श्री राम अभिषेक में अच्छे कार्य के लिए पुलिस सम्मानित

**रामनगर :** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के सापेक्ष क्षेत्र में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में पुलिस की बेहतरीन भूमिका के लिए कोतवाल अरुण सैनी को भगवान राम का चित्र और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। निरीक्षक अरुण कुमार सैनी को यह पुरस्कार समस्त पुलिस के लिए उनके कार्यालय में जाकर दिया गया। इधर हिंदूवादियों ने पीरुमदारा पुलिस चौकी प्रभारी राजेश जोशी को भी बैच पहना कर सम्मानित किया। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला उपाध्यक्ष सूरज चौधरी, प्रखंड अध्यक्ष हिरदेश शर्मा, प्रखंड उपाध्यक्ष किशोर शर्मा, हरीश, गजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।



कोतवाल को सम्मानित करते हिंदूवादी संगठन के लोग।

## सड़क चौड़ीकरण में दी एक मीटर की छूट

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** शहर में सड़क चौड़ीकरण को लेकर शासन ने एक मीटर रियायत देने का आह्वान किया है।

मंगल चौक से रोडवेज तक सड़क चौड़ीकरण किया जा रहा है। इसी क्रम में सड़क के बीच से दोनों तरफ 12-12 मीटर चौड़ीकरण किया जाना है। इसमें 100 से अधिक निजी व सरकारी दुकानें दायरें में आ रही हैं। नगर निगम ने जद में आ रहे व्यापारियों को स्वयं ही निर्माण हटाने के नोटिस दिए थे। व्यापारियों ने इसका विरोध शुरू कर दिया था, साथ ही रियायत की मांग की थी।

# संदिग्ध हालात में महिला ने फांसी लगाई

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** ग्राम ढिकुली में शनिवार की सुबह रहने वाली एक विवाहित महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जाता है कि मृतका के दो छोटे बच्चे भी हैं। घटना के बाद मृतका के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

मृतका के पति अभिषेक ने बताया कि वह अपनी पत्नी सपना (21 वर्ष) के साथ अपनी ससुराल ग्राम ढिकुली में ही रहता था तथा मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता है। उसका कहना है कि घर में उसका छोटा बच्चा रो रहा था तो उसने अपनी पत्नी से उसे दूध पिलाने के लिए कहा। इसी बात को लेकर दोनों पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया और सपना ने अपने कमरे में जाकर कमरा बंद करते हुए फांसी लगा ली। परिजन तुरंत उसे उपचार के लिए अस्पताल लाए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतका के पति ने बताया कि 4 वर्ष पूर्व ही उसकी सपना के साथ शादी हुई थी। पुलिस द्वारा नायब तहसीलदार दयाल चंद्र मिश्रा की मौजूदगी में शव का पंचायत नामा करने की कार्रवाई की गई।

### बीमार वृद्ध ने फांसी लगाकर जान दी

**हल्द्वानी :** मुखानी थाना क्षेत्र में बीमार वृद्ध ने फांसी लगाकर जान दे दी। शिवालिक विहार फेज वन लालडांट निवासी सतीश चंद्र गुप्ता (72 वर्ष) पुत्र सिया राम गुप्ता यहां अपने इकलौते बेटे के साथ रहते थे। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। शनिवार को सतीश चंद्र ने फांसी लगा ली। बेटा घर पहुंचा तो शव फंदे पर लटका था। पड़ोसियों की मदद से शव को नीचे उतारा गया। बेटा, पिता के शव को पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहता था। इधर, सूचना मिलते ही मुखानी पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस पहुंची तो शव जमीन पर रखा था।

कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी
सिविल एवं सोयम वन प्रभाग, अल्मोड़ा
E-mail : csalmdfo@rediffmail.com Phone/Fax : (05962) 230229

पत्रांक : 2325/10-2/अल्मोड़ा दिनांक : 27-01-2024

वन पंचायत / सिविल वनों में वर्ष 2024 लीसा फसल के विदोहन हेतु विज्ञप्ति

इस वन प्रभाग, अन्तर्गत वर्ष 2024 लीसा फसल विदोहन हेतु इच्छुक वन पंचायत के सरपंच/सिविल वनों के ग्राम प्रधान को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2024 लीसा विदोहन हेतु वन पंचायतो / ग्राम पंचायतो के द्वारा पारित प्रस्ताव दिनांक-31.01.2024 तक सम्बन्धित रेंज अथवा इस कार्यालय में प्रेषित करें। निर्धारत तिथि उपरान्त प्राप्त होने वाले प्रस्तावो पर विचार नही किया जायेगा।

(ध्रुव सिंह मार्तोलिया)
प्रभागीय वनाधिकारी
सिविल एवं सोयम वन प्रभाग, अल्मोड़ा

कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी
सिविल एवं सोयम वन प्रभाग, अल्मोड़ा
E-mail : csalmdfo@rediffmail.com Phone/Fax : (05962) 230229

पत्रांक : 2330/10-2/अल्मोड़ा दिनांक : 27-01-2024

नाप भूमि के वनों में वर्ष 2024 लीसा फसल के विदोहन हेतु विज्ञप्ति

इस वन प्रभाग अन्तर्गत वर्ष 2024 लीसा फसल विदोहन हेतु इच्छुक नाप भूमि से सम्बन्धित छेवकों को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2024 लीसा विदोहन हेतु वन नाप भूमि में किये जाने वाले लीसा विदोहन से सम्बन्धित पत्रावली दिनांक - 15-03-2024 तक सम्बन्धित रेंज से समस्त औपचारिकतायें पूर्ण करने के उपरान्त इस कार्यालय में प्रेषित करें। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाली पत्रावलियों पर विचार नहीं किया जायेगा।

(ध्रुव सिंह मार्तोलिया)
प्रभागीय वनाधिकारी
सिविल एवं सोयम वन प्रभाग, अल्मोड़ा

कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी
सिविल एवं सोयम वन प्रभाग, अल्मोड़ा
E-mail : csalmdfo@rediffmail.com Phone/Fax : (05962) 230229

पत्रांक : 2327/10-2/अल्मोड़ा दिनांक : 27-01-2024

लीसा गढ़ान व ढुलान वर्ष 2024 लीसा फसल कार्य हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना

इस वन प्रभाग, अन्तर्गत वर्ष 2024 में आरक्षित वनों में लीसा विदोहन कार्य हेतु अनुभवी एवं इच्छुक निविदादाताओं से दिनांक - 05-02-2024 के अपरान्ह 4:00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है। विलम्ब से प्राप्त होने वाली निविदायें स्वीकार नहीं की जायेंगी तथा प्रत्येक कूप के लिए पृथक-पृथक निविदा देनी होगी। टैण्डर के लिफाफे के बाहर **"टैण्डर बावत आरक्षित वनों से लीसा विदोहन गढ़ान-ढुलान वर्ष 2024 लीसा फसल, कूप संख्या व रेंज का नाम लिखना अनिवार्य होगा।"** निविदा बिक्री दिनांक- 27-01-2024 से दिनांक 04-02-2024 के अपरान्ह 04:00 बजे तक अर्थात् राजकीय कार्यदिवसों में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा किये जा रहे कूपों, घावों, निर्धारित आमद, डिपो सम्बन्धी नियमों एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी किसी भी कार्यदिवस को अधोहस्ताक्षरी एवं प्रभाग के रेंज कार्यालयों में देखी जा सकती है। निविदा फार्मों को खोलने का समय दिनांक 06-02-2024 को प्रातः 12:00 बजहे निर्धारित किया जाता है। जिन लीसा लौटों में वर्ष 2023 में अवैध लीसा घाव पाये जाने पर उनके विरूद्ध रेंज केश जारी हुए थे तथा वर्तमान तक यह रेंज केश प्रशमित नहीं हुए हैं वह निविदादाता वर्ष 2024 में निविदा के पात्र के पात्र नहीं माने जायेंगे। उक्त तिथि को निविदा फार्म अधोस्ताक्षरी अथवा नामित प्रतिनिधि द्वारा कार्यालय के चिन्तन सभागार में खोले जायेंगे। इच्छुक निविदादाता टैण्डर खोलते समय उपस्थित रहे सकते हैं।

(ध्रुव सिंह मार्तोलिया)
प्रभागीय वनाधिकारी
सिविल एवं सोयम वन प्रभाग, अल्मोड़ा

## बहादुर सिंह तोलिया बने सीएपीएफ के मुख्य संरक्षक

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** सेवानिवृत/सेवारत (सीएपीएफ) अर्धसैनिक परिवार कल्याण एवं सामाजिक सुरक्षा समिति का मुख्य संरक्षक बहादुर सिंह तोलिया को चुन लिया गया है। सीजीएचएस से संबंधित केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों की सहमति से प्रतिनिधि मंडल की नियुक्ति की गई।

एक बैंकट हाल में हुई बैठक में 18 वरिष्ठ सदस्यों की उपस्थित में 10 सदस्यों का प्रतिनिधि मंडल नियुक्त किया गया। जिसमें मुख्य संरक्षक बहादुर सिंह तोलिया के अलावा एचसी जोशी, जेसी पंत, वीडी उपाध्याय, केसी पंत, आरपी जोशी, आरसी पलड़िया, टीसी जोशी, एमएस नेगी व पियूष तिवारी हैं। प्रतिनिधिमंडल को नैनीताल जिले में खुलने जा रहे सीजीएचएस डिस्पेंसरी से संबंधित सम्पूर्ण कार्रवाई करने के लिए अधिकृत किया गया।

# अतिक्रमण को लेकर व्यापारियों ने पालिका कर्मियों से की झड़प

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** अतिक्रमण को लेकर पालिका की कार्रवाई लगातार जारी है। नगर में अतिक्रमण करने वालों पर चालानी कार्यवाही की जा रही है। वहीं शनिवार को भी पालिका की टीम बड़ा बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण करने वालों पर चालानी कार्यवाही कर रही थी तभी व्यापारियों और पालिका कर्मियों के बीच तीखी झड़प हो गई। इसके बाद व्यापारियों ने अधिशासी अधिकारी राहुल आनंद से इस संबंध में मुलाकात की और ईओ से अपनी गलती स्वीकार करते हुए माफी भी मांगी।

ईओ राहुल आनंद ने बताया कि मेरी मौजूदगी में चालानी कार्यवाही करते हुए संबंधित दुकानदार द्वारा पालिका कर्मचारी के साथ मारपीट व गालीगलौज की है। इसलिए संबंधित को माफ नहीं किया जाएगा और कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। मां नयना देवी व्यापार मंडल अध्यक्ष पुनीत टंडन ने कहा कि पालिका कर्मचारियों को व्यापारियों के साथ मारपीट करने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने ईओ से कहा कि पंत पार्क सहित अन्य स्थानों पर भी पालिका को कार्रवाई करनी चाहिए।

कर निरीक्षक हिमांशु चंद्रा ने बताया कि वे लोग अतिक्रमण कार्यों पर चालानी कार्रवाई कर रहे थे तभी स्टूडेंट्स शॉप सूज के स्वामी द्वारा चालानी कार्रवाई का विरोध करते हुए पालिका कर्मियों के साथ अभद्रता शुरू कर दी और उनके चालान बुक भी फेंक दी गई, तथा अतिक्रमण प्रभारी कमल कटियार के साथ मारपीट की जिसमे हाथ की एक अंगुली फैक्चर हो गई।



ईओ से वार्ता करते व्यापारी। ● अमृत विचार

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री कृ.म.ए. इण्टर कॉलेज, किच्छा (ऊधमसिंह नगर) की प्रशासन योजना में वर्णित व्यवस्थानुसार नवीन प्रबन्ध समिति के गठन हेतु साधारण सभा की सदस्यता ग्रहण करने बावत विद्यालय के सेवित क्षेत्र के महानुभाव जिनकी उम्र 21 वर्ष या उससे अधिक हो, वे सदस्यता शुल्क किच्छा क्षेत्र के किसी भी बैंक से प्रबन्धक, श्री कृ.म.ए. इण्टर कॉलेज, किच्छा (ऊधमसिंह नगर) के पदनाम का बैंक ड्राफ्ट को सूचना प्रकाशन से दिनांक 15 फरवरी, 2024 के अपरान्ह 5 बजे तक आवेदन पत्र के साथ संलग्न कर विद्यालय कार्यालय में जमा किये जा सकेंगे। सदस्य बनने के इच्छुक व्यक्ति स्वयं उपस्थित होकर विद्यालय कार्यालय से विद्यालय कार्य दिवस व समयान्तर्गत आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। सदस्यता शुल्क-साधारण सदस्य शुल्क- 501 रू., आजीवन सदस्यता शुल्क 5100 रू., संरक्षक/विशेष आजीवन सदस्य शुल्क 11000 रू./

प्रबन्धक
श्री कृ.म.ए. इण्टर कॉलेज
किच्छा (ऊधमसिंह नगर)
पत्रांक : 89/2023-24 दिनांक : 27-01-2024

# सप्ताह में तीन दिन चलाई जाए रामनगर-बांद्रा एक्सप्रेस

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर रामनगर से बांद्रा एक्सप्रेस ट्रेन को सप्ताह में तीन दिन चलने का अनुरोध किया है।

केंद्रीय मंत्री भट्ट ने पत्र में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को बताया है कि वर्तमान में रामनगर से बान्द्रा एक्सप्रेस ट्रेन (22975/76) संचालित है, जो कि सप्ताह में सिर्फ एक दिन शुक्रवार को चलती है, जिसमें अत्यधिक संख्या में यात्री सफर करते है। यात्रियों की संख्या अधिक होने से भीड़ रहती है। इससे यात्रियों को असुविधाएं होती हैं। नियमित समय पर अपने गंतव्य स्थान तक नहीं पहुंच पाते हैं। उन्होंने कहा कि रामनगर में कॉर्बेट टाइगर रिजर्व है। इस वजह से यहां वर्ष भर देश-विदेश के सैलानी पहुंचते हैं।



लालकुआं में केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट को ज्ञापन देते कार्यकर्ता।

### समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा

**लालकुआं।** सड़क एवं अन्य समस्याओं को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने लालकुआं से दिल्ली जा रहे केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट को लालकुआं रेलवे स्टेशन में ज्ञापन सौंपा। भाजपा मंडल अध्यक्ष धन सिंह बिष्ट, महामंत्री सुरेंद्र सिंह लोटनी मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली,मुरादाबाद, हल्द्वानी,अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 9837450888
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## एक नजर

### नवविवाहिता की हुई मौत

**बाजपुर।** संदिग्ध परिस्थितियों में नवविवाहिता की मौत हो गई। घटना से स्वजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शनिवार को जब महिला को परिजनों ने बाजपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य में भर्ती कराया तो चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। नगर पालिका के अन्तर्गत वार्ड नंबर 4 आलापुर निवासी रीता (28) पत्नी कुलदीप की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि संदिग्ध परिस्थिति में एक महिला की मौत होने की सूचना मिली है। लेकिन तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर आने के बाद कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### 30 घंटे बंद रहेगी बाजपुर चीनी मिल में गन्ना पेराई

**बाजपुर।** सहकारी चीनी मिल में सामान्य सफाई कार्य के चलते 27 जनवरी की रात्रि 12 बजे से 29 जनवरी की प्रात: छह बजे तक करीब 30 घंटे गन्ना पेराई बंद रहेगी और तब तक टोकन बंद किया जाएगा। 29 जनवरी को प्रात: 6 बजे से टोकन प्रारंभ किया जाएगा। यह जानकारी चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक हरवीर सिंह व सीसीओ डॉ .राजीव अरोड़ा द्वारा दी गई है।

### बाइक और स्कूटी चोरी

**काशीपुर।** चोरों ने अलग-अलग स्थानों से बाइक व स्कूटी चोरी कर ली। ग्राम धीमरखेड़ा निवासी फारूक पुत्र नब्बन सिंह ने कोतवाली मे रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 20 जनवरी को वह एक समारोह में सम्मिलित होने के लिए दढ़ियाल रोड पर एक रिसोर्टस में आया था। जहां से उसकी मोटर साइकिल चोरी हो गयी। उधर, मधुवन नगर निवासी रचित अग्रवाल पुत्र प्रकाश अग्रवाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 23 जनवरी को माल गोदाम रेलवे स्टेशन के पास से किसी ने उसकी स्कूटी चोरी कर ली। पुलिस ने दोनों केसों में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### तीन लोग बिजली चोरी करते पकड़े

**बाजपुर।** उर्जा निगम की टीम ने तीन लोगों को बिजली चोरी करते पकड़ा। जिनके खिलाफ विद्युत अधिनियम की धारा 135 के अन्तर्गत मामले दर्ज किए गए हैं। अधिशासी अभियंता विवेक काण्डपाल के निर्देशन में एसडीओ ललित मोहन, अवर अभियन्ता मोहम्मद फरहान ग्राम रम्पुरा शाकर (नामधारी क्रेशर के पीछे) पंहुचे तो तौसीफ पुत्र जाकिर हुसैन को परिसर में बिजली चोरी करते पाया। इसी गांव में मो. आरिफ पुत्र आबिद हुसैन को (आटा चक्की) के पास से, तथा गणेशपुर केलाखेड़ा में बबलू सिंह पुत्र भोला शंकर को बिजली चोरी करते पकड़ा। इनके मीटर सील कर केबिल कब्जे में ले ली गई है।

### अच्छे स्टार्टअप को सामने लाना है मेले का मकसद, देशभर के 100 से अधिक स्टार्टअप ले रहे हैं भाग, इनमें 50 से अधिक उत्तराखंड के

# आईआईएम में एग्री मेला स्टार्टअप एक्सपो उतिष्ठा का शुभारंभ

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** एग्री मेला स्टार्टअप एक्सपो उतिष्ठा में आईआईएम फीड द्वारा किए गए कार्यों और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया।

भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) में कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय एग्री मेला स्टार्टअप एक्सपो उतिष्ठा का शुभारंभ हुआ। इस दौरान देश भर से आये कुछ बेहतरीन स्टार्टअपों ने अपने विचारों को साझा किया। साथ ही आईआईएम फीड द्वारा किये गये कार्यों व उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला गया।



काशीपुर में आईआईएम में एग्री मेला स्टार्टअप एक्सपो उतिष्ठा का शुभारंभ करते आईआईएम के डायरेक्टर प्रो. कुलभूषण बलूनी।

शनिवार की शाम आईआईएम परिसर में दो दिवसीय कार्यक्रम उतिष्ठा का डायरेक्टर प्रो. कुलभूषण बलूनी ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि आईआईएम काशीपुर फीड हर वर्ष यह कार्यक्रम आयोजित करता है। जिसका उद्देश्य देश व राज्य के अच्छे स्टार्टअप को चुनकर सामने लाना है। साथ ही उन स्टार्टअप को अपने प्रोडेक्ट का प्रदर्शन करने को मंच देना है। आईआईएम के एसोसिएट प्रोफेसर सफल बत्रा ने फीड द्वारा किये गये कार्यों व उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कहा कि पिछले पांच वर्षो में फीड ने लगभग 190 स्टार्टअप को सहयोग किया है। कार्यक्रम में देश भर के 100 से अधिक स्टार्टअप प्रतिभाग कर रहे हैं। जिसमें से 50 से अधिक उत्तराखंड के हैं। फीड के प्रमुख इंड्रस्टीज़ पार्टनर केवीएस ग्रुप के प्रबंध निदेशक देवेंद्र अग्रवाल ने कहा कि उद्योग आईआईएम में उद्यमिता के क्षेत्र में नये प्रयोग को बढ़ावा दे रहे हैं। एग्रो नेक्स्ट कृषि स्टार्टअप के संस्थापक रजत वर्धन समेत अन्य बेहतरीन स्टार्टअप ने अपने विचारों को साझा किया। कार्यक्रम का इस वर्ष का विशेष आकर्षण फ्रेंडस ऑफ फीड रहा। जिसमें स्टार्टअप और उद्यमिता को सहयोग करने वाली संस्था, उद्यमिता उद्योग व स्टार्टअप साथ रहे। बताया कि कार्यक्रम की सहयोगी संस्था एसआईबी, नाबार्ड, केवीएस ग्रुप, एसपीएनजी, देवार्पण फूड्स, नैनी ग्रुप, फ्लेक्सी टफ व केवीआर हॉस्पिटल फ्रेंडस ऑफ फीड हैं। जो कई वर्षों से उत्तराखंड व आसपास के क्षेत्रों में स्टार्टअप व उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिये फीड का सहयोग कर रहे हैं।

### अलाव सेंक रही वृद्धा आग की चपेट में आने से झुलसीं

**किच्छा।** कोतवाली अंतर्गत क्षेत्र में घर के बाहर अलाव के पास बैठी बुजुर्ग महिला आग की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गई। घटना के बाद परिजनों द्वारा महिला को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने गंभीर अवस्था में महिला को हायर सेंटर रेफर कर दिया। कोतवाली अंतर्गत बंगाली कॉलोनी, वार्ड नंबर 2 निवासी अमल की 62 वर्षीय पत्नी हरिदासी देवी शनिवार की सुबह ठंड से बचाव के लिए घर के बाहर जलाए अलाव के पास बैठी थी। इसी दौरान अचानक आग तेज होने से हरिदासी देवी के कपड़ों में आग लगने के चलते वह बुरी तरह झुलस गई। घटना के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। परिजनों ने स्थानीय लोगों की मदद से बमुश्किल आग पर काबू पाया। घटना में गंभीर रूप से झुलसी वृद्ध महिला को इलाज के लिए किच्छा के सरदार बल्लभभाई पटेल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हरिदासी देवी को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# उद्योगों को हरसंभव सुविधाएं दी जाएंगीं: मिश्रा

### औद्योगिक आस्थानों की समस्याओं का करें समाधान, प्रभारी डीएम ने उद्योग बंधु की बैठक में दिए निर्देश

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** प्रभारी जिलाधिकारी विशाल मिश्रा ने कहा कि जनपद में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए हरसंभव सुविधाएं मुहैया कराने के लिए जिला प्रशासन पूर्णतः प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी अधिकारियों को औद्योगिक आस्थानों से संबंधित कार्यों और समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करने के निर्देश दिए।

शनिवार को यह बात प्रभारी जिलाधिकारी ने डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में उद्योग मित्र की बैठक के दौरान कही। उन्होंने नवीनीकरण हो चुके मेथेनॉल लाइसेंस तत्काल संबंधित फर्मों को उपलब्ध कराने के निर्देश आबकारी अधिकारी को दिए। साथ ही सिडकुल परिसर में दुकानों एवं शौचालयों के संचालन से संबंधित कार्यवाही करते हुए 15 फरवरी तक सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। ईएसआईसी अस्पताल से सिडकुल पंतनगर के जोड़ने के लिए कनेक्टिंग रोड पर तेजी से कार्य कराने के निर्देश क्षेत्रीय प्रबंधक सिडकुल को दिए। उन्होंने सिडकुल काशीपुर में आंतरिक सड़क निर्माण कार्य के लिए 31 मार्च तक पूर्ण करने के निर्देश दिये। सिडकुल सितारगंज में खाली पड़े प्लॉटों में वृक्ष कटान की वन टाइम परमिशन के लिए वन विभाग को 7 फरवरी तक स्थलीय निरीक्षरण कर नियमानुसार अनुमति प्रदान करने के निर्देश दिए। थर्ड पार्टी ऑडिट के संबंध में शासन से पत्राचार करने के निर्देश जीएम डीआईसी को दिए। उन्होंने सितारगंज में बायोमेडिकल वेस्ट के लिए आवंटित प्लॉट का वन विभाग द्वारा निरीक्षण कर नियमानुसार पेड़ कटान की अनुमति देने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का क्षेत्रीय कार्यालय रुद्रपुर में खोलने के लिए कार्यवाही करने के निर्देश क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी को दिए।



अधिकारियों के साथ बैठक करते प्रभारी डीएम विशाल मिश्रा। ● अमृत विचार

### एल्डिको सितारगंज में नये सब स्टेशन का कार्य 15 अप्रैल तक करें पूर्ण

**रुद्रपुर।** प्रभारी जिलाधिकारी ने एल्डिको सिडकुल औद्योगिक पार्क सितारगंज के फेज-2 में विद्युत आपूर्ति के लिए नए सब स्टेशन निर्माण की डेडलाइन निर्धारित करते हुए 15 अप्रैल तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने एल्डिको सिडकुल औद्योगिक पार्क सितारगंज में सड़क चौड़ीकरण के लिए शासन में भेजे गए प्रस्ताव की प्रति जिला कार्यालय में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

**बैठक में यह लोग रहे मौजूद:** मुख्य कोषाधिकारी डॉ.पंकज कुमार शुक्ल, महाप्रबंधक उद्योग विपिन कुमार, अपर मुख्य अधिकारी तेज सिंह, अधिशासी अभियंता लोनिवि राजकुमार, एएलसी दीपक कुमार, जिला पर्यटन विकास अधिकारी लता बिष्ट, केजीसीसीआई के आरके गुप्ता, आरके मिडडा, एसईडब्ल्यूएस के अध्यक्ष श्रीकर सिंहा समेत उद्यमी कुलदीप सिंह, सतपाल सिंह, आरके अग्रवाल, अंकुर पपनेजा समेत कई उद्यमी उपस्थित रहे।

### युवाओं को तम्बाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के निर्देश

**रुद्रपुर।** प्रभारी जिलाधिकारी विशाल मिश्रा ने समाज में बढ़ रही कैंसर की बीमारी पर चिंता व्यक्त करते हुए युवाओं को तम्बाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिये। साथ ही युवाओं को तम्बाकू उपयोग के शारीरिक और आर्थिक नुकसान के साथ ही परिवार द्वारा उठाई जाने वाली परेशानियों के प्रति जागरूक किया गया। शनिवार को प्रभारी जिलाधिकारी ने जिला कार्यालय सभागार में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जनपद के सभी इंटर कॉलेजों में वृहद अभियान चलाते हुए चार माह के भीतर प्रत्येक इंटर कॉलेज में तम्बाकू, मादक पदार्थों के सेवन के साथ ही रोड सेफ्टी के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि तम्बाकू फ्री विलेज की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में पंचायती राज विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने ई-सिगरेट, अवैध तम्बाकू आदि के विरूद्ध तेजी से छापेमारी करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर कार्यक्रम निदेशक ममता थापा, राज्यकर अधिकारी धीरेंद्र कुमार भट्ट, सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से ट्रक चालक की मौत

दुखद

- ट्रक खराब होने पर ढाबे से पैदल लौट रहा था चालक
- पुलिस ने पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंपा

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** सड़क पार करते समय एक ट्रक चालक की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। 112 नंबर पर मिली सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। पुलिस ने शव मृतक के परिजनों को सौंप दिया है।

काशीपुर-रुद्रपुर नेशनल हाइवे पर स्थित बल्ली ढाबा के सामने एक ट्रक खराब हो गया। ट्रक की मरम्मत के लिए ट्रक चालक कुछ सामान के लिए सामने स्थित ढाबे पर गया। वहां से लौटते वक्त सड़क पार करते समय वह किसी वाहन की चपेट में आ गया। जिससे वह लहूलुहान होकर रोड पर ही गिर गया। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। हादसे में घायल ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना पर आईटीआई थाने के एसआई प्रकाश बिष्ट ने मौके पर पहुंचकर शव कब्जे में लिया। उन्होंने बताया कि मृतक की शिनाख्त आईटीआई थाना क्षेत्र के चैती गांव निवासी गुरनाम सिंह के रूप में हुई है। खबर लिखे जाने तक प्राथमिकी दर्ज नहीं हो सकी है।

### वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

**किच्छा।** अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद टक्कर मारने वाला वाहन मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। काफी प्रयास के बाद भी मृतक की कोई शिनाख्त नहीं हो पाई। जानकारी के अनुसार सुबह तड़के हल्द्वानी मार्ग पर बेनी मजार के निकट अज्ञात वाहन ने करीब 32 वर्षीय युवक को रौंद दिया। घटना में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मृतक की तलाशी के दौरान दस्तावेज के आधार पर मृतक की शिनाख्त करने का प्रयास किया। लेकिन कोई भी कागजात न मिलने के चलते मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रुद्रपुर भेज दिया। पुलिस द्वारा मृतक की शिनाख्त करने के प्रयास किया जा रहा है।

# चश्मदीद की मौत पर खड़े किए सवाल

प्रेसवार्ता

- भारामल मंदिर के महंत और सेवादार की हत्या का मामला

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** उपनेता प्रतिपक्ष एवं विधायक भुवन चंद कापड़ी ने भारमल मंदिर में महंत हरिगिरि और सेवादार की हत्या के 20 दिन बाद भी हत्याकांड को खुलासा करने में पुलिस नाकाम रही है। उन्होंने हत्या के चश्मदीद की संदिग्ध मौत को लेकर पुलिस प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

विधायक कापड़ी कांग्रेस कार्यालय पर प्रेस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बाबा भारामल मंदिर में महंत हरि गिरी महाराज और उनके सेवादार की पहले ही निर्मम हत्या हो चुकी है वहीं हत्याकांड के एकमात्र चश्मदीद नन्हें की बीते दिवस संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है जो पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान उठाता है। उन्होंने कहा कि हत्याकांड का नन्हें चश्मदीद गवाह था तो पुलिस ने कस्टडी में क्यों नहीं रखा और यदि छोड़ा भी था तो उसे पुलिस सुरक्षा दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि 20 दिन से अधिक का समय बीतने के बाद भी पुलिस हत्यारों को पकड़ने में नाकाम रही है जो उसकी घोर लापरवाही का नतीजा है। यह भी कहा कि पुलिस दोहरे हत्याकांड और एक अन्य सेवादार की संदिग्ध मौत को गंभीरता से नहीं ले रही है। इस मौके पर कांग्रेस प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य उमेश सिंह राठौर बॉबी, जसविंदर सिंह, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष नरेंद्र आर्या, नगर अध्यक्ष रवीश भटनागर, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद चंद, मान सिंह, उमेद सिंह रौतेला, नासिर खान, रमेश जोशी, मो. ताहिर, अरफात अंसारी, वीरेंद्र राज, पंकज टम्टा, सुखविंदर सिंह पंधेर, लकी पंधेर आदि रहे।



खटीमा में पत्रकारों के रूबरू होते विधायक भुवन चंद्र कापड़ी। ● अमृत विचार

### युवक ने फांसी लगाकर जान दी

**बाजपुर।** बीते दिवस वार्ड नंबर-एक मोहल्ला मझरा-प्रभु निवासी संजीव (25) पुत्र चंद्रपाल ने कमरे के अंदर पंखे के सहारे रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली।

सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर फांसी पर लटके युवक को नीचे उतारा और तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना से मृतक के स्वजनों में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि युवक शराब का आदी था और नशे की हालत में ही उसने यह कदम उठाया है। पुलिस के अनुसार अभी तक किसी की भी तरफ से लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है, शिकायत मिलने पर जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

# अलग-अलग सड़क हादसों में दो युवकों की मौत



संदीप व हीरा कोहली की फाइल फोटो।

संवाददाता बाजपुर

**अमृत विचार:** अलग-अलग सड़क हादसों में दो युवकों की मौत हो गई। जबकि चार गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। इन हादसों की वजह घना कोहरा बताया जा रहा है।

पहली घटना नैनीताल-बाजपुर मुख्यमार्ग पर गुरुवार मध्य रात्रि रोडवेज बस अड्डा के नजदीक हुई। पुलिस के अनुसार सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्राली में बाजपुर की ओर आ रही कार टकरा गई। हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए। कार में सवार ग्राम महुआ डाबरा जसपुर निवासी संदीप सागर (28) पुत्र कैलाश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि इसी गांव के रहने वाले शीशपाल (28) पुत्र दौलत सिंह, संजय उर्फ काले (42) पुत्र तेजपाल सिंह, कपिल (29) पुत्र विजय सिंह व काशीपुर निवासी सुमित शर्मा (33) पुत्र स्व.विपिन कुमार शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बमुश्किल कार से बाहर निकालकर 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर सभी को हायर सेंटर रेफर कर दिया है। हादसे के बाद आरोपित चालक ट्राली मौके पर छोड़ ट्रैक्टर समेत फरार हो गया।

दूसरी घटना नगर के मध्य मुख्यमार्ग स्थित भगत सिंह चौक पर गुरुवार देर रात में हुई है। अज्ञात वाहन की चपेट में आकर ग्राम नंदपुर नरकाटोपा निवासी हीरा कोहली (28) पुत्र स्व.गोविंद गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। मृतक हीरा कोहली एक स्पेयर पार्ट्स की दुकान पर काम कर परिवार का भरण-पोषण करता था।



बाजपुर में सड़क हादसे में बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई कार। ● अमृत विचार

शुरुआत

### वन विभाग, सरकार व वाहन स्वामियों के बीच जद्दोजहद के बाद गेट से निकासी शुरू

# इमली घाट गेट पर पहले दिन 210 वाहनों की एंट्री

संवाददाता, शांतिपुरी

**अमृत विचार:** वन विभाग, सरकार व वाहन स्वामियों के बीच लगातार तीन महीने तक चली लंबी जद्दोजहद के बाद शनिवार को पहली बार शांतिपुरी इमलीघाट उपखनिज गेट से निकासी शुरू हो गयी है। यहां पहले दिन गेट पर पंजीकृत करीब 550 वाहनों में से 210 वाहनों ने अपनी एंट्री करवाई।

सरकार की ओर से उपखनिज निकासी शिष्टम में भारी बदलाव व खनन को निजि हाथों में देने की कसमकश से नाराज वाहन स्वामी लंबे समय से सरकारी शिष्टम का विरोध कर रहे थे। वाहन स्वामियों के कड़े विरोध के बाद सरकार की ओर से खनन नियमों में सुधार हुआ। जिसके बाद उपखनिज निकासी के लिए सहमत हुए वाहन स्वामियों ने शनिवार को इमलीघाट गेट पर नदी से उपखनिज लेकर आ रहे वाहनों का तिलक कर स्वागत किया।

वाहन यूनियन अध्यक्ष कविन्दर कोरंगा ने कहा कि खनन पर हजारों लोगों का रोजगार प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से जुड़ा हुआ है। वाहन स्वामियों की एकता एवं कड़े संघर्ष के परिणाम आज गेट से निकासी संभव हो पाई है। जो सभी के लिए एक शुभ संकेत है। इस दौरान शनिवार को गेट खुलने के पहले दिन कुल 210 वाहनों ने अपनी एंट्री कराई।

इस दौरान पंडित पंकज उप्रेती, इमली घाट गेट अध्यक्ष कविंद्र सिंह कोरंगा, गेट इंचार्ज जगदीश चंद जोशी, वन निगम के कर्मचारी दीवान सिंह धामी, उमेद सिंह मेहता, कुंदन सिंह, दीपक राणा, नरेंद्र रौतेला, नवीन जोशी, मुकेश बसेड़ा, प्रदीप रौतेला हेमंत बिष्ट, कैलाश रावत, जगदीश कोरंगा मौजूद रहे।



इमलीघाट गेट के शुभारंभ पर एक दूसरे को तिलक कर खुशी मनाते वाहन स्वामी।

### आनंद सड़क हादसा प्रकरण में मुकदमा दर्ज

**रुद्रपुर।** 21 जनवरी को अज्ञात वाहन की टक्कर से हुए आंनद मौत प्रकरण में पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। साथ ही चालक की तलाश शुरू कर दी है।ग्राम बोहरागांव भुजान रानीखेत निवासी राजेंद्र सिंह खनायत ने बताया कि 21 जनवरी को उसका बड़ा भाई 38 वर्षीय आनंद सिंह खनायत शादी पार्टी का काम कर पैदल आ रहा था। इस बीच कीरतपुर गांव के समीप अचानक पीछे से एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शिकायतकर्ता का आरोप था कि वाहन चालक ने लापरवाही व तेज गति से वाहन का संचालन किया।

# कृषि वैज्ञानिक डॉ. चौधरी और डॉ. सिंह पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित

संवाददाता, रुद्रपुर/पंतनगर

**अमृत विचार:** जीबी पंत विश्वविद्यालय के शोध एवं शिक्षण कार्यक्रम में योगदान करने वाले दो कृषि वैज्ञानिकों डॉ. राम चेत चौधरी और डॉ. रवि प्रकाश सिंह को 75वें गणतंत्र दिवस पर प्रतिष्ठित पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान ने दोनों ही कृषि वैज्ञानिकों को पद्मश्री से सम्मानित किये जाने पर बधाई दी। साथ ही विश्वविद्यालय में शोध एवं शिक्षण कार्यक्रमों में सहयोग के लिए प्रसन्नता व्यक्त की।

शनिवार को कुलपति डॉ. चौहान ने बताया कि पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित डॉ.राम चेत चौधरी खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) से सेवानिवृत्त होने के बाद गोरखपुर में पीआरडीएफ नाम से स्वयं सेवा संस्थान चलाकर पूरे क्षेत्र में गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्ध कराने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने लुप्त हो रहे काला नमक धान को अपने प्रयासों से लगभग 80 हजार हेक्टेयर तक पहुंचा दिया है। साथ ही उसे आईपीआर के तहत जीआई टैग भी दिलाया है। उन्होंने पंतनगर कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन विभाग में 1969 से 1979 तक एक दशक संकाय सदस्य के रूप में शोध एवं शिक्षण कार्य में योगदान दिया। वहीं पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित डॉ. रवि प्रकाश सिंह अंतरराष्ट्रीय मक्का एवं गेहूं अनुसंधान (सिमिट), मैक्सिको में गेहूं में अनुसंधान के लिए ग्लोबल लीडर के रूप में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने विश्व स्तर पर गेहूं की हजारों नयी प्रजातियों के विकास में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है।




पुलिस लाइन में गणतंत्र दिवस की परेड का निरीक्षण करते प्रभारी मंत्री गणेश जोशी। ● अमृत विचार


ध्वजारोहण के बाद वंदे मातरम ग्रुप के साथ चुघ। ● अमृत विचार

# यूएसनगर में हर्षोल्लास से मनाया गया गणतंत्र दिवस

## प्रभारी मंत्री, डीएम और एसएसपी ने किया ध्वजारोहण, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, उनके आश्रित और 26 पुलिसकर्मी हुए सम्मानित

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** ऊधमसिंह नगर में जगह-जगह गणतंत्र दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान पुलिस लाइन में प्रभारी मंत्री गणेश जोशी ने ध्वजारोहण किया। इसके अलावा कलेक्ट्रेट में डीएम व एसएसपी कार्यालय में एसएसपी ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने परेड की सलामी ली। साथ ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं आश्रितों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारियों को पदक देकर प्रोत्साहित किया गया।

शुक्रवार की सुबह साढ़े दस बजे प्रभारी मंत्री गणेश जोशी पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में पहुंचे। इस दौरान प्रभारी मंत्री जोशी ने कहा कि हमारा देश 15 अगस्त 1947 आजाद जरूर हुआ था, लेकिन हमारा संविधान 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ। इस दिन भारत पूर्ण गणतंत्र बना था। उन्होंने कहा कि आठ दशकों का सफर हमारे राष्ट्र के लिए चुनौतियों भरा रहा है। 1947 में आजाद होने से लेकर जी-20 तक का सफर तय किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश महाशक्ति बनने की राह पर अग्रसर है।

इससे पूर्व उन्होंने जिलाधिकारी उदयराज सिंह और एसएसपी मंजूनाथ टीसी के साथ निरीक्षण वाहन से पुलिस परेड का निरीक्षण किया। इसके बाद पुलिस जवानों की टोलियों ने कदमताल कर परेड निकाली जिसको मुख्य अतिथि ने सलामी दी और जवानों का मनोबल बढ़ाया। इस दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं उनके आश्रितों के साथ ही वर्ष 2023 में सराहनीय कार्य करने वाले 26 पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। वहीं कई विभागों की निकली झांकियां भी आकर्षण का केंद्र रही। परेड को कमांड प्रथम कमांडर आईपीएस प्रशिक्षु एवं सीओ सदर निहारिका तोमर ने किया। वहीं द्वितीय परेड कमांडर निरीक्षक विजय विक्रम और तृतीय परेड कमांडर उपनिरीक्षक होशियार सिंह के अलावा नागरिक पुलिस, सशस्त्र पुलिस, महिला पुलिस, पीएसी, होमगार्ड, पीआरडी एवं एनसीसी कैडेट्स के अलावा जिले के थाना स्तर पर संचालित पहली महिला चीता मोबाइल पुलिस, सीपीयू, फायर सर्विस, बम डिस्पोजल यूनिट, इंटरसेप्टर वाहन सहित जवानों की टोली आकर्षण का केंद्र रही।


पुलिस कर्मी को सम्मानित करते प्रभारी मंत्री गणेश जोशी। ● अमृत विचार


रुद्रपुर में परेड को सलामी लेते प्रभारी मंत्री गणेश जोशी। ● अमृत विचार

### स्वतंत्रता सेनानी व उनके आश्रित सम्मानित

**रुद्रपुर।** गणतंत्र दिवस पर जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने जिला कार्यालय में ध्वजारोहण किया और स्वतंत्रता सैनानी व उनके आश्रितों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारा देश आजाद होने के साथ ही अन्य देश भी आजाद हुए, लेकिन हमारा देश सबसे ज्यादा मजबूत हुआ है। हमारा देश विकास के क्षेत्र में अग्रणी है और विश्व के लगभग सभी क्षेत्रों में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से अपना प्रभाव डाल रहा है। मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा ने कहा कि हमारा आचरण, व्यवहार कार्यालय और कार्यालय के बाहर भी अच्छा होना चाहिए। ताकि सब के मन में सरकार और कर्मचारियों के प्रति अच्छी अवधारणा बने। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमा शंकर नेगी ने देशभक्ति गीतों से समां बांधा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी, जय भारत सिंह, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, तहसीलदार दिनेश कुटौला, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमा शंकर नेगी सहित कार्यालय के कर्मचारी व अधिकारी मौजूद रहे।

### जीबी पंत विवि और जैव प्रौद्योगिकी हल्दी में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस

**पंतनगर।** जीबी पंत विश्वविद्यालय में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान ने अधिकारियों की उपस्थिति में कुलपति आवास तराई भवन पर ध्वजारोहण किया। इसके बाद गांधी मैदान में भारी संख्या में उपस्थित शिक्षकों, वैज्ञानिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों के मध्य ध्वजारोहण किया और देश की एकता व बंधुता को बनाये रखने का संकल्प दिलाया। इस दौरान उन्होंने असंख्य शहीदों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को याद किया जिनके बलिदानों की नींव पर भारत स्वतंत्र रूप से खड़ा है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के समस्त अधिष्ठाता, निदेशक आदि उपस्थित थे। वहीं उत्तराखंड जैव प्रौद्योगिकी परिषद हल्दी पंतनगर में 75वां गणतंत्र दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान परिषद के निदेशक डॉ.संजय कुमार ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस सभी भारतीयों के लिए एक ऐतिहासिक दिन है और देश में लोकतंत्र के मजबूती का प्रतीक है। हमें अद्भुत संविधान और एकता की भावना को समझते हुए, अपने कर्तव्यों का पालन निष्ठा से करना चाहिए और संघर्ष, समर्पण, और साहस की भावना के साथ आगे बढ़ने का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर परिषद के वैज्ञानिक डॉ. मणिन्द्र मोहन, डॉ. कंचन कार्की, डॉ. अनुपम आजाद, सचिन शर्मा, जितेंद्र सिंह बोहरा, अनुज कुमार, चंद्रशेखर सिंह, केशव रावत, ललित मिश्रा, सौरभ पंडा, मनोज शाह, मेधा सिंह, वैशाली, सरिता, सोनाली सहित सभी शोधार्थी एवं प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

# स्कूल-कॉलेजों में रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** गणतंत्र दिवस पर निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ने दुधिया नगर स्थित ग्रीन वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, सुभाष कॉलोनी स्थित मदरसा गरीब नवाज पब्लिक स्कूल, रम्पुरा स्थित बाल विकास विद्या मंदिर स्कूल, शांति कालोनी स्थित न्यू जनरेशन पब्लिक स्कूल, वॉर्ड चार स्थित के आर पब्लिक स्कूल सहित विभिन्न विद्यालयों में ध्वजारोहण किया एवं भारत माता के चित्र पर भी पुष्पांजलि अर्पित कर माल्यार्पण किया।

इस अवसर पर भुवन गुप्ता, प्रमोद शर्मा, सुरेश विश्वास, डॉ. राकेश सिंह, बाबू खान, डॉ. सोनू खान, राकेश सिंह, अजय यादव, छेदा लाल राठौर, नुक्ता प्रसाद राठौर, नितिन भल्ला, राजेंद्र बजरंगी, संजय राधू, अक्षय गहलोत सहित तमाम लोग मौजूद रहे। भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भारत भूषण चुघ ने तिलक राज कपूर सरस्वती शिशु मंदिर, प्राथमिक


जेसीज पब्लिक स्कूल में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

विद्यालय खेड़ा, भंजु राम इंटर कॉलेज भूरारानी में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर भंजु राम इंटर कॉलेज भूरारानी और अमर इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक सुरेश गांधी, एसएस गंगवार, बलदेव राज छाबड़ा, राज कोली, वंदे मातरम ग्रुप रुद्रपुर संजय कुमार, संस्थापक सट्टा कोली, दिनेश परिहार, विशाल, हिमांशु जोशी समेत कई लोग मौजूद रहे। वहीं लिटिल किंगडम प्रीपेट्री स्कूल में गणतंत्र दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। यहां प्रधानाचार्य परविंदर पुरी ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य सिमरन पुरी, विद्यालय संचालक लक्ष्य शर्मा समेत कई लोग मौजूद रहे। जेसीज पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि नारायण हॉस्पिटल के संस्थापक डॉ.प्रदीप अदलखा एवं स्कूल के प्रधानाचार्य, निदेशक, प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप ध्वज फहराया। इस अवसर पर प्रबंधन समिति के महासचिव सुरजीत सिंह ग्रोवर, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र गिरधर, उपाध्यक्ष बच्चन सिंह, संयुक्त सचिव अंकुर मित्तल, कोषाध्यक्ष इद्रंजीत अरोरा, सुमित कुमार आदि लोग मौजूद रहे। ट्रांजिट कैंप जन्म भूमि इंटर कालेज में प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष मीना शर्मा और स्कूल प्रबंधक डॉ.सुमित राय ने ध्वज फहराया। इस दौरान अनिल शर्मा, मोनिका ढाली, जगदीश तनेजा, मोनू निषाद, संजीव रस्तोगी, मोहन भारद्वाज, रामाधारी गंगवार, उमा संरकार, बेबी सिकंदर, दिनेश मौर्य राजेंद्र राठौर, रविंद्र गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।


गदरपुर सकेनिया मोड पर राष्ट्रीय ध्वज फहराते रामलीला कमेटियों के पदाधिकारी।

### गदरपुर क्षेत्र में धूमधाम के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

**गदरपुर।** नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में 75वां गणतन्त्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान कार्यालयों एवं विद्यालयों में ध्वजारोहण किया गया। स्कूलों द्वारा नगर में प्रभात फेरी निकाली गई। वहीं क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर लोगों ने ध्वजारोहण कर दिवस मनाया गया। 15 वीं बटालियन के मुख्यालय कमांडेंट सुदेश कुमार दराल ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। सकेनिया मोड पर व्यापार मंडल के तत्वावधान में तीनों रामलीलाओं के पदाधिकारियों व्यापार मंडल के जिला व्यापार मंडल अध्यक्ष राजकुमार भुड्डी, नगर अध्यक्ष दीपक बेहड़ के संयुक्त नेतृत्व में, हजारी लाल पेट्रोल पंप पर नरेन्द्र ग्रोवर, नगरपालिका परिषद में अधिशासी अधिकारी संजीव मल्होत्रा, एसआईएमटी कॉलेज बीएड विभाग में प्रधानाचार्य एसके त्रिपाठी, थाने में थाना अध्यक्ष भुवन चंद जोशी ने, तहसील परिसर में तहसीलदार, देवेन्द्र सिंह बिष्ट, मंडी समिति में सचिव योगेश कुमार तिवारी, ब्लाक कार्यालय वीडीओ शेखर जोशी, राजकीय प्राथमिक विद्यालय केवल गंज में भाजपा जिला महामंत्री अमित नारंग, रेडरोज कान्वेन्ट स्कूल में डायरेक्टर एनएस धालीवाल, एसएस पब्लिक स्कूल में सचिव डीपी सिंह, रेड रोज पब्लिक स्कूल में प्रबंधक अजायब सिंह धालीवाल, सेंट मेरी स्कूल में प्रधानाचार्य फादर बीजोय ने, ग्राम सरदार नगर जूनियर हाई स्कूल में ग्राम प्रधान सिल्की चंद्र खेड़ा, देशबंधु कॉलेज में प्रबंधक अमियो विश्वास, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में डा. संजीव सरना आदि ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर काशीपुर भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा, व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक बेहड़ युवा व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष लवली हुड़िया, रविंद्र बजाज, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना पंकज सेतिया, संदीप चावला, राहुल अनेजा, राजेश गुंबर, राकेश गुंबर अनिल गुंबर संख्या में व्यापारी मौजूद थे।

उत्साह | स्कूली बच्चों ने उत्साह के साथ निकाली प्रभात फेरी, स्कूल-कार्यालयों में फहराया तिरंगा

# खटीमा में गणतंत्र दिवस पर हुए कार्यक्रम

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में देश का 75वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। सरकारी, अर्ध सरकारी और निजी संस्थानों पर ध्वजारोहण किया गया। वहीं विद्यालयों में ध्वजारोहण के साथ ही रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रभात फेरियां निकाली गई।

गणतंत्र दिवस पर तहसील दिवस में तहसील परिसर में उप जिलाधिकारी रविंद्र सिंह बिष्ट ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर तहसीलदार हिमांशु जोशी, नायब तहसीलदार नरेंद्र गहतोड़ी सहित समस्त स्टाफ और जनप्रतिधि मौजूद थे। कोतवाली में सीओ वीर सिंह, वन विभाग में उपप्रभागीय वनाधिकारी संचिता वर्मा, गन्ना सोसायटी में किसान नेता प्रकाश तिवारी ने ध्वजारोहण किया। सिटी कॉन्वेंट स्कूल में संस्थापक मोहन चंद्र उपाध्याय, प्रबंधक प्रवीण उपाध्याय, एजुकेशनल डायरेक्टर तिलक उपाध्याय, प्रधानाचार्य अमित रोनाल्ड चौहान ने ध्वजारोहण


खटीमा के तहसील परिसर में ध्वजारोहण करते उप जिलाधिकारी रविंद्र सिंह बिष्ट।


खटीमा में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते सोर वैली पब्लिक स्कूल के बच्चे।

किया गया। एनसीसी कैडेट्स ने मार्चपास्ट किया और बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांधा। कैलाश पांडेय, राजेश जोशी, प्रकाश सिंह बिष्ट, वंदना जोशी, नीता उपाध्याय आदि थे। हिंद पब्लिक स्कूल में मैनेजिंग डायरेक्टर नीरज कुमार और प्रशासिका मंजू खन्ना ने ध्वजारोहण किया। बच्चों ने राष्ट्रभक्ति से ओत प्रोत राष्ट्रीय गीत और शिक्षक गणों ने गणतंत्र दिवस पर समूहगान गाया। इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य पूजा जोशी, विनोद चन्द्र जोशी, रंजीत मेहरा, पूनम कश्यप, ज्योति जोशी, रश्मि नेगी, शशि कश्यप, ममता बिष्ट, दीपा नेगी, मीना शाही, नीतू कन्याल, रूबी खान, विनीता पाठक आदि थे। सोर वैली पब्लिक स्कूल में प्रबंधक गणेश ठकुराठी ने ध्वजारोहण किया। वहीं बच्चों ने प्रभात फेरी निकाली और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर आशा भंडारी, चांदनी मेहरा, गीता ठकुराठी, रितेश चौहान, प्रधानाचार्या ममता धौनी, उप-प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार रहे।

सरस्वती एकेडमी विगराबाग में सर्व प्रथम प्रभात फेरी निकाली गई जिसके विद्यालय पहुंचने पर चेयरपर्सन ज्योति पाल ने ध्वजारोहण किया। गया। बच्चों ने विभिन्न संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जिसमें सरस्वती वंदना, देशभक्ति गीत, छबीली, छलिया नृत्य, भाषण, कविता, लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए।




# गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण के बाद हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

## काशीपुर नगर निगम में मुख्य नगर आयुक्त, कोतवाली में कोतवाल और नवचेतना भवन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शान से किया ध्वजारोहण

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** देश का 75 वां गणतंत्र दिवस काशीपुर में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। काशीपुर नगर निगम में मुख्य नगर आयुक्त विवेक राय ने ध्वजारोहण किया।

वहां पर विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, निवर्तमान मेयर ऊषा चौधरी व निवर्तमान पार्षद समेत कर्मचारी और अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान नगर निगम सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हुए। वहीं कोतवाली में कोतवाल मनोज रतूड़ी, एएसपी कार्यालय में एएसपी अभय सिंह, तहसील में तहसीलदार पंकज चंदोला, एसडीएम कार्यालय में एसडीएम अभय प्रताप सिंह समेत समस्त सरकारी कार्यालयों में वरिष्ठ अधिकारियों ने ध्वजारोहण किया। वहीं उदयराज हिंदू इंटर कॉलेज में विद्यालय अध्यक्ष पूर्व सांसद केसी सिंह बाबा व प्रबंधक शिव नंदन प्रसाद अग्रवाल ने ध्वजारोहण किया। आईआईएम में डायरेक्टर प्रो. कुलभूषण बलूनी, सम्राट पृथ्वीराज चौहान ग्रुप के इंस्टीट्यूशंस में भाजपा नेता दीपक बाली, डीएवी स्कूल में प्रधानाचार्य डॉ. मनीष गोयल, मास्टर इंटरनेशनल स्कूल में प्रबंधक गौरव गर्ग, कुंडेश्वरी रोड स्थित होली एंजल पब्लिक स्कूल में मुख्य अतिथि प्रकाश सिंह ने ध्वजारोहण किया। इधर भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के कार्यकर्ताओं ने डॉक्टर लाइन स्थित भाजपा कार्यालय पर ध्वजारोहण किया गया। वहां पर विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, पीसीयू चेयरमैन राम मेहरोत्रा, आशीष गुप्ता, अभिषेक गोयल, गुरविंदर सिंह चंडोक आदि मौजूद रहे। उधर कांग्रेसियों ने नवचेतना भवन में ध्वजारोहण किया। वहां पर पूर्व सांसद केसी सिंह बाबा, विमला गुड़िया, विमल गुड़िया, अरुण चौहान, नरेंद्र आदि मौजूद रहे। वहीं जीबी पंत इंटर कॉलेज, राधेहरि डिग्री कॉलेज, एससी गुड़िया आईएमटी, चंद्रावती तिवारी कन्या महाविद्यालय, बीआरसी, रोडवेज डिपो, बार एसोसिएशन, रेलवे स्टेशन, रूप किशोर लालमणि आर्य कन्या इंटर कॉलेज, कुंडेश्वरी में शहीद चौक पर पूर्व सैनिक संगठन ने ध्वजारोहण किया। इसके अलावा क्षेत्र के सभी सरकारी, अर्द्ध सरकारी व निजी कार्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों में ध्वजारोहण किया गया।



काशीपुर के कुंडेश्वरी में शहीद चौक पर ध्वजारोहण करते पूर्व सैनिक। ● अमृत विचार



दोराहा में कंबोज चौक पर ध्वज फहराते हरमिंदर सिंह ढिल्लो, परमजीत सिंह हांडा और मौजूद स्कूली बच्चे। ● अमृत विचार

### बाजपुर में स्कूली बच्चों ने प्रस्तुत किए देशभक्ति कार्यक्रम

**बाजपुर।** क्षेत्र में 75वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लस के साथ मनाया गया। इस दौरान जीईटी कालेज व ऊधम सिंह कंबोज चौक दोराहा पर पूर्व दर्जा राज्य मंत्री हरमिंदर सिंह ढिल्लो व ऊधमसिंह कंबोज वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष परमजीत सिंह हांडा, सहकारी चीनी मिल व बीसीएसएफ इंटर कालेज में प्रधान प्रबंधक हरवीर सिंह, नगरपालिका में पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते, इंटर कालेज में उपाध्यक्ष भोजराज गर्ग व उप प्रबंधक पंकज सोनी, जीजीआईसी में प्रधानाचार्या मीता बोस, आदर्श कन्या इंटर कालेज में अध्यक्ष डा .नरेंद्र खत्री, राउमावि रेंहटा में प्रधानाचार्य दीपक शर्मा व सांस्कृतिक प्रभारी डीआर बाराकोटी, खंड विकास कार्यालय में ब्लाक प्रमुख सरिता देवी, बेरिया दौलत में प्रधानाचार्य धीरज शर्मा व गुरजीत सिंह, कोतवाली में सीओ पंतनगर तपेश कुमार, कोतवाल नरेश चौहान, एसडीएम कोर्ट में उपजिलाधिकारी आरसी तिवारी, तहसील में तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट, सेंटमेरी स्कूल में प्रधानाचार्या डा .शाइनी पाल, डीएवी में प्रधानाचार्या एकताश्री, विकास भारती स्कूल में चेयरमेन चौधरी संसार सिंह व प्रधानाचार्या स्मिता गुप्ता, ज्ञानदीप ग्लोबल स्कूल में चेयरमेन सुरेंद्र सिंह कहलो, जीनियस ग्लोबल स्कूल में पूर्व सांसद बलराज पासी व डायरेक्टर रेखा पासी, रिवरडेल इंटरनेशल स्कूल में डायरेक्टर हरमंदिर सिंह बरार ने ध्वज फहराया। वहीं स्कूलों में राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

### निबंध में लता प्रथम, सोनी को मिला द्वितीय स्थान

**बाजपुर।** शनिवार को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में इतिहास परिषद के तत्वावधान में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय श्रीराम मंदिर अयोध्या का ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व ( स्नातक वर्ग ) एवं ऊधमसिंह नगर के प्रमुख राम का ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व ( परास्नातक वर्ग ) रहा। प्रतियोगिता में लता बीए प्रथम सेमेस्टर पहले, सोनी बीए प्रथम सेमेस्टर दूसरे तथा सोना बीए तृतीय वर्ष तीसरे स्थान पर रही। मूल्यांकन इतिहास विभाग प्रभारी डा .मनुहार आर्य द्वारा किया गया। इस मौके पर डॉ. विकास रंजन, विभाग प्रभारी डॉ. मनुहार आर्य आदि मौजूद रहे।

### व्यापारी नेता बाबूलाल गुप्ता के निधन पर शोक

**बाजपुर** ।प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तराखंड के संस्थापक संरक्षक हल्द्वानी निवासी बाबूलाल गुप्ता के निधन पर व्यापार मंडल द्वारा शोक व्यक्त किया गया है। व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष सत्यवान गर्ग ने कहा कि बाबूलाल गुप्ता व्यापारियों के मसीहा थे उनके निधन से व्यापारी समाज स्तब्ध है। व्यापारियों के उत्थान के लिए उत्तर-प्रदेश से अपने संघर्ष की शुरुआत की थी। इस मौके पर नगराध्यक्ष गणेश राय खुल्लर, बरहैनी व्यापार मंडल के अध्यक्ष गुलशन कुमार गुल्लू, व्यापारी नेता रोबिन उप्पल, अशोक गोयल, बंटी ठक्कर आदि शामिल रहे।

# एसडीएम ने किया शहीद की पत्नी को सम्मानित



भारत-पाक युद्ध में शहीद सोहन लाल की पत्नी को सम्मानित करते एसडीएम व अन्य।

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** प्रशासन की ओर से एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी व तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट व राजस्व प्रशासन की टीम ने सन् 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में शहीद हुए ग्राम रम्पुरा शाकर निवासी स्व.सोहन लाल की पत्नी राम प्यारी व ग्राम विजय रम्पुरा निवासी शहीद अंग्रेज सिंह की माता लखविंदर कौर को उनके घर जाकर सम्मानित किया।

शहीद अंग्रेज सिंह 13 सितंबर को 2003 को जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा में आतंकियों से लोहा लेते हुए वीरगति को प्राप्त हो गए थे। उन्होंने कहा कि देश के बलिदानियों ने जिस मकसद से आजादी के लिए संघर्ष किया और असहनीय कष्ट सहे हमें उस मकसद को नहीं भूलना चाहिए।

# देश सेवा में उत्तराखंड के जवानों का विशेष योगदान: पांडेय

- **गौरव सेनानी वीरनारी उत्थान समिति गदरपुर के तत्वावधान में वीर नारियों एवं वीरांगनाओं को किया सम्मानित**

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार :** गौरव सेनानी वीरनारी उत्थान समिति गदरपुर के तत्वावधान में गणतंत्र दिवस की संध्या पर एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक अरविंद पांडेय ने कहा कि देश की तीनों सेनाओं में उत्तराखंड के जवानों का विशेष योगदान रहा है। प्रदेश के अमर शहीद जवान देश के गौरव हैं। शहीदों की कुर्बानी को भुलाया नहीं जा सकता।

आयोजकों ने अतिथियों व वीरनारियो एवं वीरांगनाओ को शाल उड़ाकर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। शुक्रवार को रामलीला मैदान चक्कीमोड़ में गौरव सेनानी वीरनारी उत्थान समिति गदरपुर के तत्वावधान में एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 9.30 बजे ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय गान गाया। दोपहर एक बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक अरविंद पांडेय व अति विशिष्ट अतिथि पूर्व जिपंस मोहन सिंह पानू, कूल्हा प्रधान सुंदरगिरी गोस्वामी, मदनापुर प्रधान हेमगिरी गोस्वामी, खटोला प्रधान एडवोकेट मुकेश सिंह राणा, कोपा प्रधान मनोज देवराड़ी, धिमरीब्लॉक प्रधान प्रतिनिधि अजय राजपूत आदि ने शाहिद मनोज सिंह रावत, रमेश सिंह पानू, त्रिलोक सिंह, भोपाल सिंह कोश्यारी, अशोक सिंह शाही के चित्र के समक्ष संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किए। अतिथियों ने 1971 व 1999 के कारगिल के शहीदों को याद किया।

तत्पश्चात छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीतों व नुक्कड़ नाटकों के साथ उत्तराखंड की संस्कृति पर गीतो व नृत्य की प्रस्तुति से कड़ाके की ठंड के चलते देर शाम तक शमां बांधी रखी।आयोजकों ने अतिथियों व स्कूली छात्र-छात्राओं को शाल ओढ़ाकर व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समिति ब्लॉक अध्यक्ष पूर्व कै. धन सिंह कोरंगा ने अतिथियों व क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया। संचालन पूर्व सूबेदार मेजर खड़क सिंह कार्की, सूबेदार भगत सिंह धर्मशक्तू व रमेश कन्याल ने किया।

कार्यक्रम में पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिलाध्यक्ष सूबेदार मेजर नंदन सिंह कोश्यारी, सैनिक सेवा परिषद के ब्लॉक अध्यक्ष हिम्मत सिंह कुंवर, सूबेदार लाल सिंह नयाल, सूबेदार दुर्गा सिंह राणा, मीडिया प्रभारी कैलाश पाठक, सेना मेडल गोविंद सिंह चौहान, दरपान सिंह देऊपा, दान सिंह बड़ती, खुशाल सिंह बोरा, दान सिंह कार्की, मोहित चौहान, राजेंद्र सिंह पानू, भुपाल सिंह कोरंगा, राजेंद्र सिंह मेहरा, महेंद्र सिंह पपोला, कुंदन सिंह खनका, भगवत सिंह पांगती, देव सिंह धर्मशक्तू, सूबेदार मेजर महिपाल सिंह कोश्यारी, विनोद भट्ट, दान सिंह कार्की, खेम सिंह गड़िया, राजेंद्र सिंह कोरंगा, देवेंद्र सिंह धर्मशक्तू उर्फ दीपू, सचिन राणा, चंदन सिंह नयाल आदि थे।



दिनेशपुर में मुख्य अतिथि विधायक अरविंद पांडेय का स्वागत करते पूर्व सैनिक।



दिनेशपुर रामलीला मैदान चक्कीमोड़ में एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम में वीर नारियों एवं वीरांगनाओं को सम्मानित करते पूर्व सैनिक।

# दिनेशपुर में निकाली प्रभात फेरी

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार :** नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में 75 वा गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। कड़ाके की ठंड के चलते स्कूली बच्चों व छात्र-छात्राओं के साथ सामाजिक संगठनों के लोगों ने तिरंगा हाथ में लेकर प्रभात फेरी निकाली। भारत माता की जय.. के उद्घोष से क्षेत्र गूंजायमान हो उठा। विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बाद मिष्ठान वितरण किया गया।

शुक्रवार को लिटिल चैंपियन स्कूल मदनापुर में प्रबंधक तरुण कुमार सिंह, मुख्य बाजार में व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश नारंग, अटल उत्कृष्ट स्व. चितरंजन राहा राइंका में प्रधानाचार्य डॉ मधुसूदन मिश्र, स्व.महंगा राम मिगलानी राबाइंका में प्रधानाचार्य सुनीता कश्यप, एसडीएसएन दुर्गापुर में प्रबंधक सुभाष व्यापारी, प्रास्वा केंद्र में प्रभारी चिकित्सक डॉ प्रदीप पांडेय, नपं कार्यालय में ईओ सरोज गौतम, थाने में थानाध्यक्ष अनिल जोशी, आईटीआई में प्रधानाचार्य मनोहर लाल, सैनिक कॉन्वेंट जूनियर हाई स्कूल चक्कीमोड़ में प्रधानाचार्य पुष्पा नेगी, नवोदय इंटर कॉलेज चक्कीमोड़ में प्रबंधक हरीश जोशी, राप्राविं में ललपुरी में पूर्व जिपंस मोहन सिंह पानू, किड्स पैराडाइज सीनियर सेकेंडरी में प्रबंधक सत्येंद्र सिंह मान, होली कृष्णा कॉलेज में प्रधानाचार्य रीना यादव, एमएसके अकेडमी में प्रधानाचार्य विजय सिंह, न्यू ईरा पब्लिक स्कूल में प्रबंधक रविंद्र पाल सिंह, राउमावि मदनापुर में प्रधानाचार्य विनोद शर्मा, राप्रावि चरनपुर में पूर्व सैनिक सेवा परिषद ब्लॉक अध्यक्ष हिम्मत सिंह कुंवर आदि ने ध्वजारोहण किया।



दिनेशपुर में प्रभातफेरी में शामिल छात्राओं का बैंड। ● अमृत विचार

## शूटिंग चैंपियनशिप का शुभारंभ किया

**काशीपुर।** प्रथम स्व. विजय वीर सिंह मेमोरियल शूटिंग चैंपियनशिप में 50 बच्चों ने प्रतिभाग किया। शनिवार को मिनरॉ शूटिंग स्पोर्ट्स अकादमी में चार दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारंभ देवेंद्र जिंदल व एनसी बाबा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान एयर पिस्टल व एयर राइफल के 10 मीटर शूटिंग के बालक वर्ग में विधाता व बालिका वर्ग में अनुराधा ने बेहतर प्रदर्शन किया। अकादमी के संचालक राजीव चौधरी ने बताया कि चार दिवसीय प्रतियोगिता में 300 बच्चे प्रतिभाग करेंगे। संचालन कोच आकाश तोमर व सचिन ने किया। वहां हरीश त्रिपाठी, मुशर्रफ हुसैन, योगेश जोशी, सिथेश सिंह, संतलाल वर्मा, राजू छीना, सुदेश कुमार, अपूर्व महरोत्रा आदि मौजूद रहे।

# स्कूलों में ध्वजारोहण कर मिष्ठान वितरण

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** गणतंत्र दिवस पर नगर के तमाम सरकारी, अर्द्ध सरकारी कार्यालय एवं स्कूलों में ध्वजारोहण कर मिष्ठान वितरण किया गया। स्कूलों में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए और राष्ट्रगान गाया गया।

नगर के आवास विकास स्थित कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ के आवास पर गुरुद्वारा श्री आवास विकास के वरिष्ठ सेवादार सरदार अवतार सिंह ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर कांग्रेसियों ने राष्ट्रीय गान गाया और "भारत माता की जय" के नारे लगाने के बाद मिष्ठान वितरण किया। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़ ने मुख्य अतिथि सरदार अवतार सिंह को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इधर राजकीय प्राथमिक विद्यालय किशनपुर, राजकीय प्राथमिक विद्यालय में कांग्रेस प्रदेश सचिव संजीव कुमार सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि ध्वजारोहण किया। स्कूली बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रदेश सचिव संजीव सिंह ने स्कूली बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित कर सम्मानित किया। यहां कमलेश दुबे, ब्रह्मानंद पुरोहित, नवीन सिंह, संजय यादव, नाजिम अहमद, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### शक्तिफार्म में स्कूली बच्चों ने निकाली प्रभातफेरी



प्रभातफेरी के दौरान पिरामिड बनाकर प्रदर्शन करते ग्रीन वर्ल्ड स्कूल के छात्र।

**शक्तिफार्म।** क्षेत्र में गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। ग्रीन वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने नगर मे भव्य प्रभातफेरी निकाली। जिसमें रानी लक्ष्मी बाई सहित देशभक्ति से जुड़े विभिन्न झांकियां सजाई गईं। छात्रों ने पिरामिड बनकर शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से जुड़े कार्यक्रम पेश किए। इस इस पर प्रबंधक नवीन जोशी, सदानंद विश्वास, दीपक गुरुरानी, प्रकाश बोरा आदि मौजूद थे। शक्ति शिशु उच्च प्राथमिक विद्यालय के छात्र छात्राओं ने प्रभातफेरी निकाली। विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस अवसर पर पंकज राय, शिवदास मजूमदार आदि मौजूद थे। बैकुंठपुर में सार्वजनिक जनमिलन एवं खेल मैदान में कार्यक्रम आयोजित कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई। बंगाली कल्याण समिति के अध्यक्ष राम चंद्र राय, जिला पंचायत सदस्य रविन्द्र सिंह, सुमित सरकार, जगदीश, प्रवीण, मानव राय, नीरज मंडल, जयदेव आदि मौजूद रहे। राजकीय कन्या इंटर कॉलेज शक्तिफार्म, राजकीय इंटर कॉलेज शक्तिफार्म, राजकीय इंटर कॉलेज गुरुग्राम, रुदपुर सहित क्षेत्र के सभी शिक्षण संस्थानों में संस्था प्रमुखों ने ध्वजारोहण किया।

### शांतिपुरी में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस



सेंट लामार्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं।

**शांतिपुरी।** शांतिपुरी में 75वें गणतंत्र दिवस पर क्षेत्र के सभी स्कूलों व संस्थानों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ ही रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, नाटक, भाषण प्रतियोगिता एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किए गये। यहां उत्तर प्रदेश गांधी बाल विद्या मंदिर शांतिपुरी में प्रबंधक राजकिरन तिवारी, मोहन प्रसाद व नंदन सिंह बिष्ट, राजकीय इण्टर कालेज शांतिपुरी में प्रधानाचार्य नर बहादुर चंद, पंचायत भवन शांतिपुरी नंबर दो में प्रधान चंद्रकला बिशन कोरंगा, सेंट लामार्ट सीनियर सेकेंण्ड्री स्कूल में प्रबंधक प्रमोद कुमार वर्मा, राजकीय कन्या हाईस्कूल में प्रधानाध्यापिका बृजेश गुप्ता, ग्रेट मदर टेरेसा शांतिपुरी नंबर दो भरतपुर में प्रबंधक गणेश चंद व प्रीती चंद, तथा दून अकेडमी स्कूल जवाहरनगर में प्रबंधक गिरीश कश्मीरा व रूपा कश्मीरा ने ध्वजा रोहण किया।

# कृषि कानूनों को लेकर फिर आंदोलन

संवाददाता बाजपुर

**अमृत विचार :** तीन कृषि कानूनों को लेकर किसान एक बार फिर से आंदोलित हो गए हैं। उन्होंने केंद्र सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय आह्वान पर नगर में ट्रैक्टर मार्च निकालकर रोष प्रकट किया।

शुक्रवार सुबह पूर्व घोषित कार्यक्रमानुसार सैकड़ों किसान अपने ट्रैक्टर लेकर शहर से करीब दो किमी दूर नैनीताल-बाजपुर मुख्यमार्ग स्थित एक मैरिज पैलेस के सामने एकत्र हुए, जहां से भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा, किसान नेता जगतार सिंह बाजवा आदि ने हरी झंडी दिखकर ट्रैक्टर रैली को रवाना किया, जोकि मुख्यमार्ग पर हल्द्वानी बस अड्डा, तहसील, कोतवाली, बेरिया मोड़, भगत सिंह चौक, इंटर कालेज मार्केट, रेलवे क्रासिंग से होते हुए गुरुद्वारा साहिब के सामने पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान समर्थन मूल्य गारंटी कानून लागू करने, किसानों के ॠण को माफ करने, बिजली (संशोधन) विधेयक-2022 को वापस लेने व उत्तर-प्रदेश के लखीमपुर खीरी में हुई घटना के पीड़ितों को न्याय दिलाने आदि मांगों को जोरशोर से उठाया गया। कहा कि केंद्र सरकार ने इसी तरह की तमाम मांगों को पूरा करने का वादा किया था, लेकिन अभी तक यह वादे केवल वादे ही बने हुए हैं जिसके चलते किसानों में रोष है। इस मौके पर भाकियू के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष विक्की रंधावा, कुमाऊं मंडल उपाध्यक्ष रजनीत सिंह सोनू, भाकियू के प्रदेश सचिव बिजेंद्र सिंह डोगरा, गुरमीत सिंह, हरप्रीत सिंह निज्जर, गगन सरना, राजकिशोर सिंह आदि मौजूद रहे।



हरी झंडी दिखाकर ट्रैक्टर रैली को रवाना करते भाकियू के प्रदेशाध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा।

# सेंट मैरी के शिक्षक ने किया कीर्तिमान स्थापित



बाजपुर में आदित्य शर्मा व उनके माता पिता को सम्मानित करतीं प्रधानाचार्य डॉ. शाइनी पॉल।

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** सेंट मैरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के पीजीटी भौतिक विज्ञान के अध्यापक आदित्य शर्मा ने एमएससी भौतिकी विज्ञान में कुमाऊं विश्वविद्यालय में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। उनकी इस उपलब्धि पर उन्हें स्कूल प्रबंधन द्वारा समारोह में सम्मानित किया गया है। सेंट मैरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में समारोह का आयोजन किया गया।इसका शुभारंभ प्रधानाचार्या डॉ. शाइनी पॉल ने की। आदित्य के माता-पिता को सम्मानित किया।

# संवैधानिक विवेक और श्रीराम की मर्यादा


हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

भारत के संवैधानिक विवेक में श्रीराम की मर्यादा सम्मिलित है। संविधान बन गया था। संविधान पारण के बाद सभा अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने कहा, ''अब सदस्यों को संविधान की प्रतियों पर हस्ताक्षर करने हैं। एक हस्त लिखित अंग्रेजी की प्रति है। इस पर कलाकारों ने चित्र अंकित किए हैं।

भारत श्रीराममय हो गया है। यह अव्याख्येय है। दर्शन और मनोविज्ञान के सिद्धांतों से भारत के ताजा उत्साह की व्याख्या नहीं हो सकती। अयोध्या में जनसैलाब उमड़ रहा है। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा का दिन था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी उपस्थित थे। अयोध्या में इस कार्यक्रम के लिए निमंत्रित लगभग 7000 लोगों की उपस्थिति थी। लेकिन कार्यक्रम स्थल के अलावा भी पूरी अयोध्या राममय थी। प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में अपेक्षित लोगों की सूची में मैं भी था। इसलिए सारा कार्यक्रम निकट से देखने का अवसर मिला। अयोध्या और उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के मध्य 135 किमी का फासला है। इस लम्बे मार्ग के किनारे किनारे श्रद्धालुओं की भीड़ जय श्रीराम का नारा लगा रही थी। सबके चेहरे पर उल्लास और उत्साह। सब आनंदित और सब प्रसन्न। देश और विदेश के तमाम क्षेत्रों में भी अपने अपने ढंग से उल्लास व्यक्त करने वालों की भीड़ आश्चर्यजनक थी। मूलभूत प्रश्न है कि यह भीड़ किसकी बनाई योजना के अनुसार अनुशासनबद्ध थी? किसने इसे प्रेरित किया? इस महाभीड़ का कारण क्या था? स्पष्ट है कि यह महाभीड़ 'स्वतः स्फूर्त' थी। स्वतः स्फूर्त का अर्थ सीधा और सरल है। यहाँ कोई दूसरा व्यक्ति या संगठन प्रेरक नहीं। कोई लोभ नहीं। कोई भय नहीं। कोई आश्वासन नहीं। सब कुछ अनुभूत विवेक के अधीन अपने आप घटित हो रहा था। ऐसा स्वतः स्फूर्त वातावरण पहले कभी नहीं देखा गया।

प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर समूचे देश में आश्चर्यजनक उत्साह था। यह. वाकई विश्लेषण और विवेचन का विषय है। इसने राम के श्रद्धालुओं को आनंद अतिरेक का खूबसूरत अवसर दिया है। मजेदार बात यह है कि इसी के बहाने छदम् सेकुलरपंथी राजनीति वाले भी अनेक महानुभाव भी वाचाल हुए। उन्होंने श्रीराम के प्रति लोक आस्था को हास्यास्पद ढंग से प्रकट किया। प्राण प्रतिष्ठा सीधी सी बात है। मूर्तियां वस्तु या पदार्थ से बनती हैं। जब तक बाजार में हैं तब तक वे वस्तु हैं। शिल्पी उन्हें तैयार करते हैं। रूप रंग भरते हैं। उनमें सौन्दर्य उत्पन्न करते हैं। लेकिन हैं तो मूर्तियां ही। वैदिक परम्परा में मूर्तियों में प्राण प्रतिष्ठा की विशेष पद्धति विकसित हुई थी। मूर्तियों में प्राण नहीं होते। इस पद्धति के आलोचक अपने ज्ञान पर प्रसन्न हो सकते हों तो हों। मूर्ति पूजा प्राण उपासना का हिस्सा है। ऋग्वेद में सूर्य को प्राण कहा गया है। वह जगत् का प्राण है ही। सविता सूर्य पृथ्वी के पोषक हैं। श्रीराम सूर्यवंशी हैं। उनके कारण जगत् की गतिविधि चलती है। प्रश्नोपनिषद में कहते हैं, ''आदित्यो ह वै प्राणो-आदित्य जगत के प्राण हैं।'' छान्दोग्य उपनिषद (1.3.1) में कहते हैं, ''मनुष्यों में प्राण ऊर्द्धव गान है-उद्‌गीथ हैं।'' प्राण महत्वपूर्ण हैं। प्राण धारण करने से हम सब प्राणी हैं। पत्थर या किसी भी पदार्थ की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के पहले साधारण पदार्थ ही होती है। प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान में मूर्ति को निश्चित समय के लिए जल प्रवाह में रखने का विधान है। अन्न में भी प्राण होते हैं। इसलिए मूर्ति को काफी समय के लिए अन्न के भीतर रखते हैं। दूध आदि पदार्थ भी उपयोग में आते हैं। फिर मंत्र आराधन करते हैं। विश्वास करते हैं कि मूर्तियों में प्राण प्रतिष्ठा हो रही है। प्राण प्रतिष्ठा की यह विधि सभी मूर्तियों के लिए अपनाई जाती है, लेकिन राम विरोधी तत्व मीडिया में जगह पाने के लिए हास्यास्पद और दयनीय बयानबाजी करते हैं।

ऐसे ही एक नेता कहते हैं कि मुर्दों की प्राण प्रतिष्ठा क्यों नहीं की जाती? शरीर का हलचल में रहना ही प्राणवान होना नहीं है। प्राण जीवन है। भारतीय और बौद्ध परम्परा ने शरीर के बूढा हो जाने पर पुनर्जन्म का सिद्धांत माना है। प्राण अव्यय और अक्षर हैं। भारतीय परम्परा के निन्दक प्राण उपासना नहीं जानते। मार्कण्डेय काटजू भारत के प्रधान न्यायधीश रहे हैं। उन्हें पद पर रहते हुए हम भारत के लोग 'न्यायमूर्ति' कहते रहे हैं। उन्होंने इस विशेषण का विरोध नहीं किया। न्याय भौतिक उपलब्धि है। श्री काटजू भी न्यायमूर्ति कहे जाते रहे हैं। कृपया वे स्पष्ट करें कि वे अभी भी न्यायमूर्ति हैं कि नहीं। अगर वे अभी भी मूर्ति हैं तो क्या उनकी मूर्ति निष्प्राण हैं? कुछ लोग कह सकते हैं कि संविधान न्यायपालिका का मार्गदर्शी है। यह सही भी है। संविधान निर्माताओं का विवेक और विनिश्चय सभी संविधाननिष्ठ भारतवासियों के लिए स्वीकार्य है।

भारत के संवैधानिक विवेक में श्रीराम की मर्यादा सम्मिलित है। संविधान बन गया था। संविधान पारण के बाद सभा अध्यक्ष डॉ० राजेन्द्र प्रसाद ने कहा, ''अब सदस्यों को संविधान की प्रतियों पर हस्ताक्षर करने हैं। एक हस्त लिखित अंग्रेजी की प्रति है। इस पर कलाकारों ने चित्र अंकित किए हैं। दूसरी छपी हुई अंग्रेजी की प्रति है और तीसरी हस्तलिखित हिन्दी की।'' चित्रमय प्रति में मुखपृष्ठ पर श्रीराम और श्रीकृष्ण, भाग 1 में सिन्धु सभ्यता की स्मृति वाले मोहनजोदड़ो काल की मोहरों के चित्र हैं। नागरिकता वाले अंश में वैदिक काल के गुरुकुल का चित्र है। भाग 3 में मौलिक अधिकारों वाले पृष्ठ पर श्रीराम की लंका विजय का चित्र है। नीति निदेशक तत्वों वाले पृष्ठ पर श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिए गए गीता उपदेश का चित्र है। इस चित्रावली में स्वामी महावीर, बुद्ध, अशोक, गुप्तकाल, विक्रमादित्य, नालंदा विश्वविद्यालय, ओडिशा का स्थापत्य, नटराज, गंगा अवतरण, शिवाजी, गुरु गोविन्द सिंह, महारानी लक्ष्मी बाई, गाँधी जी की दाण्डी यात्रा, नेता जी सुभाष चन्द्र आदि के अनेक चित्र हैं। संविधान निर्माताओं ने राम, कृष्ण, बुद्ध, महावीर आदि के चित्र सांस्कृतिक उपयोगिता के आधार पर ही निश्चित किए गए थे। भारत का विवेक इसी परम्परा से बना है।

विवेक का विकास लोक और शास्त्र से तथ्य लेकर संभव होता है। किसी को राम काल्पनिक लगते हैं। यह उसका अपना विवेक है। तुलसीदास सजग थे। उन्होंने ऐसे लोगों के लिए रामचरितमानस में खूबसूरत चैपाई लिखी है, ''जाकी रही भावना जैसी-प्रभु मूरत देखि तिन जैसी।'' लेकिन अब श्रीराम और श्रीकृष्ण को काव्य कल्पना बताने वाले लज्जित हैं। खिसिया गए हैं। उनका सतही अध्ययन हास्यास्पद सिद्ध हुआ है। अयोध्या तथ्य हैं। चित्रकूट तथ्य हैं। दण्डकारण्य तथ्य हैं। गंगा, तमसा और मन्दाकिनी के प्रवाह सत्य हैं। वाल्मीकि, कम्ब व तुलसी सत्य हैं। उनके विवेक सिद्ध सत्य हैं। दो दिन पहले भारत ने अपना गणतंत्र दिवस समारोह सम्पन्न किया है। जन गण मन में भारत का विवेक अंतर्निहित है। भारतीय विवेक का विस्तार और निर्माण श्रीराम के शील, आचार और मर्यादा से हुआ है। श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं। श्रीराम इस राष्ट्र का उत्स (मूल) हैं। इसी उत्स से 22 जनवरी को स्वतः स्फूर्त उत्सव प्रकट हुआ है। इसीलिए भारत आदर्श गणतंत्र है। महाभारत युद्ध के बाद युधिष्ठिर ने भीष्म से आदर्श गणतंत्र पूछा। भीष्म ने (शांतिपवर्:107.14) बताया कि भेदभाव से ही गण नष्ट होते हैं। उन्हें संघबद्ध रहना चाहिए। गण के लिए बाहरी की तुलना में आतंरिक संकट बड़ा होता है-''आभ्यन्तरं रक्ष्यमसा बाह्यतो भयम्'' वाह्य उतना बड़ा नहीं। यह सावधानी अनिवार्य है।

# रूपांतरण का महीना है माघ


सलिल पांडेय
मिर्जापुर

शास्त्रों में आध्यात्मिक दृष्टि से माघ महीने में पवित्र नदियों में स्नान एवं पूजन की जो महिमा कही गई है, उसके बहुआयामी लाभ हैं। जहां शास्त्रों में माघ माह के तप को अश्वमेध यज्ञ एवं पुंडरीक यज्ञ के साथ मोक्ष, विष्णुपद की प्राप्ति वाला बताया गया है। वहीं आधुनिक शोधों में उत्तम शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य वाला महीना कहा गया है। इसी के साथ शीतकाल के इस ऋतु में स्नान एवं पूजन से प्रकृति के साथ तादाम्य बनाने का भी अवसर मिलता है।

आदिकवि वाल्मीकि ने रामायण की रचना के पूर्व ही जिन दो महीनों में प्रातःकाल स्नान एवं श्रीहरि के पूजन का चर्चा की है, उसमें पहला माह माघ ही है। दूसरे पर चैत्र स्नान का उल्लेख है। माघ महीने में स्नान के महत्व की एककथा का भी उल्लेख है। राजा सुमति और सत्यवती का पूर्वजन्म दूषित था, लेकिन अनजाने में वशिष्ठ ऋषि के आश्रम पर जाकर स्नान-पूजन से वे अगले जन्म में राजा हुए। आशय स्पष्ट है कि इस महीने में प्रयाग में जुटने वाले संतों के सानिध्य से रूप-स्वरूप तथा आचरण में बदलाव आता है। गोस्वामी तुलसीदास ने भी 'माघ मकरगत रबि जब होई तीरथपतिहिं आव सब कोई' चौपाई में माघ माह की महत्ता पर पूरा जोर डाल दिया। वैज्ञानिक एवं खगोलीय दृष्टि से देखा जाए तो माघ महीने में प्रयाग के संगम पर सूर्य की किरणों का जल पर अद्भुत असर पड़ता है। जल में अमृत-तत्व की उत्पत्ति होती है। माघ महीने का कृष्ण पक्ष हेमंत तो शुक्ल पक्ष शिशिर ऋतु है। शीतकाल के इस यौवनकाल में स्नान से शरीर के रस-रसायनों में यौवनकाल जैसा तेज प्राप्त होता है, जो शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य को उत्तम बनाता है।

सूर्यनारायण दक्षिणायण से उत्तरायण होते हैं। मेडिकल साइंस की दृष्टि से इस अवधि में सूर्य की किरणों का सेवन अति लाभकारी है। आध्यात्मिक ऋषियों ने इन्हीं विशेषताओं को देखते हुए पौष मास की पूर्णिमा से माघ मास की पूर्णिमा तक पवित्र नदियों में स्नान एवं भगवान के पूजन का उल्लेख किया है। प्रयाग में भारद्वाज ऋषि ने इसी अवधि में संगम स्नान के लिए आए याज्ञवल्क्य ऋषि से अपनी अज्ञानता को दूर करने की प्रार्थना की और याज्ञवल्क्य ऋषि ने श्रीहरि स्वरूप भगवान श्री राम की महिमा से उन्हें परिचित कराया था। श्रीराम के प्रति भक्ति का फल ही था कि वनगमन के समय निकले भगवान श्रीराम भरद्वाज ऋषि के आश्रम पर आए थे। ब्रह्मपुराण में 'अरुणोदयमारभ्य प्रातःकालवधि प्रभो, माघस्नानवतां पुण्यं क्रमात्तत्रावधारणा' (स्नान के काल की अवधि अरुणोदय से आरंभ कर प्रातःकाल कही गई है। माघ में माघस्नान करने वालों के लिए विशेष रूप से यह कहा गया है)। इसी पुराण में कहा गया है कि जो भगवान कृष्ण का ध्यान कर इस अवधि में स्नान करता है, वह देवपूजित होता है। पद्मपुराण में कहा गया है कि अशक्त व्यक्ति को भी कम से कम तीन दिन माघ माह में सूर्योदय के समय पवित्र नदियों में स्नान करना चाहिए। प्रयाग के संगम में स्नान गंगा-सागर स्नान की तरह फलदायी है। नारद पुराण में होम-हवन का विधान बताया गया है। हवन में तिल के प्रयोग से अग्नि का प्रज्ज्वलन लाभदायी है। इस अवधि में दान की भी महिमा है जिसमें गर्म वस्त्रों आदि के साथ तिल के दान का विशेष उल्लेख है। तिल पदार्थ में एक चौथाई शर्करा (चीनी या गुड़) और तीन चौथाई तिल होना चाहिए। माघ महीने के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नवमी तक की अवधि भी नवरात्र व्रत की तरह है। लौकिक रूप से इसे गुप्त नवरात्र कहते हैं। इस समय ज्ञान की शक्तियां अज्ञान के महिषासुर का वध करती हैं।

# आधुनिकता के साथ संस्कार भी आवश्यक


डॉ. अनिल चौबे
सदस्य, राज्य संदर्भ समूह
मिशन प्रेरणा उत्तर प्रदेश

शिक्षा संस्कारों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। शिक्षा द्वारा छात्र को नैतिक और सामाजिक मूल्यों, जैसे कि सत्य, ईमानदारी, समरसता, सहयोग, समानता और समाज सेवा के महत्व को समझाया जाता है।

आधुनिक युग में बच्चे संस्कार विहीन होते जा रहे हैं। इसका मुख्य कारण समाज में पाश्चात्य सभ्यता का हावी होना है। हमारा देश तरक्की कर रहा है, डिजिटल रिलेशन के युग में सभी काम मशीन से हो रहा है। यह अच्छी बात है, परंतु हर अच्छे काम के करने के तरीके में बुराई भी छिपी होती है। मशीन का उपयोग करने वाला किस प्रकार का व्यक्ति है, उसका आचरण कैसा है, वह विकास के लिए प्रतिबद्ध है अथवा उसका आचरण गलत है, यह उस पर निर्भर करता है। आज अपने बच्चों में संस्कार भरने की आवश्यकता है।

यह एक बड़ी अजीब सी बात हुई कि गत दो तीन माह में मेरे पास साथी शिक्षकों एवं अन्य साथियों तथा कुछ परिचितों ने दूरभाष पर बात हुई जिसमें उनका प्रश्न था कि हम बच्चों को जो कुछ भी शिक्षा दे रहे हैं, किताबें रटबा रहे हैं। उन सबमें संस्कार विकास कहां हैं? हम लोग बच्चों में संस्कार नहीं दे पा रहे हैं। चाहें उनका घर हो, परिवार हो या फिर शिक्षण संस्थाएं कहीं भी संस्कार के विकास पर कार्य नहीं कर रहे हैं तो फिर हम शिक्षा से कर क्या रहे हैं?


आज अभिभावक अपने बच्चों से दूर होते जा रहे हैं। उन्हें खुद फुर्सत नहीं मिलती जिस कारण वे अपने बच्चों पर ध्यान नहीं दे पाते हैं। बच्चे क्या कर रहे हैं कैसी संगति में हैं, उसकी निगरानी अभिभावकों द्वारा नहीं होने के कारण बच्चे संस्कार विहीन हो जाते हैं। बच्चों की प्रवृत्ति गलत कार्यों के प्रति ज्यादा होती है, ऐसे में उन्हें रोकने वाला कोई नहीं मिलता। यही कारण है कि वे बिगड़ते जाते हैं और संस्कार विहीन बन जाते हैं।

संस्कार का अर्थ है अच्छे गुण, अच्छे व्यवहार, अच्छे कर्म एवं अच्छा रहन-सहन। बच्चों को बचपन से प्रारंभ होकर जीवनपर्यंत संस्कार मिलते रहते हैं। बच्चों में संस्कार का गुण विकसित करने के लिए हमें घर में अच्छा माहौल बनाना होगा। बच्चों की प्रथम पाठशाला घर ही होता है और बच्चे के माता-पिता प्रथम गुरु होते हैं। यदि बच्चों में संस्कार डालना है तो बचपन से ही उनमें अच्छे संस्कार डालने होंगे। बच्चे के माता-पिता, चाचा-चाची, दादा-दादी एवं अन्य परिवार सदस्य, जैसे-बातचीत एक दूसरे के साथ करना। व्यवहार, घर के समान तरीके से रखना, आगंतुक का स्वागत, सब काम तरीके से एवं समय से करना इत्यादि करते हैं। बच्चे भी यह सब देखकर एवं सुनकर उन्हीं चीजों का अनुसरण करते हैं। इसलिए बच्चों में संस्कार की नींव घर परिवार से ही डालनी होती है। समाज, छात्र के संस्कारों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। परिवार, स्कूल, मित्रों, अध्यापकों, आदर्शों और सामाजिक परिवेश द्वारा प्रभावित होकर छात्र के व्यक्तित्व में संस्कारों का निर्माण होता है। एक समाज की मान्यताएं, संस्कृति, धार्मिक मान्यताएं, सामाजिक नीतियां और सामाजिक नियम आदि संस्कारों का महत्वपूर्ण स्रोत होते हैं।

शिक्षा भी संस्कारों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। शिक्षा द्वारा छात्र को नैतिक और सामाजिक मूल्यों, जैसे कि सत्य, ईमानदारी, समरसता, सहयोग, समानता और समाज सेवा के महत्व को समझाया जाता है। शिक्षा छात्र को सोचने की क्षमता, न्याय और सही गलत का विवेचन करने की क्षमता, सामरिकता, स्वतंत्रता, सहनशीलता और दूसरों के प्रति सम्मान करने की क्षमता विकसित करती है। शिक्षा छात्र को संस्कृति के साथ एक समृद्ध सामाजिक और नैतिक जीवन के लिए तैयार करती है। संस्कार शब्द संस्कृत शब्द है जिसका अर्थ होता है सज्जन बनाना या निर्माण करना। इसे हम सामान्यतः शिक्षा, आदर्शों, संगठन, नैतिकता और सामाजिक नियमों के माध्यम से व्यक्ति में अपनाए जाने वाले गुणों का संकेत के रूप में भी जानते हैं। विद्यार्थी जीवन में संस्कारों का महत्व अत्यंत प्रमुख होता है। यह उन गुणों और मूल्यों को सम्मिलित करता है, जो छात्र के व्यक्तित्व का आधार बनाते हैं और उसे समर्पित, सद्भावपूर्ण और सभ्य नागरिक बनाते हैं। संस्कारों के माध्यम से, विद्यार्थी सामाजिक, नैतिक और नैतिकतापूर्णता के मूल्यों को सीखते हैं, जो उन्हें अपने जीवन के समस्त क्षेत्रों में सफलता और सुख की प्राप्ति के लिए आवश्यक होते हैं। इस प्रकार संस्कारों का निर्माण सामाजिक और शैक्षिक माध्यमों के माध्यम से होता है, जो छात्र के व्यक्तित्व को स्वर्णिम बनाते हैं। संस्कारों का समावेश छात्र को उच्चतम मान्यताओं, नैतिकता, न्याय, समरसता, सहयोग, समानता, समाज सेवा और सत्य के मार्ग पर चलने की क्षमता प्रदान करता है। ये संस्कार उन्हें व्यक्तिगत और सामाजिक सफलता की ओर ले जाते हैं और एक सद्भावपूर्ण, सशक्त और समृद्ध समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

ऐसा व्यक्ति कभी अपने समय को व्यर्थ नहीं गंवाता। अपनी कड़ी मेहनत, लगन व ईमानदारी से अपने जीवन को तो संवारता ही है। साथ ही दूसरों का भी उद्धार करता है। वह अपनी शिक्षा के माध्यम से एक शिक्षित समाज का निर्माण करता है। लोगों में परस्पर प्रेम, सद्भावना एवं परोपकार का भाव जाग्रत करता है।

## साहित्य: रूप परिवर्तन


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

एक वह युग था, जब लिपि का विकास तो नहीं हुआ था, पर भाषा का विकास हो रहा था, संवाद होता था, साहित्य का एक रूप संवाद था। श्रुति-परंपरा, वाचिक-परंपरा, स्मृति परंपरा थी। लोकजीवन में गीत, कथा, गाथा और कहानियों का प्रचलन संवाद के साथ ही विकसित होने लगा था। नाटक आए। व्याख्यान और शास्त्रार्थ थे। एक युग वह भी आया, जब लिपि का विकास हुआ, लिपि का विकास हुआ तब साहित्य का रूप फिर बदला।

ताड़-पत्रों पर ग्रंथ लिखे जाने लगे सूत्रग्रंथ लिखे गए। पद्यात्मक रूप प्रधान रहा। वाचिक परंपरा का और विकास हुआ, हस्तलिखित ग्रंथों का विस्तार भी हुआ, किंतु समर्थ लोगों तक ही ग्रंथों की पंहुच थी। लिखिया होते थे। फिर मुद्रणालय आए। तब साहित्य का रूप फिर से बदला। अब गद्य रूप प्रधान होने लगा और उपन्यास-कहानी-निबंध-आलोचना आदि का प्रचार हुआ। ग्रंथों के साथ ही अखबार आए, खबर आई और उनकी पहुंच का व्यापक विस्तार हुआ।

ज्ञानविज्ञान के विभिन्न अनुशासनों को लेकर किताबें छपने लगीं और वे सामान्यजन तक पहुंचने लगीं। फिर रेडियो आया, वार्ता, परिचर्चा, रेडियोनाट्य, रिपोर्ताज जैसे साहित्य रूप आए। फिर मूवी आया। टौकी आया। फिल्म आई, पटकथा और संवाद। साहित्य की विधाओं का और अधिक विस्तार हुआ। दूरदर्शन आने के बाद साहित्य के लिए नाटक और परिचर्चा जैसे रूप मिले। साहित्य और ज्ञान-विज्ञान के दृश्यरूप और अधिक प्रभावी बन गए।

अब जब इंटरनेट आया है, साहित्य का रूप फिर से बदलने को है। ज्ञान-विज्ञान के विभिन्न अनुशासनों की प्रस्तुतियों का रूप भी बदलने को है। माध्यम बदलने से साहित्य का रूप तो बदलता ही है, साहित्य की अंतर्वस्तु का भी विस्तार होता है। टेक्नोलॉजी किस प्रकार से साहित्य के रूप को प्रभावित करती है? इस विषय पर एक थीसिस लिखी जा सकती है। मुद्रण आने के बाद गद्य की कितनी विधाओं का विकास हुआ? रेडियो आने के बाद कितनी नई विधाएं

(रेडियो-नाट्य, रेडियो-रूपक, फीचर, वार्ता आदि) फिल्म आने पर नाट्य रूपों में जबर्दस्त परिवर्तन हुआ और नौटंकी जैसे आयोजन धीरे-धीरे कम होते चले गए। टी.वी. आने के बाद तो साहित्य-विधाओं के साथ ही पत्रकारिता का भी रूप व्यापक हो गया है। आज इंटरनेट ने फिर से साहित्य और लोकसंवाद के नए-नए रूपों को विकसित किया है। भविष्य में ये सब नए रूप एक साहित्य-पत्रकारिता और संवाद का नया इतिहास बनाएंगे। अनुशासनों की प्रस्तुतियों का रूप भी बदलने को है।

## परम तत्व चिंतन


ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

जिन परमात्मा में श्रेष्ठ बुद्धि वाले विप्रगण अपने मन को लगाते हैं तथा अपनी सब प्रकार की वृत्तियों को भी नियुक्त करते हैं, जिन्होंने अग्निहोत्र आदि समस्त शुभ कर्मों का विधान किया है, जो समस्त जगत के विचारों को जानने वाले और अद्वितीय हैं, उन सबसे महान, सर्वज्ञ परमेश्वर की हमें भूरि-भूरि स्तुति करनी चाहिए।

हे मन और बुद्धि, मैं तुम दोनों के स्वामी और समस्त जगत के आदि कारण परब्रह्म परमात्मा को बार-बार नमस्कार करके विनयपूर्वक उनकी शरण में जाकर उनमें संलग्न होता हूं। परमेश्वर की महिमा का जो मैंने वर्णन किया है, वह संपूर्ण जगत में व्याप्त हो जाए। दिव्य लोकों में निवास करने वाले परमात्मा के सभी पुत्र भी उनकी महिमा को भली-भांति सुनें।

परमात्मा की स्तुति के पश्चात ध्यान की स्थिति का वर्णन करते हुए श्रुति कहती है कि जिस स्थिति में अरणिमंथन के लिए शरीर को नीचे की अरणि और ओमकार को ऊपर की अरणि बनाकर ओम का जप और उसके अर्थरूप परमात्मा का निरंतर चिंतनस्वरूप मंथन किया जाता है, जहां प्राणायाम द्वारा प्राणवायु का विधिपूर्वक भली-भांति निरोध किया जाता है, जहां आनंद रूप सोमरस प्रचुर मात्रा में प्रकट होता है, उस ध्यानावस्था में मनुष्य का मन सर्वथा विशुद्ध होकर परमात्मा में संलग्न हो जाता है।

हे साधक संपूर्ण जगत के स्वामी परमेश्वर की इस प्रकार से स्तुति करके उनसे अनुमति प्राप्त कर तुम्हें सबके आदि उन पर ब्रह्म परमात्मा की ही सेवा करनी चाहिए, उन परमेश्वरम में ही आश्रय प्राप्त करना चाहिए। ऐसा करने से पहले किए हुए समस्त संचित कर्म विघ्नकारक व बंधन रूप नहीं होंगे।

# जब तंत्र नहीं रहेगा तो लोक का क्या होगा


द्वारिका प्रसाद अग्रवाल
वरिष्ठ लेखक, बिलासपुर

तंत्र के किसी वर्ग को गण से कोई लेना-देना नहीं दिखता। सब खुद में मस्त हैं। कोई-कोई ऐसा दिल वाला दिख जाता है, जो जन के मन को समझता है और उस दृष्टि से सार्थक काम करता है, लेकिन वह व्यक्ति भी बहुत जल्दी इस कुटिल सत्ता की नजरों में चढ़ जाता है और उसके हाथ-पैर बांध दिए जाते हैं ताकि उसकी कार्य-संस्कृति का प्रभाव वर्तमान सिस्टम को कहीं 'प्रदूषित' न कर दे।

देश की आजादी के बाद इतने बड़े राष्ट्र को चलाने और आगे बढ़ाने के लिए संविधान सभा में लंबा विचार-विमर्श चला। लोकतंत्र की अवधारणा को अपनाया गया और राज्य को संचालित करने की शक्ति लोक के हाथों में सौंपना तय किया गया। आधी सदी से अधिक समय बीत गया, बीते समय में हम आगे बढ़े, लेकिन समय से पीछे रह गए। समय हमसे तेज चल रहा है, लेकिन हमारी गति कम है, क्योंकि देश में गण और तंत्र अलग-अलग चल रहे हैं। यदि इन दोनों का साथ होता तो टीम-वर्क उभरकर आता और हम समय के साथ कदम ताल मिला लेते।

गणतंत्र के नाम पर हमें वोट देने का अधिकार मिला है। अच्छे और बुरे के बीच चुनाव करने का अधिकार हमें प्राप्त नहीं है, हमें वोट उसे देना है, जो कम बुरा है। गणतंत्र के नाम पर हमें बोलने का अधिकार मिला है, लेकिन उसे तंत्र सुनता नहीं, क्योंकि कुर्सी पर आसीन नेता और अफसर, जनता को मूर्ख समझते हैं। वे मानते हैं कि ये बेवजह हल्ला करने वाले नासमझ लोग हैं। वो समझते हैं कि 'ये' करेंगे, ये समझते हैं 'वो' करेंगे और दोनों एक-दूसरे की और संदेह भरी निगाह से देख रहे हैं। जब कुछ हासिल होता दिखाई नहीं पड़ता तो 'ये' 'वो' को गरिया रहा है और 'वो' 'ये' को। दोनों के बीच का पुल संविधानसभा में बनाया गया था, लेकिन पुल पुराना पड़ता गया। सत्ता ने हौले-हौले पुल की नींव हटा दी, पुल भसक कर जमींदोज हो गया। अब प्रजा एक छोर पर खड़ी है और तंत्र दूसरे छोर पर, यही आज का बचा-खुचा गणतंत्र है। दोनों मिलकर गाना गा रहे हैं, 'पुकार लो, तुम्हारा इंतज़ार है।' ऐसा नहीं है कि प्रगति नहीं हुई है। पुलिस का उदाहरण लेते हैं। आजादी के पहले पुलिस के हाथ में डंडा और बन्दूक थे, अब स्टेनगन है उनके हाथों में। ये स्टेनगन लोक की रक्षा के लिए नहीं है, तंत्र की रक्षा के लिए तैनात है। लोक अपनी रक्षा स्वयं करे, तंत्र की जिम्मेदारी नहीं है, लेकिन तंत्र की रक्षा लोक करे। क्योंकि तंत्र का जीवन लोक के मुकाबले अधिक महत्वपूर्ण है। सही तो है तंत्र नहीं रहेगा तो लोक का क्या होगा? लोक का क्या है? रहे न रहे। न्याय व्यवस्था को देख लीजिए, लोग इस उम्मीद में न्यायालय जाते हैं कि उनके मध्य विवाद का निपटारा होगा, लेकिन वादी-प्रतिवादी निपट जाते हैं, विवाद का समाधान नहीं होता, तारीख पर तारीख मिलती है। न्यायालयों की अढ़धप में फंसे व्यक्ति की जो आर्थिक और मानसिक दुर्दशा होती है उसे वही व्यक्ति जानता है जिसे मुकदमा लड़ने का सौभाग्य प्राप्त हुआ हो। जज से लेकर मुंशी तक, हर व्यक्ति आमजन को इस कदर अपमानित और तंग करता है कि वह अदालत जाने के नाम से कान पकड़ लेता है। क्या संविधान सभा ने ऐसी निकृष्ट न्याय व्यवस्था की उम्मीद की होगी?

कोई भी पार्टी होसबके नेता नौटंकीबाज हैं। सबको अपनी फिक्र है, गण की नहीं। गण तो उनके ऊपर पहुंचाने की सीढ़ी हैं, ऊपर पहुंच गए, खेल खत्म, पैसा हजम। शासक और प्रशासक आपस में मिलीभगत करके आमजन के जीवन को कष्ट में डालने के लिए हर संभव प्रयास करते हैं, लेकिन गीत जन कल्याण के गाएंगे। ईमानदारी का भजन गाने राजनीतिज्ञ वाले बेईमानी के धन से चुनाव लड़ते हैं और जीतने के बाद वसूली अभियान चलाते हैं, जो हार जाता है वह भुट्टे की तरह जलता-भुंजता-कुढ़ता रह जाता है।

तंत्र के किसी वर्ग को गण से कोई लेना-देना नहीं दिखता। सब खुद में मस्त हैं। कोई-कोई ऐसा दिल वाला दिख जाता है, जो जन के मन को समझता है और उस दृष्टि से सार्थक काम करता है, लेकिन वह व्यक्ति भी बहुत जल्दी इस कुटिल सत्ता की नजरों में चढ़ जाता है और उसके हाथ-पैर बांध दिए जाते हैं ताकि उसकी कार्य-संस्कृति का प्रभाव वर्तमान सिस्टम को कहीं 'प्रदूषित' न कर दे। आगे भी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाया जाता रहेगा, क्योंकि यह संविधान को सम्मान देने का उत्सव है। काश गणतंत्र दिवस की भावना को समझते हुए अपनी शक्ल संविधान के पन्नों में देखें और गलतियों को सुधारने का यत्न करें अन्यथा अगली पीढ़ी हमें माफ नहीं करने वाली।

## बंधन से मुक्ति


रामनाथ द्विवेदी
कानपुर

ब्राह्मण जो ब्रह्म को जानता हो। दवीज दो बार पैदा होना। अर्थात् प्रथम बार मां के गर्भ से पैदा होना दोबारा शिक्षा के द्वारा ब्राह्मण होना जिसकी विप्र विशिष्ट प्रज्ञा है।

यदि कोई व्यक्ति अपने को विद्वान की श्रेणी में मानता है तथा जाति का समर्थन करता है या किसी मनुष्य को दलित कहता है तो मूल रूप से वह सनातनी नहीं है। जाति व्यवस्था एवं दलित शब्द मुगलों की देन है। पराजित कोम को दास बना बनाते थे और दास बना करके विक्रय किया करते थे, क्योंकि वे असहाय थे। उनके साथ पशुवत व्यवहार करते थे और आज भी प्रचलन में है। हमारे यहां गरीब ब्राह्मण था जिसकी कोई आजीविका नहीं थी। मात्र भिक्षाटन था। यहां तक की भगवान विष्णु ने बलि को छलने के लिए ब्राह्मण का रूप धारण करके वावनअवतार लिया था। ब्राह्मण तीनों वर्णों से भिक्षाटन करता था और सारा जीवन राष्ट्र के अभ्युदय में लगता था। गरीब होना हमारे समाज में अपमान नहीं माना जाता था अपितु ब्राह्मण सबसे सम्मानित था। क्योंकि उसके पास विद्या थी तप था समाज एवं राष्ट्र की सेवा थी। इसीलिए ब्राह्मण के पर्यायवाची सभी विद्वान सूचक शब्द है। ब्राह्मण जो ब्रह्म को जानता हो। दवीज दो बार पैदा होना। अर्थात् प्रथम बार मां के गर्भ से पैदा होना दोबारा शिक्षा के द्वारा ब्राह्मण होना जिसकी विप्र विशिष्ट प्रज्ञा है। इसीलिए हमारे सनातन धर्म की धुरी में महर्षि व्यास, महर्षि वाल्मीकि एवं महर्षि सूत जी है, जो सभी निम्न वर्ण के थे तथा लगभग सभी सनातन धर्म ग्रंथों की रचना की है। श्रीमद् भागवत गीता महाभारत का अंश है जिसकी रचना महर्षि व्यास ने की है। वेदों में भी भूमि दास एतरेय, महर्षि सत्यकाम जावाल इसी प्रकार दस अन्य महर्षि निम्न वर्ण के थे। इतना ही नहीं महाराज काशी नरेश मीराबाई संत शिरोमणि रविदास के शिष्य थे। राष्ट्र की प्रगति के लिए सनातनी बने। जातिवादी बनकर के स्वार्थी एवं अवसरवादी न बने स्वार्थी एवं अवसरवादी व्यक्ति कभी विद्वान नहीं होता। वस्तुतः सनातन धर्म आर्य धर्म है, जो जीवन में व्यक्ति को मुक्ति प्रदान करता है बंधन नहीं। महर्षि वशिष्ठ जब भगवान राम को शिक्षा दे चुके तो उनसे कहा अब तुम मुक्त हो और तुम अपने विवेक से काम करो। सा विद्या या विमुक्त ये। ज्ञान वही है, जो बंधन से मुक्ति प्रदान करें।

## सार-संक्षेप


खटीमा में दीवार पर लेखन कार्यक्रम के तहत कमल का फूल बनाते रमेश जोशी।

### भाजपाइयों ने चलाया दीवार लेखन कार्यक्रम

**खटीमा।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को दीवार लेखन कार्यक्रम में भाग लिया। दीवार लेखन कार्यक्रम के संयोजक रमेश चंद्र जोशी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने विभिन्न क्षेत्रों में जाकर दीवारों पर अबकी बार 400 पार, फिर एक बार भाजपा सरकार जैसे स्लोगन एवं कमल के चिन्ह बनाए। यह दीवार लेखन कार्यक्रम पूरे प्रदेश में किया जा रहा है। खटीमा विधानसभा के विभिन्न वार्डों में प्रत्येक बूथ पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वयं अपने हाथ से पार्टी के चुनाव प्रचार के लिए दीवार लेखन कार्यक्रम कराया जा रहा है। दीवार लेखन कार्यक्रम में सहसंयोजक मनोज वाधवा, राहुल सक्सेना, नगर अध्यक्ष जीवन धामी, भवानी भंडारी, कमल चौहान, दीपेश तिवारी, रोहित वर्मा, अशोक दास, ध्यान पाल सिंह, अनुपमा शर्मा, प्रेम गुप्ता, रजत सक्सेना, हरीश कापड़ी, यामीन अंसारी, हर प्रसाद, महात्मा नंद तिवारी आदि मौजूद थे।


सुल्तानपुर पट्टी में आयोजित शिविर में लोगों की आखों की जांच करते चिकित्सक।

### शिविर में 170 मरीजों की निशुल्क नेत्र जांच

**सुल्तानपुर पट्टी।** शनिवार को समाजसेवी राजीव सैनी के सौजन्य से नगर के पुराने रामलीला स्टेट पर निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। नेत्र जांच शिविर का शुभारंभ राजीव सैनी ने किया। निशुल्क नेत्र जांच शिविर केवीआर हॉस्पिटल के सहयोग से किया गया। जिसमें नेत्र चिकित्सकों द्वारा बड़ी संख्या में महिलाओं, पुरुषों एवं बच्चों का नेत्र परीक्षण किया गया। जिसमें 170 मरीजों की नि :शुल्क नेत्र जांच कर निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। जिसमें शुगर जांच, ब्लड प्रेशर की जांच, वीपी, रेटिना की जाचें भी निशुल्क की गईं। इस दौरान अस्पताल की डॉ. कनिका अग्रवाल सराफ (सीनियर कंसलटेंट) ने बताया कि नेत्र जांच में अधिकांश मरीजों को मोतियाबिंद तथा दूरदृष्टि की बीमारी का प्रकोप देखा गया है। बताया कि 35 लोगों को मोतियाबिंद तथा रेटिना सर्जरी का ऑपरेशन केबीआर हॉस्पिटल में आयुष्मान कार्ड द्वारा निशुल्क किया जाएगा।


खटीमा के नौसर गांव में मगरमच्छ का रेस्क्यू करते वनकर्मी। ● अमृत विचार

### वनकर्मियों ने मगरमच्छ का रेस्क्यू किया

**खटीमा।** नौसर गांव में मगरमच्छ के आने की सूचना पर खटीमा रेंज के वन क्षेत्राधिकारी एमसी जोशी ने तत्काल टीम भेजकर मगरमच्छ का रेस्क्यू कराकर क्रोकोडाइल पॉइंट में छुड़वाया गया। सूचना पर खटीमा रेंज के रेंजर एमसी जोशी ने वन दरोगा धन सिंह अधिकारी को टीम के साथ रवाना किया। टीम मौके पर पहुंची तो वहां भारी भीड़ जमा हो गई थी। टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से भारी मशक्कत के बाद मगरमच्छ का रेस्क्यू किया और सुरक्षित क्रोकोडाइल पॉइंट पर छोड़ा गया। टीम में रेखा, वैशाली, नवी अहमद, अनुज मिश्रा, आकाश, रामविलास आदि थे।

### रेडक्रॉस सोसायटी जरूरतमंदों को बांटेगी कंबल

**काशीपुर।** उदयराज हिन्दू इंटर कॉलेज में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी शाखा इकाई की बैठक सोसायटी चेयरमैन गुरनाम सिंह गामा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जरूरतमंदों को कंबल और तिरपाल वितरण किए जाने पर पदाधिकारियों के बीच विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान चेयरमैन गामा ने जरूरतमंदों को चिन्हित करने के लिए पदाधिकारियों से अनुरोध किया। उन्होंने यह भी बताया कि फरवरी के पहले सप्ताह में एलडी भट्ट राजकीय अस्पताल में रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। इस दौरान सोसायटी उपाध्यक्ष डॉ. राजीव गुप्ता, प्रधानाचार्य ब्रजेश कुमार गुप्ता, सचिव अरुण पंत, संजय शर्मा, गौरव रस्तोगी, जगदीश चंद्र पनेरु, संजय कुमार रहे।

### मोबाइल से सट्टा लगा रहे युवक को पुलिस ने दबोचा

**काशीपुर।** मोबाइल से सट्टा लगा रहे एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिसके पास से पुलिस मोबाइल में सट्टे का रिकॉर्ड व 25 हजार की नकदी बरामद की। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। कटोराताल चौकी पुलिस ने गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर पीएम हाउस के बगल में पुराना खंडहर के पास एक युवक को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा। तलाशी लेने पर युवक के पास मोबाइल में अलग-अलग लोगों के नाम से सट्टे का रिकॉर्ड और 25500 रुपये बरामद किये। पूछताछ में युवक ने अपना नाम मजरा लक्ष्मीपुर पट्टी निवासी नदीम बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया।


इमलीघाट वन चौकी पर अवैध लकड़ी से भरे पिकप के साथ वन कर्मी।

### वन विभाग ने अवैध लकड़ी भरा पिकप सीज किया

**शांतिपुरी।** बीते शुक्रवार को वन विभाग की टीम ने प्रभागीय वनाधिकारी तराई पूर्वी वन प्रभाग हल्द्वानी के निर्देश पर वन अपराधों पर नियंत्रण हेतु औचक छापेमारी की। जिसमें टीम ने एक अवैध लकड़ी से भरे पिकप को पकड़ कर सीज कर दिया है। शुक्रवार रात करीब एक बजे गस्त के दौरान वन विभाग की टीम ने चमन नगर कोटखर्रा मोटर मार्ग में एक वाहन पिकअप संख्या यूके06 सीबी 9018 से वन उपज सेमल छ: नग का अवैध अभिवहन करने पर डौली रेंज इमली घाट में खड़ा कर सीज कर दिया गया है। जिस पर विभाग की ओर से अग्रिम विधिक कार्रवाई जारी है।

### अनिल बने दिव्यांग प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक



**खटीमा।** भारतीय जनता पार्टी ने पहली बार प्रदेश में दिव्यांग प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। जिसमें चारुबेटा निवासी अनिल सक्सेना को प्रदेश सह संयोजक मनोनीत किया गया है। उनके मनोनयन पर क्षेत्र के तमाम लोगों ने बधाई दी है। सह संयोजक बने अनिल सक्सेना ने कहा कि भाजपा की नीति और रीति को दिव्यांगजनों तक पहुंचाकर उन्हें पार्टी से जोड़ेंगे और आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी की मजबूती के लिए मेहनत कर 400 के पार का नारा साकार करेंगे।

# शराब की 750 पेटियां पकड़ीं, दो लोग गिरफ्तार

## बरामद शराब की कीमत करीब 1 करोड़ रुपये, एसएसपी ने पुलिस टीम को दिया ढाई हजार रुपये इनाम

संवाददाता, गदरपुर

**अमृत विचार:** पुलिस ने कैंटर में अवैध रूप से ले जायी जा रही अंग्रेजी शराब की 750 पेटियां बरामद की हैं। एसएसपी ने बताया कि बरामद शराब की कीमत करीब 1 करोड़ रुपए है। पुलिस ने शराब के साथ दो लोगों को भी गिरफ्तार किया है।

शुक्रवार को थाने में मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए थानाध्यक्ष भुवन चंद जोशी के नेतृत्व में पुलिस टीम गुरुवार रात्रि सकैनिया चौकी प्रभारी भूपेंद्र सिंह रसवाला के नेतृत्व में सकैनिया चौराहे के पास वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान ग्राम मसीत की तरफ से आ रहे कैन्टर यूपी 22 बीटी 2263 को पुलिस कर्मियों ने रुकने का इशारा किया। पुलिस को देख कैंटर चालक ने वाहन को गदरपुर की तरफ तेजी से भागने की कोशिश की। सकैनिया चौकी के पास पुलिस कर्मियों ने बैरियर लगाकर कैंटर को रोक लिया। पुलिस पूछताछ में चालक ने अपना नाम सोनू पुत्र राम सिंह व दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम धर्मपाल पुत्र शिवलाल निवासी ग्राम-तालनपुर थाना-भोट रामपुर उत्तर प्रदेश बताया। पुलिस ने जब दोनों से कैन्टर में लदे माल के बारे में पूछताछ की तो वाहन चालक सोनू ने बताया कि वाहन में प्लाई बोर्ड लदी है। पुलिस ने जब वाहन चालक से कैंटर लदी प्लाई के बिल की मांग की तो वाहन चालक बिल नहीं दिखा पाया। इस पर पुलिस ने वाहन की तलाशी ली। तलाशी के दौरान पुलिस को गत्ते की पेटी लदी मिली। पुलिस ने जब गत्ते की पेटी की पेटियों को खोल कर देखा तो उसमें शराब मिली। पुलिस गाड़ी को और दोनों को थाने ले आयी। थाने में पुलिस ने जब कैंटर से पेटियों को उतारा गया तो उसमें कुल 750 पेटी शराब की मिली। एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने बताया कि बरामद अंग्रेजी शराब की कीमत करीब 1 करोड़ रुपए है। पुलिस दोनों के खिलाफ धारा धारा 60/72 आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया।

गदरपुर पुलिस की इस कामयाबी पर एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने पकड़ने वाली टीम को 2500 रुपए नगद इनाम देने की घोषणा की। उन्होंने सुकेनिया चौकी प्रभारी भूपेंद्र सिंह रसवाल को मैन ऑफ द मंथ देने की घोषणा की। अंग्रेजी शराब को पकड़ने वाली टीम में थाना अध्यक्ष भुवन चन्द्र जोशी, सकैनिया चौकी प्रभारी भूपेंद्र सिंह रसवाला भूपेन्द्र सिह रंसवाल, उप निरीक्षक पान सिह पागंती, जीवन फुलेरा निकुल जाटव, इरशाद उल्ला, बलवन्त सिह ,दर्शन सिंह हरि सिह शामिल थे।


पकड़ी गई शराब और आरोपित के साथ एसएसपी मंजूनाथ टीसीव अन्य।

### काशीपुर मुरादाबाद के रास्ते राजस्थान कैंटर चालक

काशीपुर स्थित आईजीएल फैक्ट्री से एक करोड़ रुपए की शराब लादकर कैंटर चालक को मुरादाबाद के रास्ते राजस्थान जाना था। सवाल यह है कि कैंटर चालक काशीपुर से मुरादाबाद न जाकर मसीद गदरपुर के रास्ते कहां जा रहा था।

### 36 घंटे बाद भी किसी ने नहीं किया पुलिस से संपर्क

**गदरपुर।** 745 पेटी अवैध शराब पकड़े जाने के 36 घंटे बीतने के बाद भी किसी व्यक्ति ने अभी तक पुलिस से संपर्क नहीं किया। इसका मतलब पुलिस जो कह रही है कि शराब को लोकसभा चुनाव के लिए डंप किया जा रहा था वह बात सच लग रही है।

### पुलिस ने जुआ खेल रहे 8 लोगों को पकड़ा

**गदरपुर।** दुकान पर जुआ खेल रहे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते पुलिस ने 8 लोगों को मौके से पकड़ लिया। शुक्रवार को थाने में अपर पुलिस अधीक्षक अभय प्रताप सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर थानाध्यक्ष भुवन चंद जोशी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शुक्रवार रात्रि फौजी मार्केट महतोश मोड़ स्थित दुकान में जुआ खेल रहे 8 लोगों को पकड़ लिया। पुलिस ने उनके पास से 2 लाख 3 हजार हजार रुपये नगदी के साथ ही तलाशी में 13 हजार रुपये, 7 मोबाइल, ताश के पत्ते बरामद किए गए। पकड़े गए लोगों में राजकुमार निवासी आवास विकास गदरपुर, पवन कुमार निवासी महेशपुर रुद्रपुर, विशाल विश्वास निवासी बिलासपुर रामपुर उत्तर प्रदेश, दीपक विश्वास निवासी महतोश मोड गदरपुर, सुशांत राय निवासी पिपलिया नंबर 1 गदरपुर दीपक निवासी चकरपुर, छोटू विश्वास निवासी महतोष मोड़ गदरपुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों पर जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया।

# बाटा चौक का नाम डॉ. आंबेडकर नहीं होने से भीम आर्मी में आक्रोश

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** बाटा चौक का नाम डॉ. भीमराव आंबेडकर नहीं किये जाने और आंबेडकर पार्क का सौंदर्यीकरण नहीं होने से भीम आर्मी भारत एकता मिशन के पदाधिकारियों में आक्रोश व्याप्त है। विरोध में पदाधिकारियों ने गणतंत्र दिवस पर कड़कड़ाती ठंड के बीच धरना दिया। पदाधिकारियों ने जल्द मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

पूर्व प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत भीम आर्मी भारत एकता मिशन के पदाधिकारी 26 जनवरी को आंबेडकर पार्क मे पहुंचे और धरने पर बैठ गये। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि पूर्व में सीएम पुष्कर सिंह धामी ने सबकी योजना सबका विकास कार्यक्रम के तहत बाटा चौक का नाम डॉ. भीमराव आंबेडकर रखने की घोषणा की थी। लेकिन आज तक यह नाम नहीं रखा गया है। इसके साथ ही मुख्य बाजार स्थित आंबेडकर पार्क का चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि पार्क में टाइल्स क्षतिग्रस्त हो गयी हैं उनकी मरम्मत की जाए। इसके अलावा पार्क के अंदर खड़े वाहनों को बाहर किया जाए। साथ ही पार्क के मुख्य गेट पर नगर निगम की ओर से ताला लगाया जाए। अगर कोई संगठन पार्क को किसी कार्यक्रम के लिए मांगता है पहले प्रशासन की अनुमति ली जाए और फिर पार्क को खोला जाए। ताकि पार्क में असामाजिक तत्वों की आवाजाही भी न हो सके। इस दौरान केके भारती, सुरेश भारती, विवेक जाटव, राजेंद्र सिंह, तरनजीत सिंह, भीम रतन, नरेंद्र सिंह, टिंकू, सुशील कुमार, हरीश मौर्य समेत कई लोग मौजूद रहे।



आंबेडकर पार्क में धरना देते भीम आर्मी भारत एकता मिशन के पदाधिकारी।

### योगेश ने स्वर्ण तो दिवाकर ने जीता कांस्य पदक

**काशीपुर।** तमिलनाडु में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स में भारतीय खेल प्राधिकरण साई के मुक्केबाज योगेश्वर ने स्वर्ण और दिवाकर ने कांस्य पदक हासिल कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है।

बीती 20 से 24 जनवरी तक चेन्नई तमिलनाडु में खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2024 का आयोजन किया गया। इसमें काशीपुर साई के मुक्केबाज योगेश पवार ने 75 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण और दिवाकर ने 67 किग्रा में कांस्य पदक प्राप्त किया। कोच सिकंदर पटेल ने बताया कि वर्ष 2022 से केंद्र में दिवाकर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा है। बताया कि योगेश ने भी वर्ष 2022 से अब तक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तीन स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीता है। इस उपलब्धि पर केंद्र प्रभारी ज्योति शाह, कोच सिकंदर पटेल, मुकेश बेलवाल, वरुण शर्मा, एथलेटिक कोच सीएस नेगी, ओमप्रकाश सिंह, नीरज कुमार ने बधाई दी।

# तीन बाइक उड़ाकर चोरों ने दी पुलिस को चुनौती

संवाददाता, रुद्रपुर

**अपराध**

▸▸ **कोतवाली इलाके से हुई तीन बाइक चोरी**

**अमृत विचार:** कोतवाली इलाके में एक बार फिर बाइक चोरों ने पुलिस को चुनौती देते हुए शहर के अलग-अलग स्थानों से तीन बाइक चुराकर अपनी दस्तक का एहसास कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार इंदिरा कॉलोनी निवासी प्रशांत कुमार 24 जनवरी की दोपहर को दो बजे अपनी बाइक संख्या यूपी-25 सीएफ-2963 को लेकर नैनीताल हाईवे स्थित एक बैंक में आया था और बाइक को लॉक कर बैंक के बाहर खड़ी कर दी थी। थोड़ी देर बाद जब वापस आया तो बाइक गायब थी। इसके अलावा छिनकी गांव किच्छा निवासी जकी अहमद ने बताया कि 25 जनवरी की शाम को साढ़े आठ बजे वह अपनी बाइक संख्या यूके-06एएल-7819 को लेकर काशीपुर रोड स्थित एक इंटरप्राइजेज शोरूम में गया था और बाइक को बाहर खड़ी कर दी थी।

रोडवेज बस चालक रंजीत सिंह ने बताया कि वह 20 जनवरी की दोपहर को बारह बजे रोडवेज बस स्टैंड अपनी बाइक संख्या यूके-06 एजी-9320 से परिसर पहुंचा और कर्मचारियों के स्टैंड पर बाइक को खड़ा कर दिया। इसके बाद वह बस लेकर दिल्ली के लिए रवाना हुआ और दूसरे दिन जब वापस आया तो बाइक अपने स्थान से गायब हो चुकी थी। पुलिस ने मौका मुआयना किया और घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालना शुरू कर दिया।

# लोकसभा चुनाव को लेकर की कार्यकर्ताओं से चर्चा


काशीपुर में कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान मंचासीन मुख्य अतिथि व अन्य।

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** बहुजन समाज पार्टी का एक दिवसीय कुमाऊं मंडल कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जहां लोकसभा चुनावों को लेकर कार्यकर्ताओं से चर्चा की।

शनिवार को मानपुर रोड स्थित एक हॉल में सम्मेलन में पूरी लोकसभा क्षेत्र के विधानसभा प्रभारी व लोकसभा क्षेत्र के प्रभारियों ने हिस्सा लिया। जिसमें मुख्य अतिथि शमसुद्दीन राइन ने लोकसभा की समीक्षा मीटिंग की गई। जहां हर विधानसभा में कमेटी को दुरुस्त करने और हर गांव में जाकर बहन जी को प्रधानमंत्री बनाने की बात कही जाएगी। कहा कि लोकसभा चुनाव में पार्टी ने 2 से 3 सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है। वहीं नगीना से पार्टी के सांसद गिरीचंद जाटव, प्रदेश अध्यक्ष चौधरी शीशपाल सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर युवाओं को जोड़ने का काम करें। यहां प्रदेश उपाध्यक्ष एमएस धोनी, प्रदेश महासचिव विनोद कुमार गौतम, हरीश चंद सनौली, सुरेंद्र सागर, लोकसभा प्रभारी लेखराज गौतम, वीर सिंह गौतम, करण भारती, रामावतार सिंह मौर्य, अफसर अली रहे।

# भागवत कथा से पूर्व निकाली कलश यात्रा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की ओर से श्रीमद् भागवत कथा से पूर्व शहर में भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। इसके बाद गांधी पार्क में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ आचार्य राम तिवारी ने भूमि पूजन किया। भागवत कथा रविवार से आयोजित होगी। इस दौरान कथा व्यास साध्वी कालिन्दी भारती कथा सुनाएंगी।

शनिवार को शिव शक्ति मंदिर आवास विकास से कलश यात्रा का शुभारंभ हुआ। यहां कलश यात्रा परशुराम चौक, डीडी चौक, सिविल लाइन होते हुए गांधी पार्क में पहुंची। इसमें महिलाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इसके बाद गांधी पार्क में भूमि पूजन किया गया। संस्थान के स्वामी उमेशानंद ने बताया कि धरती माता इस अनुष्ठान की अध्यक्षता क्रेन वाली मुख्य देवी है। वैदिक काल से यह अनुष्ठान होता आ रहा है। भूमि पूजन से स्थान के समस्त रोग दूर होते हैं। साथ ही देवताओं का आह्वान होता है। उन्होंने बताया कि ईश्वर के आगे वैदिक मंत्रों से प्रार्थना की जाती है। उन्होंने बताया कि भागवत कथा रविवार से शुरू होगी और 3 फरवरी तक आयोजित होगी। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, भारत भूषण चुघ, संजय ठुकराल, अमित गुप्ता, हिमांशु मौर्य, मनदीप सिंह, विशाल मौर्य, सुखवंत सिंह, बंटी कोली, गौरव आहूजा, ललित बिष्ट समते कई लोग मौजूद रहे।


रुद्रपुर में कलश यात्रा में शामिल महिलाएं। ● अमृत विचार

**अनदेखी** प्रशासन की मौन सहमति से चल रहा धंधा, शासन को हो रहा राजस्व का नुकसान

# कृषि पट्टे की भूमि पर मिट्टी का अवैध खनन

संवाददाता, शक्तिफार्म

**अमृत विचार:** प्रशासन की मौन सहमति पर ग्रामसभा निर्मल नगर में महीनों से कृषि पट्टे की भूमि से अवैध मिट्टी खनन बदस्तूर जारी है। मिट्टी खनन माफिया जहां एक ओर कृषि भूमि को तालाबों में तब्दील करने में जुटे हुए हैं। वहीं सरकार को राजस्व की भी हानि पहुंचा रहे हैं।

पिछले लगभग चार महीनों से ग्रामसभा निर्मल नगर के श्मशान घाट के निकट अवैध रूप से मिट्टी खनन कार्य जारी है। निर्मल नगर के तीन- चार काश्तकार कृषि पट्टे की शर्तों का उल्लंघन कर अपनी कृषि भूमि को मिट्टी खनन माफिया को उपलब्ध करा रहे हैं। आलम यह है कि खनन माफिया बेखौफ होकर महीनों से मिट्टी खनन कार्य करने में जुटे हुए हैं। जिस कारण कई एकड़ कृषि भूमि तालाब का रूप ले लिया है। साथ ही खनन माफिया अवैध मिट्टी खनन कर सरकार को भी राजस्व हानि पहुंचा रहे हैं। लगभग चार महीनों से जारी अवैध मिट्टी खनन पर प्रशासन ने भी आंख मूंद ली है। प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही न करने से मिट्टी खनन माफिया का हौसला बुलंद है।


निर्मल नगर में कई एकड़ कृषि भूमि पर किया जा रहा अवैध मिट्टी खनन।

### उप जिलाधिकारी बोले कराई जाएगी जांच

**शक्तिफार्म।** निर्मल नगर श्मशान घाट के निकट कई महीनों से जारी अवैध मिट्टी खनन पर उप जिलाधिकारी तुषार सैनी ने कहा कि फिलहाल वह अवकाश पर हैं। तहसीलदार को मौके पर भेज कर इसकी जांच कराएंगे।

### सुबह तीन बजे से शुरू हो जाती है मिट्टी ढुलाई

**शक्तिफार्म।** ग्रामीणों ने बताया कि खनन माफिया द्वारा करीब चार महीनों से मिट्टी खनन का काम किया जा रहा है। सुबह तीन बजे से ट्रैक्टर ट्राली में मिट्टी को भरकर ढुलाई का काम शुरू कर देते हैं जो दोपहर तक जारी रहता है।

# चोरों ने मोबाइल शॉप का ताला तोड़ 60 हजार उड़ाए

संवाददाता, शक्तिफार्म

**अमृत विचार:** क्षेत्र के गोविंद नगर में अज्ञात चोर एक मोबाइल दुकान का ताला तोड़कर 60 हजार की नगदी सहित करीब डेढ़ लाख का सामान ले गए। गोविंद नगर के बैंक ऑफ बड़ौदा का मिनी बैंक का भी ताला तोड़कर करीब 6 हजार रुपये की नगदी ले गए। सूचना पर चौकी प्रभारी जगदीश तिवारी ने मौके पर पहुंचकर छानबीन की तथा घटना की जानकारी की।

शक्तिफार्म क्षेत्र के गोविंद नगर निवासी राजीव की गोविंद नगर बाजार में राजीव नेटवर्क के नाम से मोबाइल की दुकान एवं फिनो पेमेंट के नाम से मिनी बैंक है। गुरुवार रात दुकान बंद कर वह अपने घर चला गया। शुक्रवार प्रातः करीब 6:30 बजे बाजार के एक दुकानदार ने जब अपनी दुकान खोला तो मोबाइल शॉप का शटर खुला देख उसने दुकान स्वामी राजीव को फोन कर सूचना दे दी। राजीव ने दुकान पहुंचकर देखा तो चोर 13 की पैड मोबाइल सेट, एसेसरीज एवं करीब 60 हजार रुपये नगदी चुरा कर ले गए। दुकान स्वामी राजीव ने बताया कि चोर 60 हजार रुपए नगदी एवं मोबाइल सेट, एसेसरीज अन्य सामान चुराकर ले गए। जो करीब 90 हजार रुपए के हैं। चोर उससे कुछ दूरी पर स्थित बैंक आफ बड़ौदा का मिनी बैंक का ताला तोड़कर बैंक में रखे 6 हजार की नगदी ले गए। मिनी बैंक संचालक प्रदीप ने बताया कि चोर सिर्फ नगदी ही ले गए। बैंक का अन्य कोई सामान नहीं लिया।



अल्मोड़ा में गणतंत्र दिवस पर पुलिस लाइन में आयोजित परेड में शामिल जवान। ● अमृत विचार



गणतंत्र दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करते स्कूली बच्चे। ● अमृत विचार

# हमको संविधान के सिद्धांत जीवन में उतारने होंगे: डीएम

## धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस, प्रभात फेरी के साथ ही विभिन्न स्थानों पर हुए रंगारंग कार्यक्रम, लोगों ने बढ़ चढ़कर लिया भाग

- कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी विनीत तोमर ने झंडा फहराया
- जरूरतमंद लोगों को कंबल भी वितरित किए

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** जिले में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रातः नंदादेवी के प्रांगण से मुख्य बाजार होते हुए चौघानपाटा तक प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली बच्चों एवं जनप्रतिनिधियों तथा स्थानीय लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी विनीत तोमर ने झंडा फहराया। इस दौरान सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाया तथा जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट के समस्त स्टाफ को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई। जिलाधिकारी ने जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई देकर कहा कि आज का दिन भारत के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि आज ही के दिन हमारा संविधान लागू हुआ था। उन्होंने कहा कि हम सभी को संविधान का पालन कर उसके सिद्धांतों को अपने जीवन में उतारना है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जरूरतमंद लोगों को कंबल भी वितरित किए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी सीएस मर्तोलिया, वरिष्ठ अधिवक्ता केवल सती समेत अन्य उपस्थित रहे।



अल्मोड़ा में गणतंत्र दिवस के मौके पर प्रभात फेरी निकालते लोग। ● अमृत विचार



गणतंत्र दिवस पर पुलिस लाइन में आयोजित परेड का निरीक्षण करते सांसद अजय टम्टा। ● अमृत विचार

### कांग्रेस कार्यालय में झंडारोहण कर संविधान की प्रस्तावना पढ़ी

**अल्मोड़ा :** गणतंत्र दिवस पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला कांग्रेस कार्यालय में झंडारोहण कर संविधान की प्रस्तावना पढ़ी और देश की आजादी और गणतंत्र स्थापना के नायकों का स्मरण किया। इस मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज ने कांग्रेस जनों से देश के विकास और लोकतंत्र की मजबूती के लिए तत्पर रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष तारा चंद्र जोशी, राधा बिष्ट, पूरन रौतेला, अरविंद सिंह रौतेला, परितोष जोशी, हरीश भट्ट, प्रदीप सिंह बिष्ट, शहजाद कश्मीरी, देवेंद्र जोशी, पीतांबर पांडे, देवेंद्र सिंह कनवाल, सुनील कर्नाटक, किरन आर्य, दीपा साह, लता तिवारी, सरस्वती रोडिया, तारा तिवारी, तारा भंडारी आदि मौजूद रहे।

### संविधान की मजबूती के लिए देशवासी प्रतिबद्ध : टम्टा

**अल्मोड़ा :** हमारे स्वतंत्रता सेनानियों एवं संविधान निर्माताओं ने जो सपना देखा था आज उसे पूरा करने के लिए देश का प्रत्येक नागरिक प्रतिबद्ध हैं। देश मजबूत लोकतंत्र के साथ अनेक उपलब्धियां हासिल कर रहा है, जिससे भारत की विश्व में एक अलग पहचान बन गई है। यह बात गणतंत्र दिवस के मौके पर जिला मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में अल्मोड़ा पिथौरागढ़ संसदीय क्षेत्र के सांसद अजय टम्टा ने कही। उन्होंने कहा कि जल, थल एवं नभ में देश नए नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। नई शिक्षा नीति के माध्यम से देश के युवा विश्व में परचम फहराकर देश का नाम रोशन कर रहे हैं। जी-20 के सफल आयोजन से हमने विश्व को दिखाया है कि भारत अब किसी से कम नहीं है। सामूहिक रूप से राष्ट्रगान भी गाया गया। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पींचा के निर्देशन में आयोजित पुलिस परेड तथा मार्च पास का अवलोकन अतिथियों एवं नागरिकों ने किया और जाबांज महिला एवं पुरुष सिपाहियों के हौसले की सराहना की। विभिन सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित कर सरकारी विभागों द्वारा विभिन्न योजनाओं से संबंधित झांकियां भी प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में पूर्व विस उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह चौहान, जिलाध्यक्ष भाजपा रमेश बहुगुणा, पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, महामंत्री भाजपा धर्मेंद्र बिष्ट, जिलाधिकारी विनीत तोमर, मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे, सीएमओ डा. आरसी पंत, अख्तर हुसैन, प्रताप सत्याल, अजय वर्मा समेत अन्य अधिकारी, स्थानीय नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं पुलिस महकमे के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन विभु कृष्ण ने किया।

# राष्ट्रीय पुलिस पदक से सम्मानित हुए आईजी

संवाददाता, रानीखेत

**अमृत विचार :** 75वें गणतंत्र दिवस पर भारत सरकार की ओर से सीमांत मुख्यालय रानीखेत के महानिरीक्षक अमित कुमार को राष्ट्रीय पुलिस पदक से सम्मानित किया गया। बल के अन्य 9 अधिकारियों व कर्मचारियों को महानिदेशक स्वर्ण पदक व रजत पदक से सम्मानित किया गया।

सीमांत मुख्यालय के महानिरीक्षक अमित कुमार की इस उपलब्धि पर संजीव यादव, ओबी सिंह, उप महानिरीक्षक, राजेश ठाकुर, देवासीस पाल कमांडेंट, एचसीएस बिष्ट, दीपक कुमार सिंह, कोमल चन्द्र जोशी, अरविन्द कुमार, विकास कुमार, उप कमांडेंट पूरन सिंह नेगी, अधिशासी अभियंता नरेन्द्र कुमार, संजीव डिमरी सहायक कमांडेंट एवं बल के अन्य कर्मियों ने हर्ष व्यक्त किया।



अमित कुमार।

# हल्द्वानी मेडिकल कॉलेज की डॉ. ऋतु हुईं सम्मानित

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन एवं हरित सेवा समिति के तत्वावधान में नगर से लगे ग्राम बिचई में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय पूर्णानंद जोशी स्मारक स्थल में गणतंत्र दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस मौके पर राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी की प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष बाल रोग विभाग की डॉ. ऋतु रखोलिया को चिकित्सा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए एसएसबी 37 बटालियन के इंस्पेक्टर सुशील कुमार ने सम्मानित किया।

कार्यकम में डॉ. ललित मोहन रखोलिया, कैलाश चंद्र भट्ट, उजेर अहमद अंसारी, डॉ. विनोद जोशी, डॉ. मोहम्मद शाहिद, मोहन जोशी, आनंद सिंह महर, सुरेश मोनी, गिरीश उप्रेती, बसंत सिंह धामी, पुष्कर दत्त जोशी, गणेश जोशी आदि लोग मौजूद रहे।



टनकपुर में डॉ. ऋतु को सम्मानित करते एसएसबी के इंस्पेक्टर सुशील कुमार।

## सार-संक्षेप

### सीओ बीसी पंत को राज्यपाल ने किया सम्मानित

**टनकपुर।** चम्पावत के पुलिस उपाधीक्षक बीसी पंत को राज्यपाल का उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया। गणतंत्र दिवस पर लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने सम्मानित किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, मुख्य सचिव एसएस संधू, पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार सहित मंत्री और कई आला अफसर मौजूद रहे। चम्पावत पुलिस लाइन में तैनात अपर उप निरीक्षक त्रिलोक सिंह को सराहनीय सेवा के लिए सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह से सम्मानित किया गया। दोनों अधिकारियों को सम्मान मिलने पर पुलिस अधीक्षक अजय गणपति कुंभार सहित तमाम पुलिस अधिकारियों ने बधाई दी है।

### गणतंत्र दिवस पर बैरती में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**बैरती।** देश भक्ति की भावना को अंगीकार कर क्षेत्र में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। राजकीय प्राथमिक विद्यालय पान, तिरौटा- बैरती, सीरा, महाकालेश्वर, बसभीड़ा, महतगांव, आगरनौला, राजकीय जूनियर हाईस्कूल पान, भोलानाथ शिशु व विद्या मंदिर ककनर, सरस्वती शिशु मंदिर महाकालेश्वर, नव प्रभात हाईस्कूल बसभीड़ा, संकुल केन्द्र महाकालेश्वर, राउमावि महतगांव, राजकीय इंटर कालेज महाकालेश्वर एवं चित्रेश्वर में प्रभात फेरी, झंडारोहण एवं रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए गए। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व गणमान्य व्यक्तियों के साथ अभिभावकों ने भी गणतंत्र दिवस कार्यक्रमों में भागीदारी की। वक्ताओं ने गणतंत्र दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालकर देश भक्तों का भावपूर्ण स्मरण किया।

### डा. मनीष बने चिकित्सा महासंघ के जिलाध्यक्ष

**अल्मोड़ा।** चिकित्सा संघ जनपद शाखा अल्मोड़ा का द्विवार्षिक अधिवेशन नगर के जिला अस्पताल में आयोजित किया गया। अधिवेशन में संघ की नई कार्यकारिणी चुनी गई, जिसमें सर्वसम्मति से डा. मनीष पंत को संघ का जिलाध्यक्ष चुना गया। डा. जीवन मपवाल को सचिव, डा. कमलेश जोशी उपाध्यक्ष, डा. कृतिका और डा. ज्योति चौहान महिला उपाध्यक्ष, डा. प्रेरणा कोषाध्यक्ष डा. पंकज पांडे और डा.अमित सुकोटी संयुक्त सचिव, हरीश चंद्र आर्या मीडिया प्रभारी, डा. दीपांकर डेनियल केंद्रीय प्रतिनिधि, डा. प्रीति पंत को संपादक चुना गया। जबकि सीएमओ डा. आरसी पंत, पीएमएस डा. एचसी गड़कोटी, एसीएमओ डा. योगेश पुरोहित को संरक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। चुनाव सीएमओ डा. आरसी पंत की देखरेख में संपन्न हुआ। नव गठित कार्यकारिणी पदाधिकारियों ने कार्मिकों के हितों के लिए एकजुट होकर संघर्ष का आह्वान किया है।

### मांग नहीं मानी तो लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे

**अल्मोड़ा।** सेवानिवृत्त रोडवेज कर्मचारी कल्याण समिति की बैठक में ईपीएफ व पेंशन में बढ़ोतरी की मांग उठाई गई। बैठक में 31 जनवरी को दिल्ली में होने वाले धरना प्रदर्शन में बढ़ चढ़कर भागीदारी करने का निर्णय लिया गया। स्पष्ट तौर पर कहा गया कि यदि शीघ्र ही सेवानिवृत्त कार्मिकों की समस्या का समाधान नहीं किया तो वह आगामी लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने को बाध्य होंगे। लोअर माल रोड स्थित कार्यशाला परिसर में हुई बैठक में वक्ताओं ने कहा कि सेवानिवृत्ति के सालों बाद भी रोडवेज कर्मचारियों की पेंशन में वृद्धि नहीं होने से सेवानिवृत्त कार्मिकों को परिवार का भरण पोषण में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बैठक की अध्यक्षता अंबादत जोशी व संचालन उमेश चंद्र भट्ट ने किया। बैठक के बाद अपनी मांग को लेकर नारेबाजी भी की। इस मौके पर भुवन चंद जोशी, बिशन सिंह जीना, समीउल्लाह, हरीश चंद्र पांडे, रामदत्त पपनै, जीवन लाल टम्टा, भूपाल सिंह मेहता, देवकीनंदन पाठक, गिरवर सिंह, अंबीराम, रमेश चंद जोशी आदि मौजूद रहे।

### रोडवेज के सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने की नारेबाजी

**टनकपुर।** सेवानिवृत्त रोडवेज कर्मचारियों ने लंबित मांगें पूरी नहीं होने पर शनिवार को डिपो कार्यशाला गेट पर प्रदर्शन किया। बाद में भुवन चंद्र आर्या की अध्यक्षता तथा एलडी शर्मा के संचालन में बैठक आयोजित की गई। जिसमें राष्ट्रीय संघर्ष समिति के आह्वान पर 31 जनवरी को नई दिल्ली के जंतर मंतर में होने वाले धरना प्रदर्शन में शामिल होने का निर्णय लिया गया। बताया कि 30 जनवरी को टनकपुर, लोहाघाट व पिथौरागढ़ से सैकड़ों की संख्या में कर्मचारी टनकपुर पहुंचकर दिल्ली के लिए रवाना होंगे। इस दौरान मोहन भट्ट, राधेश्याम गिरि, राजेंद्र मलिक, हरीश जुयाल, लीलाधर गड़कोटी, दिनेश चंद्र भट्ट, कुंदन सिंह चिलवाल, आलोक कुमार, रेवाधर चौड़ाकोटी आदि मौजूद रहे।

# ध्वजारोहण कर जवानों को सम्मानित किया



गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण करते महानिरीक्षक अमित कुमार। ● अमृत विचार

संवाददाता, रानीखेत

**अमृत विचार :** नगर क्षेत्र में गणतन्त्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सभी सरकारी कार्यालयों में निर्धारित समय पर ध्वजारोहण किया गया।

तहसील कार्यालय में संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल ने ध्वजारोहण किया। वहीं एसबीसी के सीमांत मुख्यालय में महानिदेशक अमित कुमार ने ध्वजारोहण कर जवानों को सम्मानित भी किया। नगर क्षेत्र के सभी विद्यालयों में छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। गणतंत्र दिवस पर नगर क्षेत्र के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नगर पालिका परिषद कार्यालय, कोतवाली सहित सभी कार्यालयों में ध्वजारोहण किया गया। विद्यालयों में छात्र-छात्राओं द्वारा प्रातः प्रभात रैली निकाली। छात्राओं द्वारा इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।

## सुरक्षित गांव के बारे में किया लोगों को जागरूक

**अल्मोड़ा :** विकासखंड भैसियाछाना के पंचायत घर पांडेतोली में तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान की ओर से आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों को सतत विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण की विस्तार से जानकारी दी गई। इस मौके पर ग्रामीण समाज कल्याण समिति के मास्टर ट्रेनर गोपाल सिंह चौहान, भूपेंद्र सिंह चौहान, दीपा सिराड़ी और गिरीश चंद्र जोशी ने गरीबी मुक्त, उन्नत आजीविका गांव, स्वच्छ और हरा भरा गांव, सामाजिक रूप से सुरक्षित गांव आदि के बारे में जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया। इसके अलावा जीपीडीपी का निर्माण एवं ई ग्राम स्वराज पोर्टल आदि के बारे में जानकारी दी। प्रशिक्षण शिविर में ग्रांम पंचायत पांडेतोली, डालाकोट, शील, कुंजरतौड़ा, थिकलना, नैनीगूंठ, न्योली के ग्रामीण समेत रेखीय विभागों के कर्मचारियों ने भाग लिया।

# एसएसबी जवान गणेश सिंह राणा दूसरी बार राष्ट्रपति से पुरस्कृत

संवाददाता, बनबसा

**अमृत विचार :** गणतंत्र दिवस पर सेंकेड बटालियन बारामूला जम्मू और कश्मीर में तैनात एसएसबी के जवान गणेश सिंह राणा निवासी ग्राम पेंटर फॉर्म गुदमी बनबसा को राष्ट्रपति ने वीरता पदक से सम्मानित किया है। राणा को दूसरी बार राष्ट्रपति सम्मान दिया गया है।

पहला नक्सल विरोधी अभियान 10 जुलाई 2020 में बिहार के वाल्मीकि टाइगर रिजर्व बगहा थाना लोकारिया बिहार में चलाया, जिसमें इन्होंने साथी जवानों के साथ मिलकर 4 कुख्यात नक्सलियों को मार गिराया और भारी मात्रा में हथियार एवं गोला बारूद बरामद किया। अन्य नक्सलियों को भागने पर मजबूर होना पड़ा था। मुठभेड़ में गणेश सिंह राणा ने वीरता का परिचय दिया, जिस कारण बड़ी सफलता प्राप्त हुई। दूसरी बार 2 फरवरी 2022 को बिहार के नक्सल प्रभावित क्षेत्र लखीसराय जिला के केवड़ियाकोल में सूचना पर सर्च अभियान चलाया, जिसमें नक्सलियों के एक दस्ते के साथ इनकी टीम की मुठभेड़ हुई, जिसमें इनकी टीम का नक्सलियों से अचानक आमना सामना हो गया। सुरक्षाबलों को देखते ही नक्सली फायरिंग करने लगे थे।



जवान गणेश राणा।

टीम ने अपनी जान की परवाह किए बगैर सूझबूझ से नक्सलियों के मंसूबों को नाकाम कर जवाबी फायरिंग कर 2 कुख्यात हथियारबंद नक्सलियों को मार गिराया। जिसमें गणेश सिंह राणा ने टीम में अपना अहम योगदान दिया जिससे टीम को इतनी बड़ी सफलता मिली। इनकी इसी वीरता को देखते हुए महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इनको वीरता पदक से नवाजा है। इससे पहले भी उनको 26 जनवरी 2020 को राष्ट्रपति वीरता पदक मिल चुका है। इसके अलावा एसएसबी महानिदेशक स्वर्ण पदक 3 बार और आंतरिक सुरक्षा सेवा पदक व कई प्रशस्ति पत्र मिल चुके हैं। इनकी उपलब्धि पर विधायक प्रतिनिधि दीपक रजवार, जिला पंचायत सदस्य पुष्कर कापड़ी, गौरव सैनानी कल्याण समिति के अध्यक्ष कैप्टन भानी चंद, व्यापार मंडल अध्यक्ष परमजीत सिंह, महामंत्री अभिषेक गोयल, भरत सिंह भंडारी, संजय पारिक, प्रधान प्रतिनिधि राकेश चंद, ललित वर्मा, मनोज मित्तल, भजन सम्राट कपिल भार्गव, सकील अहमद, विमला सजवान, भाजपा प्रदेश मंत्री हेमा जोशी, सुनीता मुरारी, मंडल अध्यक्ष कमलेश भट्ट, जतिन देऊपा, रफी अंसारी, रुचि धस्माना, शंकर लाल वर्मा, बलवीर प्रजापति, सावन चंद आदि ने खुशी जताई।

**समारोह** पुलिस लाइन में हुआ मुख्य कार्यक्रम, जवानों ने निकाली परेड, राज्य और केंद्र सरकार की योजनाओं की दी जानकारी

# चम्पावत में प्रभारी मंत्री रेखा आर्या ने फहराया तिरंगा

संवाददाता, टनकपुर/चम्पावत

**अमृत विचार :** जिले में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। जिले की प्रभारी मंत्री रेखा आर्या ने पुलिस लाइन में तिरंगा फहराकर परेड का की सलामी ली। परेड में पुलिस विभाग द्वारा प्रस्तुत झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ।

डीएम नवनीत पांडेय ने कलक्ट्रेट परिसर में तिरंगा फहराया। कार्यक्रम को संबोधित कर प्रभारी मंत्री ने कहा कि सरकार की ओर से पिछले चार सालों में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क, बिजली, कृषि एवं सहकारिता सहित विभिन्न क्षेत्रों में आमजन के कल्याण के लिए कई योजनाएं संचालित की गई हैं। केन्द्र व राच्य सरकार अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति के विकास के लिए कार्य कर रही है। प्रभारी मंत्री ने पुलिस विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों को सम्मानित किया। एसपी अजय गणपति ने अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख रेखा देवी, डीएम नवनीत पांडे, डीएफओ आरसी कांडपाल, सीडीओ संजय सिंह, एडीएम हेमंत कुमार वर्मा, एसडीएम सौरभ असवाल सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। जिलाधिकारी नवनीत पांडे ने कलेक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर विभिन्न अधिकारी व कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

### टनकपुर और बनबसा में भी हुए कार्यक्रम

टनकपुर और बनबसा में भी गणतंत्र दिवस पर तिरंगा फहराने के साथ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में गणतंत्र दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान विभिन्न शिक्षण संस्थानों, सरकारी व गैर सरकारी कार्यालयों में तिरंगा फहराया गया। एसडीएम कोर्ट परिसर में एसडीएम रिंकू बिष्ट, राजकीय पालीटेक्निक में प्रभारी प्रधानाचार्य मयंक बिष्ट ने तिरंगा फहराया। बिरगुल के चौड़ाख्याली अवधेशानंद पब्लिक स्कूल में प्रधानाचार्य अनीता पंगरिया ने दीप प्रच्वलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ किया। स्कूली बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। पीजी कालेज में प्राचार्य डा. संगीता गुप्ता, लोहाघाट ब्लाक कार्यालय में बीडीओ अशोक अधिकारी, बाराकोट में खजान जोशी, लोहाघाट थाने में सुरेंद्र सिंह कोरंगा ने झंडा फहराया। छमनियां चौड़ स्थित 36वीं वाहिनी आइटीबीपी में कमांडेंट धर्मपाल सिंह रावत तिरंगा फहराया।



ध्वज फहराकर सलामी देतीं प्रभारी मंत्री रेखा आर्या। ● अमृत विचार

## नगर में प्रभात फेरी के बाद किया ध्वजारोहण

**बनबसा।** गणतंत्र दिवस पर क्षेत्र में जगह-जगह ध्वजारोहण हुआ तथा विद्यालयों के बच्चों की ओर से नगर में प्रभात फेरी निकाली गई तथा संस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

टनकपुर पावर स्टेशन बनबसा, नगर पंचायत बनबसा, राजकीय महाविद्यालय, पूर्णागिरी इंटर कालेज भजनपुर, केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक एक, केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक दो, देव भूमि बीएड कॉलेज, ग्लोरियस एकेडमी, मैक्सटन स्ट्रांग स्कूल, शारदा इंटर कॉलेज और शारदा हेडवर्क्स, शहीद उत्तम चंद विद्यामंदिर, सरस्वती शिशुमंदिर, जनता उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय के अलावा आंगनबाड़ी केंद्रों, थाना, बैंक, कस्टम, इमिग्रेशन चेकपोस्ट, डाकघर आदि में भी ध्वजारोहण कर मिष्ठान वितरित किया गया।

## एक नजर

### मांग पत्र पर करेंगे उचित कार्यवाही : धामी

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को उत्तराखंड प्रान्तीय सिविल सेवा (कार्यकारी शाखा) संघ के वार्षिक अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा कि संघ द्वारा जो मांग पत्र दिया गया है, उस पर उचित कार्यवाही की जाएगी। सभी विषयों पर गंभीरता से विचार करते हुए समस्याओं का समाधान किया जाएगा। वहीं, सीएम से मुख्य सेवक सदन में सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक और पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद के नेतृत्व में हरिद्वार के किसानों के प्रतिनिधिमंडलों ने भेंट कर वर्ष 2023-24 के लिए राज्य में गन्ना मूल्य में 20 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि करने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। इसके अलावा, सीएम ने परेड मैदान में राज्य जनजातीय शोध संस्थान की ओर से आयोजित जनजातीय महोत्सव का शुभारंभ किया। सीएम ने कहा कि, भगवान बिरसा मुंडा ने आदिवासी समाज के लिए अस्तित्व, अस्मिता और आत्मनिर्भरता का जो मंत्र दिया था, उसका आज संपूर्ण देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अक्षरशः पालन किया जा रहा है।

# विकसित, आत्मनिर्भर भारत का संकल्प लें

## गणतंत्र दिवस पर राज्यपाल ने राजभवन एवं परेड ग्राउंड में फहराया राष्ट्रीय ध्वज

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** राज्यपाल गुरमीत सिंह ने कहा कि, हमने गणतंत्र के 75वें वर्ष में प्रवेश कर लिया है। यह अमृत महोत्सव के साथ-साथ अमृतकाल का भी दिन है जो हमें प्रेरित करता है कि हम किस प्रकार विकसित और सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र के साथ आत्मनिर्भर भारत के लिए संकल्प लें।

गणतंत्र दिवस पर राज्यपाल ने परेड ग्राउंड में आयोजित गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली। प्रदेश के लोक कलाकारों ने सांस्कृतिक लोक नृत्य का मनोहारी प्रदर्शन किया। परेड करने वाली टुकड़ियों में सीआरपीएफ पहले, आईटीबीपी दूसरे और 40 वीं वाहिनी महिला दल तीसरे स्थान पर रहीं। इस अवसर पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिस अधिकारियों/कर्मियों को उनकी सराहनीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया।


परेड ग्राउंड में गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में मौजूद राज्यपाल गुरमीत सिंह, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और सीएम की पत्नी गीता पुष्कर धामी।

राज्यपाल ने कहा कि साल 2023 भारतवर्ष के लिए भी उपलब्धियों से भरा रहा। भारत ने जी-20 की अध्यक्षता कर पूरी दुनिया को जहां एक ओर वसुधैव कुटुंबकम का संदेश दिया। वहीं अपनी वैश्विक नेतृत्व की क्षमता को प्रदर्शित किया। चंद्रयान-3 लॉन्च कर भारत चांद के दक्षिणी ध्रुव पर लैंडिंग करने वाला पहला देश बना। दुनिया के सबसे तेज 5-जी रोलआउट को हासिल करना, डिजिटल पेमेंट में सबसे ऊपर रहना और सौर मिशन आदित्य एल-1 सहित एशियन गेम्स में 100 से अधिक मेडल जीतना दर्शाता है कि हम मिशन-2047 की ओर सही और स्पष्ट रूप से आगे बढ़ रहे हैं। कहा कि, देश के विकास के साथ युवा उत्तराखंड भी प्रगति के पथ पर निरंतर अग्रसर है। हमने गत 24 वर्षों में कई उपलब्धियां हासिल की हैं किन्तु सर्वश्रेष्ठ राज्य बनने के लिए अभी हमें लंबा सफर तय करना है।

साल 2024 में हम सभी का समर्पण भाव इच्छा शक्ति और कार्य शैली हमारे प्रदेश की दशा और दिशा तय करने वाली है इसलिए उत्तराखंड को इस दशक में देश का विकसित, सर्वश्रेष्ठ एवं अग्रणी राज्य बनाने के लिए हम सबको संकल्प, सिद्धि और सामर्थ्य के साथ अपना योगदान करना होगा। समारोह में प्रथम महिला गुरमीत कौर, मुख्यमंत्री की पत्नी गीता धामी, कैबिनेट मंत्री, विधायक, मुख्य सचिव डॉ.एस.एस.संधु, डीजीपी अभिनव कुमार, अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, आनंद बर्द्धन, सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी मौजूद रहे।

# उत्तराखंड को बनाएंगे अग्रणी राज्यः धामी

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर उन्होंने सभी को संविधान की उद्देशिका की शपथ दिलाई।

मुख्यमंत्री ने सभी प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामना देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए हम सबको मिलकर योगदान देना होगा। प्रधानमंत्री मोदी के साढ़े नौ साल के कार्यकाल में हर वर्ग को ध्यान में रखते हुए योजनाओं का लाभ दिया गया। महिला सशक्तिकरण की दिशा में अनेक कार्य हुए है। कहा कि वर्ष 2025 तक उत्तराखंड को देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए राज्य सरकार हर क्षेत्र में तेजी से कार्य कर रही है। जनभागीदारी एवं जन सहयोग से उत्तराखंड को देश का अग्रणी राज्य बनाया जाएगा। इस अवसर पर सचिव शैलेश बगोली, विशेष सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते, अपर सचिव जे.एस कांडपाल और मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारीउपस्थितरहे। वहीं, मुख्यमंत्री ने गणतंत्र दिवस पर भाजपा कार्यालय में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, विधायक खजान दास एवं पार्टी पदाधिकारीमौजूद रहे।


गणतंत्र दिवस पर परेड ग्राउंड में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार।

### प्रवासी उत्तराखंडी भी पहुंचे

गणतंत्र दिवस पर नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर उत्तराखंड प्रवासियों के पांच सदस्यीया महिला दल ने उत्तराखंड के गढ़वाल, कुमाऊं व जौनसार की पारम्परिक वेशभूषा में प्रतिभाग कर लोक संस्कृति का प्रदर्शन किया। महिला दल ने बताया कि सभी महिलाएं भारत सरकार के 'अनंत सूत्र' कार्यक्रम में प्रतिनिधित्व करते हुए स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रही हैं। दल में जया राणा, यशोदा घिल्डियाल, संतोष बड़ोनी, सुरेशी दानू और संयोगिता ध्यानी उपस्थित रहीं।

### तिवारी ने ध्वज फहराया

सूचना महानिदेशालय में गणतंत्र दिवस के अवसर पर महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को भारत के संविधान की उद्देशिका की शपथ दिलाई। इस अवसर अपर निदेशक सूचना आशिष त्रिपाठी, वरिष्ठ वित्त अधिकारी शशि सिंह, उप निदेशक मनोज श्रीवास्तव, रवि बिजारनिया और अन्य अधिकारी, कर्मचारीउपस्थितरहे।

# कांग्रेसियों ने पुलिस मुख्यालय घेरा, नोकझोंक

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे आज रविवार को देहरादून के दौरे पर रहेंगे।

कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी ने शनिवार को जानकारी दी कि राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे दोपहर 12:30 बजे जौलीग्रान्ट एयरपोर्ट पहुंचेंगे और वहां से चौपर से पुलिस लाइन पर पहुंचने पर उनका स्वागत किया जाएगा। पुलिस लाइन से वह सीधे बन्नू स्कूल ग्राउंड में विराट कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे। इस बीच शनिवार शाम कांग्रेस ने आरोप लगाया कि जिला पुलिस-प्रशासन ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का चौपर पुलिस लाइन के मैदान पर उतरने की अनुमति नहीं दी है। अनुमति न मिलने के विरोध में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने पुलिस मुख्यालय स्थित डीजीपी ऑफिस के अंदरधरना शुरू कर दिया। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि पुलिस-प्रशासन तानाशाही रवैया अपना रहा है।


पुलिस मुख्यालय में धरना देते वरिष्ठ कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

पहले जनसभा के लिए मैदान देने में अड़ंगा लगाया और अब चौपर की अनुमति नहीं दी। इस दौरान पुलिस और कांग्रेसियों के बीच नोकझोंक हुई। पुलिसकर्मियों ने कांग्रेसियों को पुलिस मुख्यालय से बाहर कर दिया। काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने देर रात तक पुलिस मुख्यालय के मुख्य गेट को घेरकर धरना प्रदर्शन किया।

### व्यापारियों ने जानी साथियों की समस्याएं

**अल्मोड़ा। अमृत विचार :** देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल की नगर कार्यकारणी के चुनाव से पहले सदस्यता अभियान जोरों पर है। देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल अल्मोड़ा मुख्य बाजार में सदस्यता अभियान चलाया।

सदस्यता अभियान के साथ ही व्यापारियों की समस्याओं को जाना। सदस्यता अभियान के तहत सदस्यता प्रमुख राजेंद्र तिवारी, हरेंद्र वर्मा, अनूप गुप्ता, अतुल साह, संजय साह रिक्खू, अभय साह, विनीत बिष्ट, दिनेश मठपाल, भीमा पंवार, रोहित साह, कमल बिष्ट आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहा पूर्व छात्र संघ का अध्यक्ष गिरफ्तार

संवाददाता, अल्मोड़ा

- लंबे समय से चल रहा था फरार एसएसपी के निर्देश पर कार्रवाई

**अमृत विचार :** दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे सोबन सिंह जीना परिसर के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष पंकज कार्की को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था। बीते 24 नवंबर 2023 को एक युवती ने कोतवाली अल्मोड़ा में तहरीर दी थी, जिसमें युवती ने पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष पंकज कार्की पर दुष्कर्म का आरोप लगाया था।

इस घटना के बाद आरोपी पंकज कार्की फरार हो गया था।

पुलिस ने युवती की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था, जिसके बाद पुलिस उसकी तलाश में थी।

एसएसपी देवेंद्र पींचा ने आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए संबंधित पुलिस अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए थे। जिसके बाद पुलिस टीम आखिरकार आरोपी को दबोचने में कामयाब हुई। कोतवाल अरुण कुमार ने बताया कि आरोपी पंकज कार्की पुत्र भूपाल सिंह कार्की, निवासी ग्राम चकोरी, थाना बेरीनाग, पिथौरागढ़ को जीआर गेट अल्मोड़ा के पास से गिरफ्तार किया।

## उत्तर प्रदेश

# इज्जतनगर में मां-बेटे की धारदार हथियारों से हत्या

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- घने कोहरे के बीच रात 8:30 बजे घटी जघन्य वारदात
- बेटी का रिश्ता तोड़ने से नाराज मीरगंज के युवक पर शक

**अमृत विचार :** इज्जतनगर इलाके में नर्सरी चलाने वाले भूपराम की 45 वर्षीय पत्नी मीना और 22 वर्षीय बेटे नेत्रपाल की शुक्रवार रात करीब साढ़े आठ बजे धारदार और वजनी औजारों के वार कर हत्या कर दी गई। घने कोहरे में हत्यारे कब आए और कब वारदात कर निकल गए, किसी को पता नहीं चला। भूपराम ने मीरगंज के गांव मसीहाबाद निवासी संजीव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि संजीव के साथ भूपराम ने बेटी का रिश्ता तय किया था, लेकिन चालचलन खराब होने के कारण तोड़ दिया। इसके बाद से संजीव लगातार धमकियां दे रहा था।

डोहरा गौंटिया में रहने वाले भूपराम बड़ा बाईपास पर लालपुर गांव के पास त्रिदेव नाम से नर्सरी चलाते हैं जहां पास ही में उन्होंने एक कमरा ले रखा था जिसमें रात को पत्नी मीना के साथ रुकते थे। बेटा नेत्रपाल शाम को नर्सरी से घर चला जाता था। भूपराम के मुताबिक शुक्रवार शाम वह एक व्यक्ति के यहां पौध लगाने गए हुए थे। इसी बीच करीब साढ़े आठ बजे उनकी पत्नी और बेटे की हत्या कर दी गई। कुछ देर बाद नजदीक ही पंक्चर जोड़ने की दुकान चलाने वाले अबरार इधर से गुजरे तो नर्सरी के बराबर रास्ते पर नेत्रपाल का लहूलुहान शव पड़ा देखकर भूपराम को फोन किया। बाद में मीना का शव भी पास ही एक प्लॉट में पड़ा मिला। दोनों के सिर पर ताबड़तोड़ वार किए गए थे। पुलिस को सूचना दी गई जिसके बाद रात में ही आईजी डॉ. राकेश कुमार सिंह, एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान, एसपी सिटी राहुल भाटी, सीओ अनीता चौहान मौके पर पहुंच गए। इंस्पेक्टर इज्जतनगर जयशंकर सिंह ने डॉग स्क्वाड, साइबर और फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर छानबीन की।

### बदमाशों ने वाहन चालक से लूटी एक लाख 19 हजार की नगदी

**संभल।** अमरोहा जनपद के सैदनगली से आटे का भुगतान लेकर वापस लौट रहे टाटा 407 के चालक से सवारी बनकर सवार हुए बदमाशों ने बहजोई थाना क्षेत्र में दिन दहाड़े 1 लाख 19 हजार नगदी लूट ली। बहजोई के मोहल्ला यादव कॉलोनी निवासी कौशल गाड़ी में आटा भरकर राइस मिल से अमरोहा जनपद के सैदनगली गया था। जहां पर आटा व्यापारियों के यहां उतारकर वह आटे का भुगतान लेकर बहजोई की तरफ चल दिया। संभल चौधरी सराय चौराहे पर दो लोग बहजोई जाने की बात कहकर गाड़ी में बैठ गए। जब चालक गाड़ी लेकर कौशल बहजोई के गांव किसौली के निकट पहुंचा तो बदमाशों ने गाड़ी जंगल में रुकवा ली। इतने में ही बदमाशों का तीसरा साथी बाइक लेकर आ गया। बदमाशों ने चालक कौशल को पकड़ लिया। डराते धमकाते हुए गाड़ी की डिक्की में रखी 1 लाख 19 हजार की नगदी लूटकर फरार हो गए।

### प्रधानमंत्री का वीडियो एडिट कर वायरल करने पर झोलाछाप को जेल

**मुरादाबाद।** प्रधानमंत्री की वीडियो को एडिट करने के बाद उस में अमर्यादित एवं अभद्र भाषा रिकार्ड कर वायरल करने पर पुलिस ने एक झोलाछाप को जेल भेज दिया है। 26 जनवरी को गांव बागड़पुर की मढैया निवासी नाजिम पुत्र मुख्तयार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक वीडियो को एडिट कर उसमें अभद्र एवं मर्यादित भाषा का प्रयोग करने वाली आवाज रिकार्ड कर दी और वह सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। नाजिम एक झोलाछाप है, जो गांव में ही क्लीनिक चलाता है। जब आसपास के लोगों ने मोबाइल में एडिट की हुई प्रधानमंत्री की वीडियो देखी तो उनमें से ही किसी व्यक्ति ने ट्विटर हैंडल पर ट्वीट कर दी। ट्वीट होते ही पुलिस एक्शन में आ गई। झोलाछाप नाजिम को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर उसे शनिवार को जेल भेज दिया। उसके पास से वह मोबाइल भी बरामद किया गया।

### झोपड़ी में आग लगने से 80 वर्षीय वृद्धा की मौत

**बिलसंडा (पीलीभीत)।** शीतलहर से बचाव के लिए झोपड़ी में जलाया अलाव वृद्धा के लिए काल बन गया। अलाव की चिंगारी से झोपड़ी में आग लग गई। इससे हुए हादसे में झोपड़ी में सो रही वृद्धा की जलकर मौत हो गई। गांव गौहनिया की रहने वाली देवकी देवी झोपड़ी में अकेले रहती थीं। शुक्रवार रात सर्दी से बचाव के लिए वृद्धा ने अलाव जलाया। फिर वह सोने चली गईं। किसी वक्त अलाव की चिंगारी से झोपड़ी में आग लग गई। जिसकी चपेट में आकर उनकी मौत हो गई।

### कमरे में गैस हीटर चलाकर सोए पिता-पुत्र की मौत

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** कमरे में गैस हीटर चलाकर सोए शेरपुरकलां गांव निवासी पिता-पुत्र की दम घुटने से मौत हो गई, जबकि पत्नी की हालत गंभीर है। शेरपुर कलां निवासी शम्मू (35) पत्नी उजमा और छह माह के बेटे अली मोहम्मद के साथ नोएडा के सेक्टर-63 के गांव छिजरासी में किराये के मकान में रहते थे। शम्मू एक फैक्ट्री में कपड़े सिलाई करते थे। ठंड से बचने के लिए शम्मू गैस हीटर का उपयोग करते थे। गुरुवार की रात उन्होंने कमरे में गैस हीटर चला रखा था।

### घास काटने गई महिला बाघ के हमले में घायल

**न्यूरिया।** खेत में घास काटने गई महिला पर बाघ ने हमला कर दिया। साहस दिखाकर महिला ने खुद को बचाया और लहूलुहान हालत में घर आ गई। फिर ग्रामीणों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। गांव चौड़ाखेड़ा महोफ रेंज के जंगल के नजदीक बसा है। यहां की निवासी मीना देवी (44) के पति हरदयाल की मौत हो चुकी है। वह तीन बच्चों के साथ रहती हैं। शुक्रवार दोपहर वह जंगल से करीब 500 मीटर दूर स्थित खेत पर जानवरों के लिए घास काटने गई थी। इस बीच गन्ने के खेत में छिपे बाघ ने उन पर हमला कर दिया।

## वर्ग पहेली-325

**बाएं से दाएं**

2.1. शुचि या शुद्ध होने की अवस्था

4.1. मुंह

5.1. एक ही चीज़ खाकर रहने का व्रत या प्रतिज्ञा 2. दिन या रात में एक ही बार भोजन करने का व्रत या नियम।

7.1. कच्चेपन की गंध 2. किसी फल अथवा अन्य खाद्य-पदार्थ के कच्ची अवस्था में रहने पर निकलने वाली गंध अथवा महक।

**ऊपर से नीचे**


1. देवदार का वृक्ष।

3. पक्षियों का शिकार करने वाला व्यक्ति, बहेलिया।

4.1. शेर या बाघ का गरजन, गर्जना 2. रोते समय ज़ोर से चिल्लाने का शब्द, चीत्कार, आर्तनाद 3. डांट।

5. एक से अधिक, अनेक।

6.1. किसी रोग या रक्तविकार के कारण चेहरे या शरीर पर पड़ने वाले हलके काले धब्बे या दाग 2. काली छाया, परछाईं 3. झलक, आभा 4. अंधकार 5. छल, धोखा 6. प्रतिध्वनि। (मु.)-देना : इधर-उधर की बातें कह कर धोखा देना।



### वर्ग पहेली - 324 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 पु | ता | ई | ■ | ■ | 2 ब |
| ■ | ■ | ■ | 3 गि | लो | य |
| 4 अ | ड़ | ब | ल | ■ | ना |
| ■ | ■ | ■ | ह | ■ | ■ |
| 5 स | ह | च | री | ■ | 6 फ़ा |
| मि | ■ | ■ | ■ | ■ | र |
| 7 ध | म | ध | म | ■ | स |

## सुडोकू-42

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 7 | 8 | 4 | | 3 |
| | | 6 | 3 | | 2 | | | |
| 8 | | | 6 | | 1 | 9 | | |
| | | | | 5 | | | 9 | |
| | | 4 | | | | 7 | | |
| | 2 | | | 3 | | | | |
| | | 7 | 4 | | 9 | | | 6 |
| | | | | | 3 | 5 | | |
| 6 | | 3 | 8 | 1 | | | 7 | |

### सुडोकू - 41 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 7 | 3 | 2 | 5 | 4 | 1 | 9 |
| 1 | 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 6 | 3 |
| 3 | 2 | 4 | 9 | 1 | 6 | 8 | 7 | 5 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 3 | 7 | 1 | 9 | 6 |
| 9 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 | 7 | 5 | 2 |
| 6 | 7 | 5 | 1 | 9 | 2 | 3 | 8 | 4 |
| 4 | 9 | 2 | 7 | 6 | 1 | 5 | 3 | 8 |
| 5 | 1 | 6 | 8 | 4 | 3 | 9 | 2 | 7 |
| 7 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 28 जनवरी, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-तृतीया 29 जनवरी 06.10 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

**मेष** – आज आपकी मन :स्थिति विचलित हो सकती है। मांगलिक कार्य की योजना बनाने की योजना बनाएंगे। स्वार्थी व्यवहार के कारण प्रेमीजन आपसे खिन्न हो सकता है। अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जिम्मेदारियों के बोझ तले दब सकते हैं।

**वृष** – आज बीती हुई नकारात्मक बातें पुन : तूल पकड़ सकती हैं। बच्चों को पेट में इंफेक्शन की समस्या हो सकती है। अपनी रुचि के अनुसार काम करने का प्रयास करें। जॉब में आप काफी निष्ठापूर्वक काम करेंगे। शत्रुओं के ऊपर विजय मिलेगी।

**मिथुन** – आज विदेश यात्रा में आ रही रुकावट दूर होगी। मानसिक रूप से शांति का अनुभव करेंगे। मित्रों के माध्यम से आपको धन लाभ हो सकता है। अपनी दिनचर्या में कुछ बदलाव कर सकते हैं। पारिवारिक जीवन बहुत सुखद रहेगा।

**कर्क** – आज व्यापार में बेहतरीन अवसर मिल सकते हैं। जोड़ों में दर्द की शिकायत हो सकती है। अनैतिक कार्यों से आपको दूर रहना चाहिए। आपको कर्ज लेने से बचना चाहिए। परिजनों की आवश्यकताओं का ध्यान रखें।

**सिंह** – आज आय के साधनों में वृद्धि होगी। वैवाहिक जीवन सामान्य रहेगा। पुराने मामलों का निपटारा हो सकता है। धन से जुड़े मामलों को लेकर भाग्यशाली रहेंगे। घर के कार्यों में आपका मन नहीं लगेगा। किसी सामाजिक कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं।

**कन्या** – आज दिन की शुरुआत थोड़ी कमजोर हो सकती है। अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। काम की उलझनों के कारण आप कुछ परेशान रहेंगे। अपरिचित लोगों से ज्यादा मेलजोल न रखें। परिजनों के व्यवहार से मन प्रसन्न रहेगा।

**तुला** – आज समय की अनुकूलता का लाभ उठाएं। बॉस आपका प्रोत्साहन बढ़ाएंगे। अव्यावहारिक लक्ष्य प्राप्त करने की कोशिश करेंगे। पिता के प्रति आदर का भाव बढ़ेगा। दिखावे के लिए धन खर्च कर सकते हैं। जरूरतमंद लोगों की मदद करने से पीछे न हटें।

**वृश्चिक** – आज सरकारी कार्यों में रुकावट आ सकती है। काम की उलझनों के कारण आप फंस सकते हैं। शरीर में थकावट और कमजोरी हो सकती है। आपकी कार्यकुशलता में वृद्धि होगी। प्रेम संबंधों में एक दूसरे की भावनाओं का ध्यान रखें।


**धनु** – आज नई नौकरी शुरू करने के लिए समय उत्तम है। प्रतियोगी परीक्षाओं में आपका प्रदर्शन उत्कृष्ट रहने वाला है। समाज में आपके संपर्क का दायरा बढ़ेगा। कारोबार में इच्छित परिणाम प्राप्त होंगे। परिवार में आपकी स्थिति मजबूत होगी।

**मकर** – आज अनावश्यक खर्चों की चिंता मन में रहेगी। नकारात्मक बातों को ज्यादा तूल न दें। अधीनस्थ कर्मचारियों पर ज्यादा भरोसा न करें। आप कहीं घूमने जा सकते हैं। छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करने से बचें। जीवनसाथी को पर्याप्त समय देंगे।

**कुंभ** – आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जल्दबाजी और गुस्से के कारण काम खराब हो सकते हैं। मन में नए-नए विचार उत्पन्न होंगे। अपनी सोच का दायरा विस्तृत रखें। परिवार में आपके सद्गुणों की प्रशंसा होगी।

**मीन** – आज परिजनों की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे। आपको गुप्त शत्रुओं से भय हो सकता है। शुभ समाचार मिल सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त होगा। घर का माहौल अनुशासित और मर्यादित रहने वाला है।

## आज का पंचांग




मुहूर्त-अभिजित-11.58-12.41 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-16.18-17.01 तक। दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-शिशिर। चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन। ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-मघा 15.53 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

## आज की फिल्में

B4U Movies
- शान – सुबह : 11.39
- अनाड़ी – रात : 07.00

Sony Pix
- रेडी प्लेयर वन – सुबह : 09.42
- ए मैन कॉल्ड ओटो – रात : 09.00

Sony Max
- पानीपत – सुबह : 10.11
- पीकू – रात : 09.04

Zee Cinema
- बार बार देखो – सुबह : 10.30
- ऑपरेशन रोमियो – रात : 07.30

Colors Cineplex
- गोलमाल 3 – सुबह : 09.37
- ए दिल है मुश्किल – दोपहर : 03.39

### आज की सुपरहिट फिल्म



सोनी मैक्स पर रात-09.04 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

लड़की का एक्सीडेंट हो गया।
डॉक्टर – आपके पैर खराब हो गए हैं।
लड़की – क्या ये सही नहीं होंगे?
डॉक्टर – नहीं इनको काटना पड़ेगा।
लड़की – ओह! तो अब मैं क्या करुंगी?
डॉक्टर –धीरज रखिए, ईश्वर सब ठीक करेगा।
लड़की– अरे मुझे उसकी टेंशन नहीं है। मैंने कल ही नया सैंडल खरीदा है और उस दुकान पर लिखा था– "बिका माल वापस नहीं होगा"।

डॉक्टर–चश्मा किसके लिए बनवाना है?
बब्लू– टीचर के लिए।
डॉक्टर– पर क्यों?
बब्लू– क्योंकि उन्हें मैं हमेशा गधा ही नजर आता हूं।

# विधायिका की छवि उसके सदस्यों के आचरण पर निर्भर: प्रधानमंत्री मोदी

## प्रधानमंत्री ने 84वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन को किया संबोधित

मुंबई, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि उन्हें खुशी है कि संसद और राज्य विधायिकाएं 'एक राष्ट्र, एक विधान मंच' के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में काम कर रहे हैं। उन्होंने यहां 84वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन (एआईपीओसी) को ऑनलाइन माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि कुछ राजनीतिक दल अपने सदस्यों के आपत्तिजनक व्यवहार पर अंकुश लगाने के बजाय उनके समर्थन में उतर आते हैं। उन्होंने कहा कि यह संसद या विधानसभाओं के लिए अच्छी बात नहीं है। क्योंकि विधायिका की छवि उसके सदस्यों के आचरण पर निर्भर है।

प्रधानमंत्री ने कहा-वर्ष 2021 में, आपके साथ चर्चा के दौरान मैंने 'एक राष्ट्र, एक विधान मंच' के बारे में बात की थी। मुझे खुशी है कि हमारी संसद और राज्य विधानसभाएं अब ई-विधान और डिजिटल संसद मंचों के माध्यम से इस लक्ष्य पर काम कर रही हैं। 'एक राष्ट्र, एक विधान मंच' परियोजना का उद्देश्य सभी विधानमंडलों की कार्यवाही को एक ही डिजिटल मंच पर उपलब्ध कराना है। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि विधायिका की छवि उसके सदस्यों के आचरण पर निर्भर करती है। मोदी ने कहा-एक समय था जब सदन में अगर कोई सदस्य नियम तोड़ता था और उसके खिलाफ कार्रवाई होती थी ताकि वह गलती को न दोहराएं।

### मोदी ने युवाओं से कहा-आप विकसित भारत के वास्तुकार



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को अपनी सरकार द्वारा उठाये गये कई कदमों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उसने युवाओं और महिलाओं को सशक्त बनाया है और एक विकसित भारत के उनके सपनों को पूरा करेगा। उन्होंने यहां वार्षिक एनसीसी-पीएम रैली में युवाओं से कहा- आप एक विकसित भारत के वास्तुकार हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं पहले सांस्कृतिक कार्यक्रमों तक ही सीमित थीं लेकिन उनकी सरकार ने तीनों सेवाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों को उनके लिए खोल दिया है और वे हर जगह अपनी छाप छोड़ रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्ष में केंद्रीय सुरक्षा बलों में महिलाओं की संख्या दोगुनी हो गई है और कहा कि राज्यों को भी इसी तरह के रास्ते पर चलने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

### भारतीय सेना में पहली सूबेदार बनीं प्रीति रजक

नई दिल्ली। भारतीय सेना में पदोन्नत होने के बाद हवलदार प्रीति रजक शनिवार को सूबेदार का पदल हासिल करने वाली पहली महिला बन गईं हैं। वह एक चैंपियन ट्रैप शूटर हैं। सूबेदार रजक दिसंबर 2022 में सेना की सैन्य पुलिस कोर में शामिल हुई थी। सेना ने कहा- भारतीय सेना के साथ-साथ देश की महिलाओं के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण है। आज ट्रैप शूटर हवलदार प्रीति रजक को सूबेदार के पद पर पदोन्नत किया गया। उसने कहा- सूबेदार प्रीति रजक अब भारतीय सेना की पहली महिला सूबेदार हैं। उनकी उपलब्धि नारी शक्ति का एक असाधारण प्रदर्शन है।" वह शूटिंग में हवलदार के रूप में सेना में नामांकित पहली मेधावी खिलाड़ी थीं। रजक ने चीन के हांगझाउ में आयोजित 19वें एशियाई खेलों के दौरान ट्रैप में महिला टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता था।




नई दिल्ली में शनिवार को लाल किले पर भारत पर्व 2024 के दौरान लोक कलाकारों ने दी मनमोहक प्रस्तुति। ● एजेंसी

## एक नजर

### मणिपुर में हुई गोलीबारी एक ग्रामीण की मौत

इंफाल। मणिपुर के कांगपोकपी जिले में शनिवार सुबह दो सशस्त्र समूहों के बीच मुठभेड़ में एक ग्रामीण स्वयंसेवक की मौत हो गई और दो अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। मुठभेड़ तब शुरू हुई, जब हथियारबंद बदमाश सतांग कुकी के पहाड़ी गांव में घुस आए और उन्होंने बंदूकों और बम से हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि सतांग गांव में अतिरिक्त बलों के पहुंचने के बाद हमलावर पीछे हट गए, जिसके बाद लड़ाई रुक गई।

### तालाब खुदाई के दौरान मिट्टी ढहने से 7 घायल

जींद। हरियाणा के जींद में तालाब की खुदाई कर रही 7 महिला मजदूर अचानक से मिट्टी ढहने की वजह से उसके नीचे दब गईं। मिट्टी के नीचे दबी महिलाओं को बाहर निकालकर नागरिक अस्पताल ले लाया गया, जहां एक महिला को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे गई जबकि 6 महिलाएं उपचाराधीन हैं। एक पदाधिकारी ने यह जानकारी दी। जानकारी के मुताबिक, जींद के ईगराह गांव में स्थित तालाब की खुदाई के कार्य के लिए मनरेगा मजदूरों को लगाया गया था। कुछ महिलाएं शनिवार सुबह धूप सेंकने के लिए पास ही मिट्टी के ढेर के पास बैठ गईं कि तभी मिट्टी का ढेर अचानक से खिसक गया था।

## आप के 7 विधायकों को खरीदने, दिल्ली सरकार को गिराने का रचा जा रहा षड्यंत्र

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच पर लगाया आरोप

आम आदमी पार्टी ने शनिवार को आरोप लगाया कि भाजपा ने दिल्ली में उसकी सरकार को गिराने के लिए उसके सात विधायकों को 25-25 करोड़ रुपये देने की पेशकश की है। वहीं, भाजपा की दिल्ली इकाई ने इन आरोपों का खंडन किया और उन सात विधायकों तथा इस प्रस्ताव के साथ उससे संपर्क करने वालों के नाम सार्वजनिक करने की आप को चुनौती दी।

आप ने दावा किया कि पार्टी के एक विधायक से संपर्क करने वाले व्यक्ति की रिकॉर्डिंग उपलब्ध है और जिसे बाद में जारी किया जाएगा। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि ''इन्होंने'' (भाजपा) उनकी पार्टी के सात विधायकों से संपर्क किया और उन्हें चेतावनी दी कि आप संयोजक को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। केजरीवाल ने कहा, ''पिछले दिनों इन्होंने दिल्ली के हमारे सात विधायकों से संपर्क कर कहा- 'कुछ दिन बाद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लेंगे। उसके बाद विधायकों को तोड़ेंगे'।'' भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने पलटवार करते हुए कहा, ''इससे पता चलता है कि केजरीवाल राजनीतिक




रूप से कितने हताश हो गए हैं। उनका यह निराधार आरोप खुद को राजनीतिक रूप से जिंदा रखने की कोशिश है। यह आरोप उनके मानसिक दिवालियापन को दर्शाता है कि भाजपा 70 (सदस्यीय दिल्ली विधानसभा) में से 62 विधायकों वाली सत्तारूढ़ आप के विधायकों को तोड़ना चाहती है।'' केजरीवाल के अनुसार, फोन करने वाले ने आप के 21 विधायकों के संपर्क में होने का दावा किया है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि विधायकों को 25-25 करोड़ रुपये और दिल्ली की आप नीत सरकार गिरने के बाद चुनाव लड़ने के लिए भाजपा का टिकट दिए जाने का वादा किया गया। केजरीवाल ने कहा-उनका दावा है कि उन्होंने 21 विधायकों से संपर्क किया है लेकिन हमारी जानकारी के अनुसार, उन्होंने अब तक सात विधायकों से ही संपर्क किया है और सभी ने उनका प्रस्ताव ठुकरा दिया।

## कुपवाड़ा में 5 आतंकवादी सहयोगी गिरफ्तार

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में हथियारों और गोला-बारूद की तस्करी में शामिल पांच आतंकवादी सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। मूल रूप से कुपवाड़ा के रहने वाले पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के दो लश्कर-ए-तैयबा संचालकों से हथियारों और गोला-बारूद की तस्करी के बारे में विश्वसनीय जानकारी के बाद मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया गया। इस मामले में गिरफ्तार होने वाला पहला व्यक्ति कुपवाड़ा में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के करीब एक गांव रियर सुधपोरा करनाह का जहूर अहमद भट था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक युगल मन्हास ने कहा-स्वयं के स्रोतों और अन्य सहयोगी एजेंसियों की पुष्टि के आधार पर आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया गया है।

## घरेलू हिंसा पीड़िता की याचिका से जुड़ी कार्यवाही को हल्के में लेने की नहीं दी जा सकती अनुमति : हाईकोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि किसी वादी को घरेलू हिंसा की पीड़िता द्वारा शुरू की गई अदालती कार्यवाही को हल्के में लेने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। उच्च न्यायालय ने कहा कि घरेलू हिंसा (डीवी) अधिनियम उन महिलाओं के संविधान-प्रदत्त अधिकारों को अधिक प्रभावी सुरक्षा प्रदान करने के लिए बनाया गया था, जो परिवार के भीतर होने वाली हिंसा की शिकार हैं।

न्यायमूर्ति अमित महाजन ने सत्र अदालत के आदेश को चुनौती देने वाली एक व्यक्ति की याचिका खारिज करते हुए ये टिप्पणियां कीं। सत्र अदालत ने एक मजिस्ट्रेट अदालत के जुलाई 2022 के उस आदेश को बरकरार रखा था।

## भाजपा ने की राज्यों के लिए चुनाव प्रभारियों, सह-प्रभारियों की नियुक्ति

▸▸ लोस चुनाव के मद्देनजर 23 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के लिए दी गई जिम्मेदारी

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा ने इस साल होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शनिवार को 23 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के लिए चुनाव प्रभारी नियुक्त किए। पार्टी के एक बयान के अनुसार, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े को बिहार का चुनाव प्रभारी बनाया गया है, जबकि भाजपा के राज्यसभा सदस्य और झारखंड इकाई के पूर्व अध्यक्ष दीपक प्रकाश सह-प्रभारी होंगे। तावड़े बिहार में भाजपा के राजनीतिक मामलों के प्रभारी हैं। भाजपा ने उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा को उत्तर प्रदेश और राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत कुमार गौतम को उत्तराखंड का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है।

बयान में कहा गया है कि भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य लक्ष्मीकांत बाजपेयी झारखंड के चुनाव प्रभारी होंगे। इसमें कहा गया है कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने नियुक्तियां की हैं। भाजपा के राज्यसभा सदस्य और त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब को हरियाणा का चुनाव प्रभारी बनाया गया है, जबकि भाजपा नेता सुरेंद्र नागर सह प्रभारी होंगे। बिहार के पूर्व मंत्री और पश्चिम बंगाल में भाजपा के प्रभारी मंगल पांडे को राज्य का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है। भाजपा नेता अमित मालवीय और आशा लाकड़ा सह प्रभारी होंगे। नड्डा ने उत्तर प्रदेश के विधान परिषद सदस्य और राज्य के पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह को मध्य प्रदेश के लिए भाजपा का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है, जबकि सतीश उपाध्याय सह प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री और पंजाब के भाजपा प्रभारी विजय रूपाणी को राज्य का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है, जबकि भाजपा के राष्ट्रीय सचिव नरिंदर सिंह को राज्य में चुनाव के लिए सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है। रूपणी को चंडीगढ़ का भी चुनाव प्रभारी बनाया गया है।

जम्मू-कश्मीर में राजनीतिक मामलों के लिए भाजपा के सह-प्रभारी आशीष सूद को गोवा का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है। गुजरात के विधायक पूर्णेश मोदी को दमन और दीव का चुनाव प्रभारी और दुष्यंत पटेल को सह प्रभारी बनाया गया है। पार्टी नेता अशोक सिंघल को अरुणाचल प्रदेश का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव और अंडमान एवं निकोबार में राजनीतिक मामलों के प्रभारी वाई सत्य कुमार को केंद्र शासित प्रदेश का चुनाव प्रभारी बनाया गया है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ, जो जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में राजनीतिक मामलों के लिए पार्टी के प्रभारी हैं, को दोनों केंद्र शासित प्रदेशों के लिए चुनाव प्रभारी नामित किया गया है।

### बैजयंत पांडा को बनाया उत्तर प्रदेश का चुनाव प्रभारी

लखनऊ, अमृत विचार : भाजपा ने सबसे ज्यादा सीटों वाले उत्तर प्रदेश में पूर्व सांसद बैजयंत पांडा को लोकसभा चुनाव की संगठनात्मक कमान सौंपी है। उड़ीसा के निवासी पांडा भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और प्रवक्ता भी हैं। उधर, प्रदेश के पांच नेताओं को गैर प्रदेशों का लोकसभा चुनाव प्रभारी बनाया गया है। आरजेडी से लोकसभा सदस्य रहे बैजयंत पांडा 2019 में भाजपा में शामिल हुए थे। संगठनात्मक गतिविधियों में मजबूत पकड़ रखने वाले पांडा को यहां मिशन-80 के लिए सत्ता-संगठन में समन्वय बनाकर जमीनी कार्यकर्ताओं में जोश भरने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बैजयंत पांडा बीजेडी के टिकट पर 15वीं और 16वीं लोकसभा में उड़ीसा केंद्रपाड़ा से सांसद थे। वह 2000 से 2009 तक दो बार राज्य सभा के सांसद भी रहे। उधर, उप्र. के पूर्व मंत्री श्रीकांत शर्मा को हिमाचल प्रदेश, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व राज्यसभा सांसद लक्ष्मी कांत वाजपेई को झारखंड, राज्यसभा सांसद डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल को कर्नाटक, पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह को मध्यप्रदेश और सांसद विजयपाल सिंह तोमर को उड़ीसा का चुनाव प्रभारी बनाया गया।

# कारोबार/कृषि

### बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**-तुलसी तुलसी 1880, राज श्री 1400, फ़ॉर्चून कि. 1735, रविन्द्रा 1770, फॉर्चुन ली0 1595, जय जवान 1450, सचिन 1435, सूरज 1475, अवसर 1510, राग गोल्ड 1525, गृहणी 1390, क्लासिक (किलो) 1655, मोर 1595, चक्र टिन 1695, ब्लू 1510, आशीर्वाद मस्टर्ड 1685, स्वास्तिक 1850, **किराना (प्रति कु.)**- हल्दी निजामाबाद 13500, जीरा 43000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 35800, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 600-800, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10500, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, के पी मंसूरी 4400, महबूब सेला 4750, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती (1 किलो,5 किलो) 10800, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 10500, मूंग धोवा काला क्राउन 10500, राजमा चित्रा 12500-14100, राजमा भूटान नया 9900, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6950-7700, मलका छांटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 9650-10400, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द (दिल्ली) 11800, उड़द साबुत 11600, उड़द धोवा (इंदौर) 13400, उड़द धोवा 11000-11700, दाल चना 6800, लाल हिंदुस्तान 6900, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 7900, चना अकोला 8000, डबरा 9000-13800, सच्चा हीरा 13700, मोटा हीरा 16100, अरहर गोला मोटा 11900, अरहर पटका मोटा 12400, अरहर कोरा मोटा 12700, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15500, **चीनी**-डालमियां 4050, पीलीभीत 4010, नवाबगंज 4000, बहेड़ी (नई) 4010 रुपये।

# भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए सभी का सहयोग जरूरी: सीतारमण

## वित्त मंत्री ने कहा-2027-28 तक जीडीपी को 5,000 अरब डॉलर के आंकड़े को करना होगा पार

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि वित्त वर्ष 2027-28 तक भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए प्रत्येक भागीदार के सहयोग की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इसके लिए भारत की जीडीपी को 5,000 अरब डॉलर के आंकड़े को पार करना होगा। वित्त मंत्री ने साथ ही जोड़ा कि सीमा शुल्क विभाग की फेसलेस मूल्यांकन और एकल खिड़की निपटान जैसी पहलों को विकसित करने की जरूरत है।



सीतारमण ने अंतर्राष्ट्रीय सीमा शुल्क दिवस 2024 के अवसर पर एक लिखित संदेश में कहा कि भारत के 'अमृत काल' के दौरान सभी हितधारकों को एक साथ आने और नागरिकों को लाभ पहुंचाने के लिए योगदान करने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि इस साल अंतर्राष्ट्रीय सीमा शुल्क दिवस का ध्येय वाक्य परंपरागत और नए साझेदारों को उद्देश्य से जोड़ने वाला सीमा शुल्क है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नारे 'सबका साथ-सबका विकास' की गूंज सुनाई देती है। सीतारमण ने कहा-भारत को 2027-28 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए हर साझेदार को सहयोग करने की जरूरत है।

### आयकर लाभ, महिला उद्यमियों को समर्थन की उम्मीद

कोलकाता। विशेषज्ञों को अंतरिम बजट में आयकर छूट सीमा में वृद्धि, महिला उद्यमियों को समर्थन, दीर्घकालिक कराधान नीति और उपभोग तथा बचत को बढ़ावा दिए जाने की उम्मीद है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को आम चुनाव से पहले अंतरिम बजट पेश करेंगी। अखिल भारतीय कर पेशेवर संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष नारायण जैन ने कहा-यह एक अंतरिम बजट होगा, लेकिन इसमें पूर्ण-बजट के लिए कुछ संकेत हो सकते हैं। धारा 87ए के तहत व्यक्तिगत करदाताओं को कुछ रियायत दी जा सकती है। इसके तहत कुल कर छूट सीमा को सात लाख से बढ़ाकर आठ लाख रुपये किया जा सकता है। भारत चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष एन जी खेतान ने कहा कि छोटी और मझोली कंपनियों को समान अवसर देने के लिए कंपनियों, साझेदारियों और सीमित देयता साझेदारियों (एलएलपी) के बीच दीर्घकालिक कराधान नीति और कराधान में समानता की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि एमएसएमई पर अधिक कर लगाया जाता है जबकि देश की जीडीपी और रोजगार सृजन में उनका बहुत बड़ा योगदान है।

### भारत को सर्कुलर इकोनॉमी में विश्व में अग्रणी बनाने की अपील

कोलकाता। जी 20 शेरपा अमिताभ कांत ने भारत को सर्कुलर इकोनॉमी में विश्व में अग्रणी बनाने बनाने में हर उद्योग से सहयोग की अपील की है। श्री कांत ने यहां 11वें इंटरनेशनल मटेरियल रिसाइकलिंग कॉन्फ्रेंस (आईएमआरसी) के समापन सत्र को संबोधित करते हुये कहा, "मैंने एमआरएआई को एक छोटी संस्था से लेकर चक्रीय अर्थव्यवस्था की ओर कार्यरत एक गतिशील शक्ति के रूप में विकसित होते हुए करीब से देखा है। 7.5 प्रतिशत की विकास दर के साथ भारत एक तेज़ी से बढ़ रही अर्थव्यवस्था है और अगले कुछ सालों में भारत का दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना तय है। इसलिए अब यह महत्वपूर्ण है कि डीकार्बोनाइज़िंग के द्वारा विकास और समृद्धि में भारत दुनिया का सबसे पहला देश बने।

## देश के पहले डिजिटल केंद्र से होगी तेल और गैस कुओं की निगरानी

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ केंद्रीय मंत्री ने ओएनजीसी दर्पण का किया उद्घाटन

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस और आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शनिवार को नई दिल्ली में ओएनजीसी के अत्याधुनिक डिजिटल निगरानी केंद्र 'ओएनजीसी दर्पण' का उद्घाटन किया।

कंपनी की ओर से जारी बयान के अनुसार भारत में यह किसी कंपनी का अपनी तरह का पहला डिजिटल केंद्र है, जो ओएनजीसी के तेल एवं गैस कुओं और ड्रिलिंग इकाइयों (अपतटीय सहित) की पल-पल की निगरानी कर सकेगा। इससे कंपनी के लिए इन कामों के लिए मानवीय हस्तक्षेप और मशीनरी सक्रिय करने के समय को कम करने, संचालन को अनुकूलित करने और पूर्वानुमानित रख-रखाव (प्रेडिक्टिव मेंटेनेंस) में मदद मिलेगी।

इस केंद्र के उद्घाटन के अवसर पर पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव पंकज जैन, उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव राजेश कुमार सिंह और ओएनजीसी के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी, अरुण कुमार सिंह उपस्थित थे। श्री पुरी ने ऊर्जा के क्षेत्र में स्टार्टअप की भूमिका पर आयोजित चर्चा-एनर्जी स्टार्टअप्सः ड्राइविंग द एनर्जी फ्यूचर'में भी भाग लिया। उन्होंने बंगाल की खाड़ी के कृष्णा गोदावरी बेसिन में इस महारत्न कंपनी की प्रमुख गहरे पानी की परियोजना के केजी-98/2 ब्लॉक से तेल का उत्पादन शुरू होने के संबंध में ओएनजीसी कर्मचारियों की सराहना की।

### सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 73,600 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,100 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,750-47,950 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 63,800 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,650 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 73,500 |
| चांदी तैयार | 73,600 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 63,600 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,600 |
| चांदी पक्की | 726 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 63,850 |
| चांदी आभूषण | 73,500। |

### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 डीएमओ 825 बोल्ड 1160, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1015 फ्लैग 1130 बोल्ड 1170 डीएमओ 840।

### मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**-दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104-106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 रुपये राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चित्ता : 145 रुपये लोबिया लाल : 94 रुपये लोबिया सफेद : 98 रुपये ।

## भारत में एच-125 हेलीकॉप्टर बनाएगी फ्रांस की विमान निर्माण कंपनी एयरबस

नई दिल्ली एजेंसी

फ्रांस की विमान निर्माण कंपनी एयरबस ने सिविल उपयोग के लिए सबसे लोकप्रिय एच-125 हेलीकॉप्टरों का निर्माण भारत में करने के लिए टाटा समूह के साथ एक समझौता किया है। इन हेलीकॉप्टरों की भारत में आपूर्ति के साथ अन्य देशों को निर्यात भी किया जाएगा।

टाटा समूह की सहायक कंपनी टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) एयरबस हेलीकॉप्टरों के निर्माण के लिए फाइनल असेंबली लाइन (एफएएल) स्थापित करेगी। एफएएल का स्थान एयरबस और टाटा समूह द्वारा संयुक्त रूप से तय किया जाएगा। गुजरात के वडोदरा में 'मेक इन इंडिया' सी-295 सैन्य विमान निर्माण सुविधा के बाद यह एयरबस द्वारा भारत में निर्मित होने वाली दूसरी एफएएल होगी। कंपनी के अनुसार एफएएल को स्थापित होने में 24 महीने लगेंगे और पहले 'भारत निर्मित' एच-125 की आपूर्ति 2026 में शुरू होने की उम्मीद है। भारत में एफएएल में प्रमुख घटक असेंबलियों, एवियोनिक्स और मिशन सिस्टम, विद्युत हार्नेस की स्थापना, हाइड्रोलिक सर्किट, उड़ान नियंत्रण, ईंधन प्रणाली और इंजन को जोड़ने का कार्य किया जाएगा।

## जेनरेटिव एआई पर खर्च होगा करीब तिगुना

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ एशिया प्रशांत में कंपनियों के लिए इन्फोसिस रिसर्च ने जारी की रिपोर्ट

एशिया प्रशांत क्षेत्र में कंपनियां जेनरेटिव एआई (जेन एआई) में निवेश बढ़ा रही हैं। इन्फोसिस रिसर्च की एक रिपोर्ट के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, चीन, जापान, भारत और सिंगापुर में इस तकनीक पर खर्च 2024 में लगभग तीन गुना होकर 3.4 अरब डॉलर तक पहुंचने की संभावना है। इसमें कहा गया कि जहां यह खर्च उत्तरी अमेरिका से पीछे है, वहीं एपैक (एशिया प्रशांत आर्थिक सहयोग) में स्वीकार्यता, प्रभावशीलता और वृद्धि वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक है।




सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र की प्रमुख कंपनी की शोध इकाई इन्फोसिस नॉलेज इंस्टीट्यूट (आईकेआई) ने कहा-एशिया-प्रशांत क्षेत्र की कंपनियां जेनरेटिव एआई में तेजी से निवेश बढ़ा रही हैं और परिपक्वता के उच्च चरण में प्रवेश कर रही हैं। जहां एपैक में कंपनियां वर्तमान में जेन एआई पर खर्च में अपने उत्तरी अमेरिकी समकक्षों से पीछे हैं, वहीं शोध में किसी भी अन्य क्षेत्र की तुलना में 140 प्रतिशत की बड़ी वृद्धि का अनुमान लगाया गया है।

इसमें कहा गया कि इसका मतलब है कि ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, चीन, जापान, भारत और सिंगापुर में अनुमानित 3.4 अरब डॉलर का निवेश किया जाएगा। इन्फोसिस की जेनरेटिव एआई रडार एपीएसी रिपोर्ट में कारोबारी दिग्गजों और एआई का उपयोग करने वालों का साक्षात्कार का विश्लेषण और ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, चीन, जापान, भारत और सिंगापुर के 1,000 उत्तरदाताओं का सर्वेक्षण शामिल है।

# पोप के शतक से संभला इंग्लैंड, 6 विकेट पर 316 रन बनाए

**हैदराबाद, एजेंसी**

इंग्लैंड ने ओली पोप (नाबाद 148 रन) के शतक से शनिवार को पहले टेस्ट के तीसरे दिन स्टंप तक दूसरी पारी में 6 विकेट पर 316 रन बनाकर भारत की उन्हें जल्दी समेटने की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। इंग्लैंड ने भारत पर 126 रन की बढ़त हासिल कर मैच को रोमांचक स्थिति में पहुंचाने की ओर कदम बढ़ाए। हालांकि उसके बस 4 विकेट बचे हैं।पोप के साथ रेहान अहमद 16 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। भारत ने इंग्लैंड के पहली पारी के 246 रन के जवाब में 436 रन बनाकर 190 रन की बढ़त हासिल की थी।



### भारत के खिलाफ पोप का पहला शतक

पोप ने स्वीप और रिवर्स स्वीप से काफी रन जुटाए। उन्होंने इंग्लैंड की पारी संभालते हुए 156 गेंद में भारत के खिलाफ अपना पहला और कॅरिअर का पांचवां टेस्ट शतक पूरा किया। फोक्स ने भी दूसरे छोर से उनका पूरा साथ निभाया। यह विकेटकीपर बल्लेबाज टीम में स्पिन को बखूबी खेलने वाला दूसरा बेहतरीन खिलाड़ी है। अक्षर पटेल ने नीची गेंद पर फोक्स को बोल्ड किया।

### संयमित बल्लेबाजी कर संभाली लड़खड़ाती पारी

पोप ने आरजीआई स्टेडियम में संयम दिखाया और भारतीय गेंदबाजों की सारी कोशिश नाकाम कर दीं जिन्हें उम्मीद थी कि वे तीसरे दिन ही इंग्लैंड की पारी खत्म कर देंगे, जबकि इंग्लैंड ने 163 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे लेकिन पोप और बेन फोक्स (34 रन) ने छठे विकेट के लिए 104 रन की भागीदारी निभाकर भारतीय गेंदबाजों को निराश किया। इससे मैच चौथे दिन तक खिंच गया। ऐसा नहीं था कि पोप ने स्पिनरों पर दबदबा बनाया हुआ था। वह कभी स्पिनरों तो कभी तेज गेंदबाजों की गेंदों से परेशान दिखे। जब वह 110 रन पर थे तो उन्हें जीवनदान भी मिला। रविंद्र जडेजा की गेंद पर रिवर्स स्वीप करने के प्रयास में वह बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर अक्षर पटेल के हाथों आउट होने से बचे।

### गेंदबाजों के लिए मददगार साबित हो रही पिच

पिच पर स्पिनरों के लिए काफी टर्न और ग्रिप मौजूद थी और साथ ही तेज गेंदबाजों के लिए रिवर्स स्विंग का भी संकेत दिखा लेकिन उन्होंने अपने कौशल से मुफीद परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाया। जसप्रीत बुमराह ने बेन डकेट (47) को आउट करने में सफलता हासिल की और फिर नीची रहती गेंद से जो रूट (2) को पवेलियन का रास्ता दिखाया। जडेजा ने लंच के बाद जॉनी बेयरस्टो (10) को आउट किया। अश्विन ने टेस्ट क्रिकेट में 12वीं दफा इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स का विकेट लिया।

# निशानेबाजी में रिदम और उज्ज्वल ने जीता सोना

**काहिरा, एजेंसी**

रिदम सांगवान और उज्ज्वल की जोड़ी ने शनिवार को 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा के फाइनल में एलमिरा कारापेयन और बेनिक खलघाटयान की अर्मेनियाई जोड़ी को 17-7 से हराकर भारत को आईएसएसएफ विश्व कप में पहला स्वर्ण पदक दिलाया। इससे पहले अर्जुन बबुता और सोनम उत्तम मस्कर की जोड़ी ने 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया। भारतीय निशानेबाजों ने अब तक एक स्वर्ण और दो रजत पदक जीत लिए हैं। पदार्पण कर रहीं निशानेबाज अनुराधा देवी ने रियो ओलंपिक चैंपियन अन्ना कोराकाक्की को पछाड़ते हुए महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक जीतकर भारत का खाता खोला।

रिदम का यह लगातार दूसरा विश्व कप मिश्रित टीम स्वर्ण पदक है। रिदम और उज्ज्वल की जोड़ी ने 580 अंक से अर्मेनिया की जोड़ी से एक अंक पीछे दूसरे स्थान पर रहकर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। अर्जुन और सोनम की जोड़ी क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर रही थी लेकिन फाइनल में ब्रिटेन के डीन बेल और सियोनेड मैकिंतोश से पिछड़कर दूसरे स्थान पर रही। अनुराधा ने आठवें और अंतिम क्वालीफाइंग स्थान से फाइनल में जगह बनाई। अनुराधा की इस उपलब्धि ने भारत को ओलंपिक वर्ष के पहले (छह में से पहला) आईएसएसएफ विश्व कप चरण में पहला पदक दिलाया।

### अनुराधा ने 10 मीटर एयर पिस्टल में जीता रजत

भारत की अनुराधा देवी ने शुक्रवार को महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक जीता। अनुराधा ने विश्व कप में अपना डेब्यू किया है। उन्होंने फाइनल में 24 शॉट्स की सीरीज में 239.9 का स्कोर किया और 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में रियो 2016 ओलंपिक चैंपियन ग्रीक शूटर अन्ना कोराकाक्की से पीछे रहीं। कोराकाक्की फाइनल में 241.1 अंक हासिल करने में सफल रहीं, जबकि कजाकिस्तान की इरिना यूनुसमेतोवा ने 22 शॉट्स में 219.2 अंक के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। रिदम सांगवान ने 20 शॉट्स में 197.3 का स्कोर किया और चौथे स्थान पर रहीं।

# रोहन बोपन्ना बने ग्रैंडस्लैम जीतने वाले सबसे उम्रदराज टेनिस खिलाड़ी

## ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एब्डेन के साथ मिलकर इटली की जोड़ी को हराया

**मेलबर्न, एजेंसी**

43 साल की उम्र में ग्रैंडस्लैम खिताब जीतकर भारत के रोहन बोपन्ना ने इतिहास रच दिया है। वह इस उम्र में ग्रैंडस्लैम जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं। भारत के रोहन बोपन्ना ने अपने जोड़ीदारी ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एब्डेन के साथ मिलकर शनिवार को इटली के सिमोन बोलेली और एंड्रिया वावसोरी की जोड़ी को हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन पुरुष युगल खिताब अपने नाम किया। मेलबर्न पार्क के रॉड लेवर एरिना में खेला गया यह मुकाबला आस्ट्रेलियन ओपन के लिए एक यादगार मैच बन गया जब 43 साल और नौ महीने की उम्र में रोहन बोपन्ना टेनिस के ओपन युग में ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने।



### जूलियन रोजर के रिकॉर्ड को तोड़ा

इस खिताब के साथ ही बोपन्ना ने डचमैन जीन जूलियन रोजर के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। वह 40 साल और नौ महीने के थे, जब उन्होंने 2022 फ्रेंच ओपन जीतने के लिए अल साल्वाडोर के मार्सेलो अरेवालो के साथ साझेदारी की थी। बोपन्ना भारत के लिएंडर पेस 40 साल और दो महीने की उम्र में चेक रिपब्लिक के राडेक स्टेपानेक के साथ 2013 यूएस ओपन जीतने के बाद ग्रैंडस्लैम चैंपियन बनने वाले सबसे उम्रदराज भारतीय खिलाड़ी थे। मार्टिना नवरातिलोवा, जिन्होंने 49 साल और 10 महीने की उम्र में बॉब ब्रायन के साथ 2006 यूएस ओपन मिश्रित युगल खिताब जीता था।

### आर्यना सबालेंका लगातार दूसरी बार ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन बनीं

**मेलबर्न।** आर्यना सबालेंका ने महिलाओं के फाइनल में झेंग क्विनवेन पर शनिवार को 6-3, 6-2 से जीत के साथ ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब का बचाव किया। सबालेंका ने दूसरे गेम में झेंग की सर्विस तोड़ी और पहला सेट 33 मिनट में अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट की शुरुआत में झेंग की एक बार फिर से सर्विस तोड़ने के बाद उन्होंने मुकाबले में अपना दबदबा बनाए रखा। सबालेंका 40-0 की बढ़त के साथ सर्विस कर रही थी तब उनके पास तीन चैंपियनाशिप अंक थे। वह इसके बाद दो वाइड शॉट मार बैठी और फिर झेंग की चतुराई से इसे भुनाने में चुक गई। झेंग को ब्रेक प्वाइंट का मौका देने के बाद सबालेंका ने शानदार वापसी की और तीन अंक जुटाए।



# दक्षिण अफ्रीका को हराकर भारत महिला विश्व कप के फाइनल में

**मस्कट, एजेंसी**

### आज फाइनल में नीदरलैंड से होगा भारत का मुकाबला

भारतीय महिला हॉकी टीम ने शुक्रवार रात एफआईएच हॉकी-5 महिला विश्व कप के सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 6-3 से रोमांचक जीत दर्ज की। भारत के लिए अक्षता अबासो ढेकाले (7'), मारियाना कुजूर (11'), मुमताज खान (21'), रुतुजा दादासो पिसल (23'), ज्योति छत्री (25') और अजीमा कुजूर (26') ने गोल किए। वहीं दक्षिण अफ्रीका के लिए टेशॉन डी ला रे (5'), कप्तान टोनी मार्क्स (8') और डिर्की चेंबरलेन (29') ने गोल दागे। भारत अब फाइनल में 28 जनवरी को नीदरलैंड से भिड़ेगा।

दक्षिण अफ्रीका ने पहले हाफ की शुरुआत रक्षात्मक रवैये के साथ की। दक्षिण अफ्रीका की टेशॉन डी ला रे ने गोल करके टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई। इसके बाद अक्षता अबासो ढेकाले ने दक्षिण अफ्रीका की गोलकीपर ग्रेस कोचरन को छकाते हुए गोल कर भारत को बराबरी पर ला दिया। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान टोनी मार्क्स ने भारतीय गोलकीपर को चकमा देते हुए टीम को फिर से बढ़त दिला दी। भारत की



मारियाना कुजूर ने दक्षिण अफ्रीकी गोल के सामने रॉकेट दागकर स्कोर 2-2 कर दिया। खेल के आगे बढ़ने के साथ रुतुजा ने दक्षिण अफ्रीकी गोल में गेंद डाल दी। इससे दो मिनट पहले ही मुमताज खान ने गेंद को नेट में डाल कर भारत को प्रतियोगिता में बढ़त दिला दी। खेल में पांच मिनट बचे होने पर ज्योति छत्री ने दक्षिण अफ्रीका की गोलकीपर को छकाया और टीम की बढ़त बढ़ा दी। अजमीना कुजूर ने हाफ लाइन के करीब से एक शॉट लिया और स्कोर 6-2 से भारत के पक्ष में कर दिया।

## खेल डायरी

### अलीरेजा से ड्रॉ खेलकर गुकेश दूसरे स्थान पर खिसके

**विज्क आन जी (नीदरलैंड)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश टाटा स्टील मास्टर्स के 11वें दौर में फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा के साथ ड्रॉ खेलने के बाद दूसरे स्थान पर खिसक गए। टूर्नामेंट में अब दो दौर का खेल बचा है और उज्बेकिस्तान के अब्दुसत्तारोव नोडिरबेक ने चीन की महिला विश्व चैंपियन वेंजुन जू को हराकर तालिका में एकल बढ़त बना ली है। इस जीत के बाद नोडिरबेक के 7.5 अंक हो गए है, जबकि गुकेश उनसे आधा अंक पीछे है। ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती ने ईरान के परहम माघसूदलू पर शानदार जीत के साथ शीर्ष तीन स्थान पर अपने अभियान को खत्म करने की उम्मीदों को मजबूत किया। वह 6.5 अंक के साथ आर प्रज्ञानानंदा, चीन के वेई यी और हॉलैंड के अनीश गिरी के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं। प्रज्ञानानंदा और अलेक्जेंडर डोनचेंको का मुकाबला भी बराबरी पर छूटा। चैलेंजर्स वर्ग में भारत के लियोन ल्यूक मेंडोंका शीर्ष स्थान की दौड़ में बने हुए है।

### हार्दिक पंड्या ने शुरू किया गेंदबाजी अभ्यास

**वडोदरा।** हार्दिक पंड्या ने टखने की चोट से उबरने के बाद पूरी लय में गेंदबाजी करना शुरू कर दिया है, जिससे स्पष्ट संकेत मिलता है कि वह इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी सत्र के लिए तैयार हैं। जहां वह मुंबई इंडियंस की कप्तानी करेंगे। पिछले साल टखने की चोट के कारण विश्व कप से बाहर होने वाले पंड्या को इंस्टाग्राम पर साझा किए गए वीडियो फुटेज में गेंदबाजी करते देखा गया। हार्दिक ने कहा कि खेल में वापसी करके अच्छा लग रहा है। उनकी यात्रा 17 साल पहले इसी मैदान पर शुरू हुई थी। हार्दिक को इस दौरान गेंदबाजी के अलावा मैदान पर दौड़ लगाते और व्यायाम करते देखा गया। हार्दिक को गुजरात टाइटंस से हाई-प्रोफाइल ट्रेड के बाद 15 दिसंबर को रोहित शर्मा की जगह मुंबई इंडियंस का कप्तान बनाया गया था। वह नवंबर में बांग्लादेश के खिलाफ विश्व कप मैच में चोट लगने के बाद से टीम से बाहर हैं।

### जगदीशन ने चंडीगढ़ के खिलाफ जड़ा तिहरा शतक

**कोयंबटूर।** नारायण जगदीसन ने पिछले मैच में दोहरा शतक लगाने के बाद शानदार तिहरा शतक जड़ा, जिससे तमिलनाडु ने चंडीगढ़ के खिलाफ रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच के दूसरे दिन शनिवार को पहली पारी चार विकेट पर 610 रन के विशाल स्कोर पर घोषित कर दी।



दिन की शुरुआत 108 रन से करने वाले जगदीसन ने 403 गेंद की अपनी पारी में 23 चौकों और पांच छक्कों की मदद से 321 रन बनाएं। तमिलनाडु के लिए प्रदोष रंजन पॉल (105) और बाबा इंद्रजीत (123) ने भी शतक जड़े, जिससे टीम ने पहली पारी में 499 रनों की विशाल बढ़त हासिल की। चंडीगढ़ की टीम 47 ओवर में 111 रन पर आउट हो गई। चंडीगढ़ ने दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के एक रन बनाया है।

### दीप ग्रेस एक्का ने किया हॉकी से संन्यास का एलान

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम की डिफेंडर और पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञ दीप ग्रेस एक्का ने शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय कॅरिअर से संन्यास की घोषणा की। दो ओलंपिक खेलों में देश का प्रतिनिधित्व करने वाली दीप ग्रेस ने 17 साल की उम्र में 2011 में अंतर्राष्ट्रीय पदार्पण किया था। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि वह बेहद कृतज्ञता और विनम्रता के साथ आधिकारिक तौर पर अंतर्राष्ट्रीय हॉकी से संन्यास की घोषणा कर रही हैं। 2011 से 2023 तक की यात्रा जीवन का मुख्य आकर्षण रही है और खेल के शिखर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए



बेहद सम्मानित महसूस कर रही हूं। इस 29 वर्षीय खिलाड़ी ने 2016 रियो ओलंपिक में भारत को क्वालीफाई कराने में भूमिका निभाई थी। उन्होंने तोक्यो ओलंपिक में टीम की रक्षा पंक्ति में अहम भूमिका निभाई थी, जहां भारत चौथे स्थान पर रहा था। एक्का 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम की भी सदस्य थी। उन्होंने 2014 और 2018 एशियाई खेलों में पदक जीतने वाली भारतीय टीमों का भी प्रतिनिधित्व किया था। वह 2016 महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी और 2017 एशिया कप में खिताब जीतने वाली भारतीय टीमों की सदस्य भी थी।

# श्रीजा अकुला डब्ल्यूटीटी के क्वार्टरफाइनल में, मनिका हारीं

**मापुसा (गोवा), एजेंसी**

**टेबल टेनिस**

भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी श्रीजा अकुला ने शनिवार को शानदार जीत दर्ज करते हुए विश्व टेबल टेनिस (डब्ल्यूटीटी) स्टार कंटेंडर के महिला एकल क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई, जबकि मनिका बत्रा और अर्चना कामत को हार का मुंह देखना पड़ा।

हैदराबाद की अकुला ने प्री क्वार्टरफाइनल में हांगकांग की डू होई केम पर जीत हासिल की। वहीं भारत की मनिका को जियाओजिन यांग से हार मिली। महिला एकल के अन्य प्री क्वार्टरफाइनल में बेंगलुरु की कामत को दक्षिण कोरिया की जियोन जिही से पराजय झेलनी पड़ी। अकुला ने इससे पहले दुनिया की 30वें नंबर की खिलाड़ी हाना गोडा को पराजित किया था। मनिका ने दक्षिण कोरिया की सुह हयो वोन पर आसान जीत हासिल कर प्री क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई थी।

भारत के मानव ठक्कर और मानुश शाह की जोड़ी को पुरुष युगल वर्ग के क्वार्टरफाइनल में चीनी ताइपे के काओ चेंग जुई और चुआंग चिह युआन से हार मिली। महिला युगल के अंतिम आठ में दक्षिण कोरिया की शिन युबिन और इयोन झि ने सयाली वाणी और तनीषा कोटेचा की जोड़ी को 3-0 से मात दी।

# रेनाता जामरिचोवा और रेई साकामोतो ने जीता जूनियर खिताब

**मेलबर्न, एजेंसी।** रेनाता जामरिचोवा ने शनिवार को 15 वर्षीय एमर्सन जोन्स पर 6-4, 6-1 की जीत से आस्ट्रेलियाई ओपन जूनियर बालिका एकल खिताब जीता। जामरिचोवा ने मुकाबले में जीत से अपना पहला ग्रैंडस्लैम एकल खिताब जीता। 16 साल की इस स्लोवाकियाई खिलाड़ी जामरिचोवा ने पिछले साल मेलबर्न पार्क में जूनियर युगल खिताब जीता था। लड़कों के फाइनल में जापान के चौथे वरीय रेई साकामोटो ने एक सेट से पिछड़ते हुए चेक गणराज्य के जान कुमस्टाट को दो घंटे 11 मिनट में 3-6, 7-6(2), 7-5 से मात देकर जूनियर खिताब जीता।

# दक्षिण अफ्रीका को रौंदकर भारत ने बढ़ाया विजय रथ

**केपटाउन, एजेंसी**

### भारतीय हॉकी टीम ने 3-0 से दर्ज की शानदार जीत

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने शुक्रवार रात मेजबान दक्षिण अफ्रीका पर 3-0 से शानदार जीत दर्ज कर अपने विजय रथ को आगे बढ़ाया। भारत ने आक्रामक हॉकी का प्रदर्शन किया और मैच के पहले आधे घंटे में ही एक के बाद एक 3 गोल दागकर मेजबान टीम को दबाव में ला दिया। भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह दूसरे मिनट में गोल दागा, जबकि अभिषेक ने 13वें और सुमित ने 30वें मिनट पर गोल कर टीम को जीत दिलाने में मदद की।

मैच की शुरुआत भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिलने के साथ हुई, जिसे कप्तान हरमनप्रीत ने गोल में तब्दील कर दिया। पहले क्वार्टर में



कुछ ही मिनट बचे थे कि अभिषेक ने दक्षिण अफ्रीका के गोलकीपर को छकाकर भारत की बढ़त दोगुनी कर दी। दूसरे क्वार्टर में दक्षिण अफ्रीका के कई हमलों के बावजूद भारत की रक्षापंक्ति ने संयम बनाए रखा।

मध्यांतर के तुरंत बाद सुमित एक और फील्ड गोल करने में सफल रहे और भारत ने 3-0 की बढ़त ले ली।

मध्यांतर के बाद दक्षिण अफ्रीका ने तत्परता दिखानी शुरू कर दी, लेकिन भारतीय रक्षापंक्ति ने मैच पर पकड़ बनाए रखी। तीसरे क्वार्टर में दोनों छोर पर काफी गतिविधियां देखने को मिलीं, लेकिन दोनों में से कोई भी टीम नेट हासिल करने में सफल नहीं हो सकी।


खेल के अंतिम 15 मिनट में दक्षिण अफ्रीका ने गोल की तलाश जारी रखी लेकिन भारत ने खतरे को टालने के लिए सर्कल में अपनी पकड़ बनाए रखी। अंतिम सीटी बजते ही भारत ने अपनी बढ़त बरकरार रखी और 3-0 से आसान जीत हासिल की। भारत दक्षिण अफ्रीका दौरे पर अपना आखिरी मैच 28 जनवरी को नीदरलैंड के खिलाफ खेलेगा।

## बॉलीवुड हलचल

# कंगुवा में सूर्या के साथ नजर आएंगे बॉबी देओल

अभिनेता बॉबी देओल के जन्मदिन पर उनकी आने वाली फिल्म कंगुवा से उनका लुक रिलीज हो गया है। बॉबी देओल फिल्म कंगुवा में अभिनेता सूर्या के साथ नजर आएंगे। बॉबी देओल के जन्मदिन पर मेकर्स ने सोशल मीडिया पर फिल्म कंगुवा से बॉबी का पहला लुक जारी किया है। यूवी क्रिएशंस ने बॉबी का पहला लुक शेयर करते हुए लिखा कि निर्दयी ताकतवर, अविस्मरणीय। फिल्म में बॉबी देओल उदरिन की भूमिका में दिखाई देंगे। सोशल मीडिया पर लोग उनके इस खतरनाक लुक को काफी पसंद कर रहे हैं।





### कार्तिक आर्यन ने शेयर किया चंदू चैंपियन का पोस्टर

बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन की आने वाली फिल्म चंदू चैंपियन से कार्तिक आर्यन का नया लुक रिलीज हो गया है। कार्तिक आर्यन ने सोशल मीडिया पर कबीर खान निर्देशित फिल्म चंदू चैंपियन से अपना लुक शेयर करते हुए लिखा कि चैंपियन बनना हर भारतीय के खून में है। उन्होंने गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं भी दीं। कार्तिक इसमें आर्मी की वर्दी में नजर आ रहे हैं। चंदू चैंपियन जून में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### फाइटर ने दो दिनों में की 65 करोड़ की कमाई

अभिनेता ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की फिल्म फाइटर ने दो दिनों में 65 करोड़ की कमाई कर ली है। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनी यह फिल्म 25 जनवरी को रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 24.60 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। दूसरे दिन बॉक्स ऑफिस पर 41.20 करोड़ का कलेक्शन किया।

# इमरजेंसी में इंदिरा गांधी की भूमिका निभाएंगी कंगना

बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने अपनी आने वाली फिल्म इमरजेंसी में दिवंगत भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति जुल्फिकार अली भुट्टो के शिमला समझौते को रिक्रिएट किया है। जी स्टूडियोज और मणिकर्णिका फिल्म्स द्वारा निर्मित पीरियड पॉलिटिकल ड्रामा फिल्म इमरजेंसी में कंगना रनौत ने पूर्व प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभाई है। भारत की प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी और पाकिस्तान के राष्ट्रपति जुल्फिकार अली भुट्टो ने 2 जुलाई 1972 को शिमला समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। इस समझौते से 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध का औपचारिक अंत हो गया था। इसका उद्देश्य शांति स्थापित करना, भारत को सेना वापस बुलाने की आवश्यकता कश्मीर मुद्दे का समाधान करना और बेहतर संबंधों को बढ़ावा देना था। कंगना रनौत द्वारा लिखित और निर्देशित, इमरजेंसी में अनुपम खेर, महिमा चौधरी, मिलिंद सोमन, श्रेयस तलपड़े, विशाक नायर और दिवंगत सतीश कौशिक भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म का संगीत संचित बल्हारा और पटकथा और संवाद रितेश शाह ने दिया है। इमरजेंसी 14 जून को सिनेमाघरों में आने वाली है।



# सिल्वर-गोल्डन जुबली का जमाना गायब हो गया

30 से 80 तक के सालों में सिनेमा हॉल ठसाठस भरे रहते थे। नब्बे में वीसीआर और पायरेटेड वीडियो कैसेट्स ने सिनेमा जगत में भारी उथल-पुथल मचा दी। सिनेमा देखने वालों की संख्या घटने लगी लेकिन इसके बावजूद मनोरंजन का एकमात्र साधन सिनेमा ही रहा। उस दौर में सफलता का एकमात्र पैमाना होता था फिल्म का लंबी अवधि तक सिनेमा हॉल में चलना। आठ हफ्ते से लेकर पंद्रह हफ्ते यानी 100 दिन फिल्म चल गई तो समझो पैसा वसूल। लो-बजट की फिल्म हुई तो समझिए हो गई हिट। प्रोड्यूसर-डायरेक्टर मार्किट में स्थापित हो गए और फिर 25 हफ्ते यानी सिल्वर जुबली हो गई। सुपर-डुपर फिल्म का मतलब होता था 50 हफ्ते यानी गोल्डन जुबली। साल में चार-पांच फिल्में ही वास्तविक सिल्वर जुबली तक पहुंचतीं थीं। घिसट-घिसट कर जुबली तो कई मना लेतीं। मुगल-ए-आजम, बॉबी, पाकीजा, दुल्हन वही जो पिया मन भाये, अंखियों के झरोखों से आदि अनेक फिल्मों की गोल्डन जुबली कई बड़े शहरों में हुई। राजश्री की लो-बजट राजा और रंक ने बनारस और लखनऊ में एक साल तक खूब धूम मचाई। 1943 में रिलीज हुई बॉम्बे टॉकीज की किस्मत कलकत्ता के रॉक्सी थिएटर में 187 हफ्ते चली। इस रिकॉर्ड को 1980 में शोले ने मुंबई के मिनर्वा में लगातार पांच साल तक चल कर तोड़ा। इससे पहले राजकपूर की बरसात 1951 में दो साल तक चली। के आसिफ की मुगले आजम भी तीन साल तक मुंबई



के मराठा मंदिर में चल गई। फिल्म को हिट बनाने का श्रेय उन लाखों दर्शकों को जाता था जो फिल्म को बार-बार देखते थे। सुना है कि मशहूर पेंटर दिवंगत फिदा हुसैन ने हम आपके हैं कौन 60 मर्तबा देखी थी। इस शताब्दी के उदय के साथ ही सिनेमाहाल बंद होने लगे तो चार से लेकर सात स्क्रीन वाले मल्टीप्लेक्स और सिनेप्लेक्स का जमाना आ गया। फिल्म का रन हद से हद से पांच-छह हफ्ते रहता है। अब तो बस गिना जाता है कि हफ्ते भर का कलेक्शन कितना हुआ। हां, कुछ फिल्में अपवाद भी रहीं, इसमें 1995 में रिलीज हुई दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे ने मुंबई के मराठा मंदिर में 1009 हफ्ते तक लगातार चलाने का रिकॉर्ड बनाया। पिछले साल 20 मार्च 2020 को कोरोना संक्रमण के चलते जब सिनेमा बंद कर दिए गए तो यह फिल्म 1251 हफ्ते चल चुकी थी यानी करीब 24 साल। कोरोना हलका पड़ा तो ये फिर रिलीज हुई और 2023 तक चलती रही अगर कुछ छोटी छोटी रुकावटों को नजरअंदाज किया जाए तो यह कुल 28 साल चली।

– वीर विनोद छाबड़ा

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

# कलकत्ता हाई कोर्ट के दो जजों में टकराव, सभी कार्यवाही पर सुप्रीम रोक, सरकार को नोटिस जारी

नई दिल्ली, एजेंसी



▸▸ आरक्षित श्रेणी प्रमाणपत्र मामला: खंडपीठ द्वारा पारित आदेशों पर भी लगी रोक

सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता हाई कोर्ट के न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय की ओर से साथी न्यायाधीश सौमेन सेन के खिलाफ लगाए गए 'कदाचार' के आरोपों पर स्वतः संज्ञान लिया है। मामले पर आज सुनवाई करते हुए कोर्ट ने बंगाल सरकार को नोटिस भी जारी किया है।

दरअसल, सरकारी मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में आरक्षित श्रेणी के फर्जी प्रमाणपत्र जारी करने और एमबीबीएस उम्मीदवारों के प्रवेश में कथित अनियमितताओं से संबंधित एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के समक्ष सभी कार्यवाही पर रोक लगा दी। एक विशेष सुनवाई में भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, बीआर गवई, सूर्यकांत और अनिरुद्ध बोस की पांच-न्यायाधीशों की पीठ ने मामले में पश्चिम बंगाल सरकार और मूल याचिकाकर्ता को नोटिस जारी किया। कोर्ट ने मामले में एकल-न्यायाधीश पीठ और खंडपीठ द्वारा पारित आदेशों पर भी रोक लगा दी। पीठ ने कहा कि हम इस पर सोमवार को विचार करेंगे।

इससे पहले हाई कोर्ट की खंडपीठ ने इस मामले की सीबीआई जांच के एकल पीठ के आदेश पर रोक लगा दी थी।इसके बाद न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय ने न्यायमूर्ति सौमेन सेन पर राज्य में विशेष राजनीतिक दल के लिए काम करने का आरोप लगाया। दरअसल, इस सप्ताह की शुरुआत में न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय ने बंगाल में सरकारी मेडिकल कालेजों और अस्पतालों में एमबीबीएस उम्मीदवारों के प्रवेश में कथित अनियमितताओं की सीबीआइ जांच का आदेश दिया था।

हालांकि, बंगाल सरकार ने इस आदेश के खिलाफ खंडपीठ का रुख किया, जिसने एकल पीठ के आदेश पर अंतरिम रोक लगाने का आदेश दिया। बाद में न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय ने निर्देश दिया कि खंडपीठ के आदेश के बावजूद सीबीआइ की ओर से जांच जारी रहेगी। न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय ने इसी के साथ अपने आदेश में खंडपीठ का नेतृत्व कर रहे न्यायमूर्ति सौमेन सेन पर बंगाल की एक राजनीतिक पार्टी के लिए काम करने का आरोप लगाया।

## गणतंत्र दिवसः कार्यक्रम में आपत्तिजनक कंटेंट दिखाने पर दो निलंबित


**तिरुवनन्तपुरम।** केरल हाई कोर्ट ने अपने दो अफसरों को बर्खास्त कर दिया है। आरोप है कि इन दोनों अधिकारियों ने गणतंत्र दिवस पर आयोजित हुए कार्यक्रम में केंद्र सरकार के खिलाफ आपत्तिजनक कंटेंट दिखाया था। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस ने घटना की जांच के भी आदेश दिए हैं।

बर्खास्त दोनों अधिकारियों में से एक असिस्टेंट रजिस्ट्रार और दूसरा कोर्ट कीपर है। कोर्ट के रजिस्ट्रार ने बताया कि मामले की जांच के आदेश दिए हैं और दोषियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। दोनों बर्खास्त अधिकारियों को सभी सरकारी सुविधाएं, जिनमें उनका आई कार्ड भी शामिल है फिलहाल लौटाने का निर्देश दिया गया है। चीफ जस्टिस ने रजिस्ट्रार विजिलेंस को घटना की विस्तृत जांच के निर्देश दिए हैं।

# क्षुद्रग्रह रयुगु के नमूनों ने किया पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति का खुलासा

▸▸ वैज्ञानिकों ने कहा-धूमकेतुओं के कारण ही पृथ्वी पर जीवन की हुई उत्पत्ति

नैनीताल कार्यालय




क्षुद्रग्रह 162173 रयुगु, साथ में कार्बनिक अणुओं की तस्वीर।

**अमृत विचार :** पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति के रहस्य का आज भी खुलासा नही हो पाया है, लेकिन इस इस रहस्य की कड़िया जुड़ती नजर आ रही हैं। क्षुद्रग्रह रयुगु से प्राप्त नमूनों से यह जानकारी मिली है कि धूमकेतुओं के कारण ही पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति हुई होगी।

इस खुलासे में जापान के हायाबुसा 2 मिशन ने बड़ी भूमिका निभाई है। जिसने 2018 में स्पिनिंग-टॉप जैसी अंतरिक्ष चट्टान रयुगु की का अध्ययन करने के अलावा उसकी सतह सामग्री धूल, मिट्टी व पत्थर एकत्र करने में लगभग 18 महीने इस पिंड की धरती पर बिताए थे। एकत्र किए नमूने मिलने के बाद वैज्ञानिको ने आगे का अध्ययन किया। जिसे लेकर वैज्ञानिकों का कहना है कि यह नमूने अभूतपूर्व हैं और हमारे सौर मंडल के बारे में जानकारी का नया खजाना साबित हुआ है। जिसमें मिले कार्बनिक पदार्थ महत्वपूर्ण सुराग हैं। जिनसे पता चलता है कि धूमकेतुओं द्वारा ही पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति हुई होगी। वैज्ञनिकों का दावा है कि कार्बनिक अणुओं ने हमारे ग्रह पर जीवन को जन्म दिया, वही प्राचीन धूमकेतुओं द्वारा यहां लाए गए थे।

### पृथ्वी के निकट का क्षुद्रग्रह है रयुगु

क्षुद्रग्रह 162173 रयुगु के नाम से जाना जाता है, जो 870 मीटर चौड़ा है। यह पृथ्वी के निकट का क्षुद्रग्रह है। इसमें सुरक्षात्मक वातावरण का अभाव है। इसका मतलब है कि इसकी सतह सीधे अंतरिक्ष के संपर्क में है और अंतरग्रहीय धूल को खुद में समेटने में सक्षम है। तोहोकू यूनिवर्सिटी ग्रेजुएट स्कूल ऑफ साइंस के सहायक प्रोफेसर मेगुमी मात्सुमोतो के नेतृत्व में यह खोज हुई है। उनका कहना है कि यह कार्बनिक पदार्थ अंतरिक्ष से पृथ्वी पर लाए गए जीवन के छोटे बीजरूपी कण हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह खोज बहुत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। भविष्य में पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ती बताने में आसान करेगी।

## एक नजर

### महाशिवरात्रि पर शिव की 123 फीट ऊंची प्रतिमा का होगा अनावरण



**जाजपुर।** ओडिशा के जाजपुर जिले में 8 मार्च को महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान शिव की 123 फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। प्रतिमा बरहा क्षेत्र विकास परियोजना के तहत बैतरणी नदी के तट पर बरहानाथ मंदिर के पास बनाई जा रही है। श्रद्धालु लिफ्ट या सीढ़ी से चढ़कर भगवान शिव का दर्शन कर सकेंगे।

### ईरानः बंदूकधारियों ने पाकिस्तानी सीमा के पास 9 लोगों को मारा

**तेहरान।** पाकिस्तानी सीमा के पास अज्ञात बंदूकधारियों ने दक्षिणपूर्वी ईरान में नौ विदेशी नागरिकों की हत्या कर दी। किसी भी व्यक्ति या समूह ने सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में गोलीबारी की जिम्मेदारी नहीं ली है। दोनों देशों द्वारा एक दूसरे के इलाकों पर हमले के बाद संबंध सुधारने के प्रयासों के बीच यह मामला सामने आया है। मीडिया रिपोर्टों में शुक्रवार को कहा गया कि दोनों देशों के राजदूतों ने एक-दूसरे की राजधानी में गतिविधियों को फिर से शुरू कर दिया है। बलूच अधिकार ने कहा कि पीड़ित पाकिस्तानी मजदूर थे, जो एक आटो मरम्मत की दुकान पर रहते थे, जहां वे काम करते थे।

# फ्रांस में आपका स्वागत है हमारे दोस्तों

## फ्रांस आने का दिया न्योता, शानदार मेहमान नवाजी के कायल हुए राष्ट्रपति मैक्रों

नई दिल्ली, एजेंसी

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने शनिवार को भारत में अपने शानदार स्वागत के लिए भारतवासियों को धन्यवाद दिया। मैक्रों ने भारतीयों को फ्रांस आने का भी न्योता दिया। फ्रांस में इस साल कई बड़े आयोजन होने हैं, इन्हीं आयोजनों के लिए फ्रांस के राष्ट्रपति ने भारतीयों को फ्रांस आने की बात कही। शुक्रवार को इमैनुएल मैक्रों राष्ट्रपति भवन में आयोजित हुए स्टेट डिनर में भी शामिल हुए।

शनिवार को सोशल मीडिया पर साझा किए एक पोस्ट में फ्रांस के राष्ट्रपति ने लिखा कि 'फ्रांस इस साल पूरी दुनिया का स्वागत करेगा। इस साल द्वितीय विश्व युद्ध की सालगिरह मनाई जाएगी, ओलंपिक और पैरालिंपिक खेलों का आयोजन भी पेरिस में होगा।

इनके साथ फ्रैंकोफोनी सम्मेलन भी होगा। हमारे दोस्तों, आप सभी का स्वागत है।' शुक्रवार शाम में फ्रांस के राष्ट्रपति, भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ दिल्ली की मशहूर निजामुद्दीन औलिया की दरगाह भी गए। इमैनुएल मैक्रों दरगाह में करीब आधा घंटा रुके और इस दौरान उन्होंने दरगाह पर चादर चढाई और कव्वाली का भी आनंद लिया।

दरगाह निजामुद्दीन औलिया में कव्वाली का आनंद लेते फ्रांसीसी राष्ट्रपति का वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। मैक्रों भारत के 75वें गणतंत्र दिवस में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए और उन्होंने शुक्रवार को कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड देखी। इसके बाद शाम में वह राष्ट्रपति भवन में स्टेट डिनर में शामिल हुए। इमैनुएल मैक्रों गुरुवार को दो दिवसीय दौरे पर भारत पहुंचे थे। दौरे के तहत मैक्रों गुरुवार दोपहर में जयपुर पहुंचे। इसके बाद शाम में मैक्रों और पीएम मोदी ने जयपुर में रोड शो किया।



### अंतर्राष्ट्रीय कानून का पालन पर दिया जोर

गुरुवार को जयपुर में दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय बैठक हुई। शुक्रवार शाम में दोनों नेताओं के बीच हुई मुलाकात को लेकर संयुक्त बयान जारी किया गया। जिसमें दोनों नेताओं ने लाल सागर में नेविगेशन की आजादी और अंतर्राष्ट्रीय कानून का पालन करने पर जोर दिया।

### भारत को गणतंत्र दिवस की बधाई, तनाव के बीच मुइज्जू का आया बयान

**माले।** गणतंत्र दिवस के मौके पर मालदीव ने भारत को शुभकामना संदेश भेजा। यह इस मायने में अहम है क्योंकि बीते कुछ हफ्ते से भारत और मालदीव के रिश्ते पहले की तरह सामान्य नहीं हैं। 26 जनवरी को मालदीव की तरफ से जारी बयान में सदियों की दोस्ती, आपसी सम्मान और रिश्तेदारी की गहरी भावना का जिक्र किया गया। राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने मालदीव की सरकार और जनता की ओर से भारत सरकार और जनता का अभिवादन किया। उन्होंने कहा कि भारत और मालदीव के संबंधों की जान सदियों पुरानी दोस्ती है। उन्होंने कहा कि आपसी सम्मान और रिश्तेदारी की गहरी भावना दोनों देशों के रिश्तों को मजबूत बनाने का काम करती है। मुइज्जू के कार्यालय की तरफ से जारी बयान के मुताबिक राष्ट्रपति ने भारतीय समकक्ष द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी को अलग-अलग बधाई संदेश भेजे।

## मानहानि मामलाः ट्रंप को झटका, 83 मिलियन डॉलर चुकाएंगे हर्जाना



**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। लेखिका ई. जीन कैरोल से दुष्कर्म एवं मानहानि मामले में उनको अब 83.3 मिलियन डॉलर का हर्जाना चुकानाा होगा। दरअसल, ट्रंप ने गुरुवार को न्यूयार्क की संघीय अदालत में गवाही दी, लेकिन वह बयान दर्ज कराने के दौरान नाराज हो गए और कोर्ट रूम से बाहर चले गए।

उनका आरोप था कि लेखिका के यौन शोषण के आरोपों का खंडन करने का केवल तीन मिनट मौका दिया गया। हालांकि, शुक्रवार को उनकी इस मामले में अंतिम सुनवाई होनी थी। ट्रम्प का दावा है कि उन्होंने कैरोल के बारे में कभी नहीं सुना था। उन्होंने बताया कि कैरोल ने झूठी कहानी बनाई थी। उनके वकीलों ने कहा कि कैरोल प्रसिद्धि की भूखी थी और अपनी दुश्मनी होने के चलते खिलाफ बोलने के कारण वह समर्थकों का ध्यान आकर्षित करती थी।

# अदन की खाड़ी में जहाज पर हमला, 22 भारतीय क्रू सवार



लाल सागर में हमले के बाद तेल टैंकर मार्लिन लुआंडा में उठता धुंआ।

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ भारतीय नौसेना ने कहा आईएनएस विशाखापट्टनम किया गया तैनात

भारतीय नौसेना ने शनिवार को बताया कि अदन की खाड़ी में एमवी मार्लिन लुआंडा पर हमले के बाद आईएनएस विशाखापट्टनम को तैनात किया गया है, जो मिसाइल गाइडेड विध्वंसक है। इससे पहले मार्शल आइलैंड्स के ध्वज वाले मार्लिन लुआंडा ने एक संकट कॉल जारी की थी और क्षति की सूचना दी थी।

भारतीय नौसेना ने कहा कि 26 जनवरी की रात को एमवी मार्लिन लुआंडा का एक संकट कॉल मिला था, जिसपर कार्रवाई करते हुए अदन की घाड़ी में आईएनएस विशाखापट्टनम को तैनात कर दिया गया है। नौसेना ने बताया कि संकटग्रस्त मर्चेंट वेसल को मदद पहुंचाई जा रही है। उन्होंने बताया कि आईएनएस विशाखापट्टनम द्वारा तैनात अग्निशमन उपकरणों के साथ मर्चेंट वेसल पर सहायता भेजा जा रहा है। भारतीय नौसेना ने बताया कि इस मर्चेंट शिप में 22 भारतीय और एक बांग्लादेशी चालक दल के सदस्य सवार हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना शिप की सुरक्षा और समुद्र में लोगों की जान बचाने के लिए सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## नवाज ने जारी किया घोषणा पत्र, कश्मीर मुद्दा भी शामिल

**लाहौर।** पाकिस्तान में आठ फरवरी को होने वाले चुनाव से पहले नवाज शरीफ ने शनिवार को पार्टी का चुनावी घोषणापत्र जारी किया है। इसमें अन्य वादों के साथ ही भारत से शांति स्थापित करने की कही गई है।

पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज पार्टी के घोषणा पत्र में कहा गया है कि उसकी पार्टी भारत सहित अन्य देशों को शांति का संदेश भेजेगी। हालांकि, इसमें कहा गया है कि भारत को कश्मीर पर अगस्त 2019 में लिए गए अपने फैसले को वापस लेना होगा। इसके अलावा घोषणापत्र में देश की आर्थिक स्थिति सुधारने के साथ ही आतंक के खिलाफ शून्य सहिष्णुता की नीति अपनाने की बात कही गई है। घोषणा पत्र को 'पाकिस्तान को नवाज' दो नाम दिया गया है।

### सड़क पर उतरे किसान...



**फ्रांस :** 70 हजार से अधिक किसानों ने सरकार की नीतियों पर असंतोष जताते हुए पूरे देश में शुक्रवार को बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया। किसान अपने 41 हजार से अधिक ट्रैक्टर लेकर शामिल हुए थे। बता दें, किसानों का विरोध प्रदर्शन देश के 96 महानगरीय में से 85 तक फैल गया है। उन्होंने कहा कि सरकार की किसान विरोधी नीतियां उन्हें अप्रतिस्पर्धी बनाती हैं। ● एजेंसी

## चीन ने ताइवान पर बढ़ाया दबाव, 33 विमान किए तैनात

**ताइपे।** चीन ने ताइवान पर दबाव बढ़ा दिया है। उसने इस द्वीपीय क्षेत्र को धमकाने के लिए 33 लड़ाकू विमान और छह युद्धपोत भेजे। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। चीन ने सैन्य दबाव ऐसे समय बढ़ाया है, जब थाइलैंड में अमेरिका और चीन के प्रतिनिधियों की मुलाकात होने वाली है।

चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी ने शुक्रवार सुबह से शनिवार सुबह छह बजे तक एसयू-30 लड़ाकू विमान समेत 33 विमान और छह युद्धपोत भेजे। ताइवान स्ट्रेट की मध्य रेखा द्वीप और चीन के बीच अनाधिकारिक सीमा मानी जाती है। चीन द्वीपीय क्षेत्र ताइवान को अपना मानता है और इसे धमकाने के लिए लड़ाकू विमान और युद्धपोत भेजता रहता है।

# जरांगे से मिले शिंदे, समाप्त की भूख हड़ताल

▸▸ आरक्षण आंदोलन: शिंदे ने कहा जो वादा किया था उसे निभा दिया आपकी जीत हुई

नई दिल्ली, एजेंसी



मनोज जरांगे पाटिल को जूस पिलाकर अनशन तुड़वाते सीएम एकनाथ शिंदे।

महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण की मांग को लेकर चल रहा विरोध समाप्त हो गया है। आंदोलन की अगुवाई कर रहे मनोज जरांगे ने शनिवार को राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में आरक्षण को लेकर किए जा रहे अनशन को खत्म कर दिया।

जरांगे की सभा को संबोधित करते हुए सीएम शिंदे ने कहा कि मैंने जो वादा किया था, वो निभाया है। जरांगे का धरना खत्म होते ही महाराष्ट्र सरकर ने मराठा समुदाय के लोगों के रक्त संबंधियों को कुनबी की मान्यता देने के लिए एक अधिसूचना जारी की है। यह अधिसूचना उनके लिए लागू होगी जिनके पास कुनबी जाति के रिकॉर्ड पाए गए हैं। पिछले साल दिसंबर में मनोज ने सरकार को चेतावनी दी कि 20 जनवरी, 2024 तक आरक्षण दिया जाए अन्यथा वह मुंबई की ओर मार्च का नेतृत्व करेंगे। 20 जनवरी 2024 को अपना मार्च शुरू भी कर किया। 27 जनवरी को सीएम एकनाथ शिंदे ने मनोज जरांगे से मुलाकात की और दोनों के बीच मसौदा अध्यादेश को लेकर चर्चा हुई। सीएम ने मनोज को जूस पिलाकर उनका अनशन तोड़ा जो लंबे समय से सभी मराठों के लिए कुनबी प्रमाण पत्र की मांग कर रहे थे। इसी बीच, महाराष्ट्र सरकार ने मराठा समुदाय के सदस्यों के रक्त सबंधियों को कुनबी की मान्यता देने के लिए एक अधिसूचना जारी की है। आंदोलन की अगुवाई कर रहे मनोज जारांगे पाटिल मूलतः बीड जिले के रहने वाले हैं। मटोरी गांव में जन्मे मनोज ने 12वीं तक पढ़ाई की है। आजीविका के लिए बीड से जालना आ गए। यहां एक होटल में काम करते हुए सामाजिक कार्य शुरू किए।

## ईडी ने पूछताछ के लिए हेमंत सोरेन को भेजा 10वां समन



**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को कथित भूमि घोटाला मामले में पूछताछ के लिए एक चिट्ठी लिखी है। उन्होंने सीएम सोरेन को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए 29 या 31 जनवरी को तारीख देने को कहा है। सूत्रों के अनुसार, अन्यथा एजेंसी खुद पूछताछ करने के लिए जाएगी। ईडी की तरफ से हेमंत सोरेन को अबतक नौ समन जारी किया गया है। आठवें समन में उनसे 6 जनवरी से 20 जनवरी तक पूछताछ के लिए पेश होने को कहा था। इस पर हेमंत सोरेन ने 20 जनवरी को ईडी को उनके आवास पर पूछताछ के लिए आने को कहा था।

# गाजा नरसंहार : आईसीजे के फैसले ने हमें सही साबित किया

जोहान्सबर्ग, एजेंसी

▸▸ संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष कोर्ट के आदेश देने से मना करने पर बाले दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सरिल

इजराइल लगातार गाजा स्थित हमास के ठिकानों को निशाना बना रहा है। हमास और इजराइल युद्ध को लेकर दुनिया दो भागों में बंट गई है। जहां एक तरफ कई देश गाजा की पैरवी कर रहे है तो वहीं इजराइल की हितैषी देशों की संख्या में भी कोई कमी नहीं है। दोनों के बीच चल रहे युद्ध को लेकर संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत में सुनवाई हुई।

दक्षिण अफ्रीका ने अदालत से आग्रह किया था कि वह इजराइल को हमास आतंकवादियों के खिलाफ अपने सैन्य कार्रवाई को रोकने के आदेश दें। हालांकि कोर्ट ने इस तरह के आदेश देने से मना कर दिया है। गौरतलब है कि सुनवाई के दौरान इजराइल को सैन्य हमले के दौरान मौत और क्षति को कम करने की हिदायत दी गई है। इस फैसले को लेकर दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने कहा कि फलस्तीनियों और न्याय सुरक्षा की दिशा में यह एक खास कदम है।

### 24 घंटे में 11 आतंकियों को उतारा मौत के घाट

**यरुशलम।** इजराइली सेना ने दावा किया है कि उन्होंने 24 घंटे के दौरान 11 आतंकियों को मार गिराया है। सेना ने शनिवार को कहा कि इजराइल के विमानों, टैंकों और सेना के जवानों ने गाजा के खान यूनिस में पिछले 24 घंटों के दौरान हमले तेज किए। इस हमले में लगभग 11 आतंकवादियों को मार गिराया गया है। सेना कहा हमास ने सैनिकों के पास विस्फोटक लगाने की कोशिश की थे और अन्य सैनिकों पर राइफल और रॉकेट दाग रहे थे।

**अंकुश** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय का 31 मार्च तक भीड़ वाले सभी टोल प्लाजा एआई से लैस करने का लक्ष्य

# एआई से रुकेगी टोल प्लाजा पर हो रही धांधली

नई दिल्ली, एजेंसी



एनएचएआई (राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण) टोल प्लाजा पर हो रही धांधली अब एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) से रोकेगा। अगले महीने से पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर दर्जन भर से अधिक टोल पर ट्रायल शुरू होने जा रहा है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय का लक्ष्य है कि 31 मार्च तक भीड़ वाले सभी टोल प्लाजा एआई से लैस कर दिए जाएं।

मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि टोल नाके पर 100 मीटर से अधिक लंबी कतार है तो इस दायरे के बाद खड़े वाहनों से टोल नहीं वसूला जाएगा। इसके लिए 100 मीटर से पहले एक यलो मार्किंग होती है। दूसरा नियम है कि टोल कटने में 10 सेकंड से अधिक का समय लगता है तो टोल नहीं देना होगा। लेकिन इन नियमों का पालन नहीं हो रहा है। टोल कर्मी बिना टोल के वाहन नहीं जाने देते। इसलिए एआई के जरिए टोल के नियमों का पालन कराया जाएगा।

ग्रीन सिग्नल मिलेगा 100 मीटर से अधिक दूरी पर खड़े वाहन को टोल गेट पर ग्रीन सिग्नल दिखेगा।

ऐसे में वाहन के फास्ट टैग से पैसे नहीं करेंगे। इसी तरह यदि टोल 10 सेकंड में नहीं कटा तो बैरियर स्वयं ऊपर हो जाएगा और ग्रीन सिग्नल वाहनों को मिलेगा मंत्रालय के एक अधिकारी का कहना है कि यदि टोल कर्मी बैरियर को मैनुअली डाउन करे तो टोल कटेगा, कटेगा, लेकिन एआई से टोल ट्रांजेक्शन रिवर्ट फाइल में दर्ज हो जाएगा। 12 से 24 घंटे के अंदर टोल रकम, फास्ट टैग वालेट में जमा हो जाएगी।

### टोल के पास घर तो पास की नहीं होगी जरूरत




टोल नाके से 150 मीटर के आसपास जिनके घर हैं, उन्हें टोल से छूट के लिए मासिक पास मिलता है। उन्हें पास की जरूरत नहीं पड़ेगी। उनके वाहन नंबर डाटा में दर्ज हो जाएंगे और उसका भुगतान महीने में एक बार ही कट जाएगा।

# सोमनाथ मंदिर के पास की भूमि कराई खाली, 21 घर गिराए

गिर सोमनाथ, एजेंसी



▸▸ गुजरात में अतिक्रमण विरोधी अभियान 53 झोपड़ियां हटाईं

गुजरात के गिर सोमनाथ जिले में सोमनाथ मंदिर के पीछे मंदिर ट्रस्ट और राज्य सरकार की तीन हेक्टेयर भूमि को खाली करने के लिए अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया है। श्री सोमनाथ ट्रस्ट की जमीन को खाली कराने के लिए अनधिकृत रूप से बने करीब 21 घरों और 153 झोपड़ियों को गिराया गया।

घरों और झोपड़ियों को गिराने का अभियान शनिवार की सुबह शुरू हो गया। इस दौरान मामलतदार और 100 राजस्व अधिकारी भी मौजूद थे। इलाके में सुचारू रूप से अभियान चलाने के लिए भारी पुलिसकर्मियों की भी तैनाती की गई थी। राजस्व विभाग से जारी नोटिस के अनुसार, भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने के बाद वहां बाड़ लगाई जाएगी। सोमनाथ मंदिर अरब सागर के तट पर वेरावल शहर के पास प्रभास पाटन में स्थित है। ऐसा माना जाता है कि यह भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंग मंदिरों में से पहला है। यह एक प्रमुख तीर्थस्थल है।

जिला कलेक्टर ने कहा, हमने अनधिकृत रूप से बने घरों को गिराने का काम शुरू कर दिया है। इसे बाड़ लगाकर सुरक्षित किया जाएगा। इस अभियान से पहले हमने अतिक्रमणकारियों के प्रतिनिधियों के साथ 25 जनवरी को बैठक की और पूरी प्रक्रिया पर विस्तार से बात की।